बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


गुरुवार, 2 मई 2024
वर्ष-34, अंक-95, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ


एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना 16
अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555



हे राम.. स्वीकारो मेरा प्रणाम : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन के दौरान भावुक दिखीं। दर्शन करते समय हाथ जोड़े वह रामलला को अपलक निहारती रहीं। इस दौरान उनकी विनम्रता, शालीनता व सादगी देखते ही बन रही थी। अमृत विचार

# बना रिकॉर्ड, जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से ऐसा हुआ है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4%) और आयात (8.3%) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया। जीएसटी मार्च में 1.78 लाख करोड़ से अधिक रहा जबकि अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ था। वित्त मंत्रालय के मुताबिक गत माह केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रहा। एकीकृत जीएसटी 99,623 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 37,826 करोड़ रुपये शामिल हैं। अप्रैल में कुल उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1,008 करोड़ रुपये भी हैं। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 50,307 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी के लिए 41,600 करोड़ रुपये का निपटान किया।

डेलॉयट इंडिया में साझेदार महेश जयसिंह ने कहा कि जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी होने से प्रणाली में दूसरे दौर के सुधारों की दिशा में बढ़ने का मंच तैयार हो गया है। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज में साझेदार विवेक जालान ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में इसका औसत मासिक संग्रह करीब 0.90 लाख करोड़ था लेकिन अब यह 2.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है।



- घरेलू लेन-देन व आयात में मजबूत वृद्धि से अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये का संग्रह

### आर्थिक गतिविधियों में तेजी और दक्ष कर संग्रह से यह संभव हुआ : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और कर संग्रह में दक्षता के दम पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। सीतारमण ने 'एक्स' पर इस मील के पत्थर को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय और राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 'ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों' की सराहना की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में मजबूत गतिविधियां और कुशल कर संग्रह की बदौलत जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। घरेलू लेनदेन और आयात में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बीते साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये था।

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की दर 19 रुपये घटी




नई दिल्ली। विमान ईंधन की कीमत में बुधवार को मामूली 0.7% की वृद्धि के साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 19 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। दिल्ली में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 749.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 0.7% बढ़कर 101,642.88 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने 19 किग्रा वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 19 रुपये घटाकर 1,745.50 रुपये कर दी। इस सिलेंडर की कीमत में एक अप्रैल को 30.5 रुपये की कटौती हुई थी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये ही है।

### अब्बास अंसारी को जमानत देने से हाईकोर्ट का इनकार

विधि संवाददाता, लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने चित्रकूट जेल कांड मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने बुधवार को पारित किया। इसके पूर्व न्यायालय ने अब्बास अंसारी और राज्य सरकार के वकीलों की बहस सुनने के पश्चात 24 अप्रैल को मामले में निर्णय सुरक्षित कर लिया था। मामले में अब्बास के साथ चित्रकूट जेल के अधिकारी व अब्बास की पत्नी निखत बानो को अभियुक्त बनाया गया था।

# दिल्ली-एनसीआर में 130 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## ईमेल के जरिए मिली धमकी से छात्रों-अभिभावकों में दहशत, रूस से भेजे जाने का संदेह

नई दिल्ली/नोएडा, एजेंसी

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में करीब 130 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल से मिली धमकी के बाद बुधवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच में उन्हें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि यह धमकी एक अफवाह प्रतीत होती है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि स्कूलों को जो ईमेल मिला है, वह एक ही स्रोत से भेजा गया है जिसका मकसद दहशत फैलाना था। उन्होंने कहा कि इसके रूस से भेजे जाने का संदेह है। उन्होंने कहा कि यह भी हो सकता है कि दोषियों ने डार्क नेट का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा ली हो।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस आईपीसी के कड़े प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सकती है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, उसे बुधवार दोपहर 12 बजे तक विभिन्न स्कूलों से ऐसे 97 फोन कॉल आए जिनमें बम रखे होने की धमकी की जानकारी दी गई थी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के कई निजी स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने सभी स्कूलों की गहन जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।



डीपीएस को बम से उड़ाने की धमकी के बाद निरीक्षण करते सुरक्षाकर्मी।

- गृह मंत्रालय ने कहा- सभी स्कूलों को एक ही स्रोत से भेजे गए ईमेल

### धमकी के पीछे आईएस का हाथ होने का संदेह

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस को स्कूलों में बम की धमकी के पीछे आईएस का हाथ होने का संदेह है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इसके लिए जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में लोकसभा चुनाव के दौरान आतंकवादी संगठन आईएस द्वारा गहरी साजिश का संकेत मिला है। 130 से अधिक स्कूलों को बुधवार तड़के ईमेल द्वारा बम की धमकी मिली, जिससे बड़े पैमाने पर निकासी और तलाशी शुरू हो गई। पुलिस और बम स्क्वायड ने तत्काल ही स्कूलों को खाली कराया। कई स्कूलों में परीक्षा भी थी, जिसे स्थगित कर दिया गया। अभिभावकों को जैसे ही धमकी के बारे में पता चला, घरों में दहशत फैल गयी और घबराए माता-पिता आनन-फानन में अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूल पहुंचे।

### बिहार राजभवन को भी धमकी, बढ़ी सुरक्षा

पटना। बिहार के राजभवन में बम की सूचना वाले ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि राजभवन में जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला। मंगलवार सुबह राजभवन और बिहार पुलिस को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें राज्यपाल के आवास में बम की जानकारी है, जो अफवाह रहा।

### लखनऊ के एमिटी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

लखनऊ। वृन्दावन योजना सेक्टर आठ स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने धमकी मिली जो जांच में फर्जी निकली। बम स्क्वायड व पुलिस ने बच्चों को बाहर निकालकर सर्च ऑपरेशन चलाया। डीसीपी पूर्व प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में बम से उड़ाने का मेल स्कूल के आइडी पर आया था।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोविशील्ड का मामला

# विशेषज्ञ समिति से कराई जाए दुष्प्रभावों की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर कर कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम कारकों की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में चिकित्सा विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया। याचिका के अनुसार, ब्रिटेन मुख्यालय वाली दवा कंपनी 'एस्ट्राजेनेका' ने कहा है कि कोविड-19 के खिलाफ उसका टीका बहुत दुर्लभ मामलों में कम प्लेटलेट काउंट और रक्त के थक्के बनने का कारण बन सकता है। इस टीके को भारत में कोविशील्ड के रूप में लाइसेंस के तहत बनाया गया था।



वकील विशाल तिवारी की ओर से दायर याचिका में केंद्र को उन लोगों को मुआवजे के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है, जो गंभीर रूप से दिव्यांग हैं या जिनकी कोविड के दौरान लगाए गए टीके के किसी भी दुष्प्रभाव के कारण मृत्यु हो गई है। दावा किया गया है कि एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन और थ्रोम्बोसिस के बीच थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ संबंध को स्वीकार किया है, जिसमें असामान्य रूप से प्लेटलेट्स का स्तर कम होता है और रक्त के थक्के बनते हैं। याचिका में कहा गया है कि कोविड-19 के बाद दिल का दौरा पड़ने और व्यक्तियों के बेहोश होने से मौत के मामलों में वृद्धि हुई है। युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं।

### अखिलेश ने उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर एक वैक्सीन निर्माता से राजनीतिक चंदा वसूलने के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की।

### मामले में स्पष्टीकरण दे केंद्र सरकार : राजीव शुक्ला

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार कोविशील्ड वैक्सीन प्रकरण पर तत्काल स्पष्टीकरण दे।

# डीआरडीओ ने किया 'स्मार्ट' का सफलतापूर्वक परीक्षण

## मिसाइल प्रणाली से बढ़ेगी नौसेना की पनडुब्बीरोधी क्षमता

भुवनेश्वर। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार सुबह ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार 'स्मार्ट' अगली पीढ़ी की मिसाइल-आधारित हल्का टॉरपीडो वितरण प्रणाली है, जिसे नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को हल्के टॉरपीडो की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक बढ़ाने के लिए डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह प्रणाली नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को बढ़ायेगी। इस कनस्तर-आधारित मिसाइल प्रणाली में कई उन्नत उप-प्रणालियां शामिल हैं। पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल प्रणाली बेहद अहम साबित होने वाला है।



# बिना सुरक्षा सीवर में उतरे पिता-पुत्र की मौत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : जानकीपुरम में बीते गुरुवार को सीवर के खुले मैनहोल में गिरने से बच्चे की मौत के बाद भी जिम्मेदार विभाग नींद में ही हैं। जल निगम की लापरवाही से बुधवार को रेजीडेंसी के पास बिना सुरक्षा उपकरण सीवर लाइन में उतरे पिता-पुत्र की दम घुटने से मौत हो गई।

केके स्पन नामक कंपनी अमृत योजना के तहत बनाए गए सीवर लाइन की रेजीडेंसी के पास टेस्टिंग कर रही थी। सफाई के लिए कंपनी ने दोपहर लगभग 3:30 बजे बिना सुरक्षा उपकरण दो मजदूरों को सीवर लाइन के मैनहोल में उतार दिया। दम घुटने से कर्मचारी बेहोश होकर सीवर लाइन में गिर गए। इससे वहां अफरातफरी मच गई। लोगों की भीड़ जमा हो गई। बचाव दल ने दोनों मजदूरों को लगभग एक घंटे बाद बाहर निकालकर एक को बलरामपुर अस्पताल और दूसरे को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर पहुंचाया।



शोबरन



सुशील

इलाज के दौरान चिकित्सा दल ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शोबरन और सुशील यादव पिता-पुत्र थे। दोनों ग्राम सरवरपुर, पोस्ट सहजलालपुर, थाना कमलापुर, जिला सीतापुर के निवासी थे। वहीं इस मामले में जल निगम के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार मिश्र ने प्रमुख सचिव गृह को पत्र भेजकर कहा है कि दोषी कंपनी केके स्पन पर विधिक कार्रवाई की जा रही। जबकि प्रथम दृष्टया दोषी दो अभियंताओं को निलंबित किया गया है।

मृतकों के परिजनों को निर्धारित मुआवजा दिलाने की वैधानिक प्रक्रिया भी की जा रही है। वहीं, इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया जल निगम प्रशासन के प्रार्थनापत्र पर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश दीक्षित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### सहायक व अवर अभियंता निलंबित

सीवर में दो मजदूरों के मरने की घटना में लापरवाही बरतने पर जल निगम के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर मुख्य अभियंता अरुण कुमार ने दो अभियंताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड तृतीय के सहायक अभियंता मुनीश अली और अवर अभियंता गुडलक वर्मा शामिल हैं।

- रेजीडेंसी के पास सीवर लाइन में दम घुटने से हो गए थे बेहोश
- एक घंटे बाद बचाव दल ने बाहर निकाला
- केके स्पन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- दावा : पंजाबी गायक मूसेवाला हत्याकांड में था मुख्य आरोपी

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ की कथित तौर पर अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित होटल फेयरमाउंट में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एक अमेरिकी समाचारपत्र के अनुसार मंगलवार की शाम 5.25 बजे अज्ञात हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। बाद में इसकी जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भारत सरकार ने बराड़ पर यूएपीए लगा रखा है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है। वह भारत में कई बड़े अपराधों में शामिल है। लंबे समय से बराड़ के कनाडा में होने की बात मानी जा रही थी। साल 2019 में बराड़ स्टूडेंट वीजा पर पढ़ाई करने के लिए कनाडा गया था। वह कनाडा के 25 मोस्टवांटेडों में शामिल था। भारत के कई नेताओं को धमकी भरे फोन कॉल करने, फिरौती और हत्याओं के दावों को पोस्ट करने में भी आरोपी है।

# चंद्रमा पर दोहन करने योग्य गहराई में और जमा हुआ जल : इसरो

बेंगलुरु, एजेंसी।

चंद्रमा के ध्रुवीय गड्ढों में बर्फ के रूप में पानी की अधिक मात्रा हो सकती है इसका पता एक अध्ययन से चला है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी।

इसरो ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि यह अध्ययन अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी)/इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर, दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के शोधकर्ताओं के सहयोग से किया गया। अध्ययन से पता चलता है कि पहले कुछ मीटर में उपसतह बर्फ की मात्रा दोनों ध्रुवों की सतह पर मौजूद बर्फ की तुलना में लगभग पांच से आठ गुना अधिक है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि ऐसे में बर्फ का नमूना लेने या दोहन करने के लिए चंद्रमा पर खुदाई भविष्य के मिशन और दीर्घकालिक मानव उपस्थिति के लिए अहम होगी।



अध्ययन से यह भी पता चलता है कि उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में बर्फ के रूप में पानी की मात्रा दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र की तुलना में दोगुनी है।'' इसमें कहा गया कि इस बर्फ की उत्पत्ति के लिए अध्ययन इस परिकल्पना की पुष्टि करता है कि चंद्रमा के ध्रुवों में उपसतह जल बर्फ का प्राथमिक स्रोत इम्ब्रियन काल में ज्वालामुखी के दौरान निकलने वाली गैस है।

## सलमान के घर फायरिंग के आरोपी ने की आत्महत्या

मुंबई, एजेंसीः बॉलीवुड स्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने गोलीबारी करने के एक आरोपी ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के हवालात में बुधवार को आत्महत्या करने की कोशिश और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी 23 वर्षीय अनुज थापन ने हवालात के शौचालय में चादर से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। थापन को सरकारी जीटी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में दुर्घटना से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# मई में उत्तर भारत में पड़ेगी सामान्य से अधिक गर्मी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और दो से चार दिन लू चल सकती है।

आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल माध्यम से संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केवल पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उनके मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत में पारा सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। इसी तरह उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, गंगा के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है। महापात्र ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर राजस्थान समेत अन्य क्षेत्रों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, प. बंगाल, झारखंड और बिहार समेत अन्य इलाकों में लगभग दो से चार दिन लू चल सकती है।

### आईएमडी का अलर्ट




- दिल्ली, यूपी सहित कई राज्यों में लू चलने से बढ़ेगी परेशानी
- न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने का अनुमान

### देशभर में सामान्य बारिश का अनुमान

आईएमडी प्रमुख ने बताया कि मई 2024 में देश भर में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक और शेष भागों में सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना है। मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना और तमिलनाडु में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बंगाल, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्से, आंध्र प्रदेश और केरल में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।









## एक नजर

### प्रियंका गांधी कल फतेहपुर सीकरी में करेंगी रोड शो



अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 3 मई को फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगी और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी राम नाथ सिकरवार के समर्थन में वोट मांगेंगी। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय ने बताया कि प्रियंका आगरा के फतेहाबाद में आयोजित रोड शो में शामिल होंगी। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

### 8317 बिना लाइसेंसी शस्त्र सीज, 4694 लाइसेंस निरस्त

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा की गई कार्रवाई में 16 मार्च से 30 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4694 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,27,735 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस जारी किया गया है, जिनमें से 22,36,435 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8317 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8384 कारतूस, 2900 .32 किलोग्राम विस्फोटक व 455 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3559 केंद्रों पर रेड डाली गई और 157 केंद्रों को सीज किया गया।

# शिक्षकों को इसी माह से टैबलेट पर लगानी होगी हाजिरी

## सभी बीएसए को सिम व डाटा खरीदने संबंधी आदेश जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित सभी प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से अपनी उपस्थिति इसी माह से देनी होगी। टैबलेट के लिए सिम और डाटा की व्यवस्था बीएसए करेंगे।

शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। बीएसए को अपने-अपने जिले में बेहतर नेटवर्क वाली कंपनियों के सिम स्कूलों में खरीदकर देने होंगे। शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से ही कार्य करना होगा। बता दें कि पूरे प्रदेश भर के स्कूलों में सवा दो लाख से अधिक टैबलेट का वितरण पिछले ही सत्र में किया जा चुका है। लेकिन शिक्षक लगातार विभाग से सिम और डाटा की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि इसका बजट नहीं मिलेगा, कैसे काम होगा। जब शिक्षा महानिदेशक ने ग्रांट से सिम और डाटा खरीने की अनुमति दे दी तो भी शिक्षकों ने सिम नहीं खरीदे। अब ग्रांट के माध्यम से विभाग ने खुद सिम और डाटा खरीदकर देने का आदेश जारी किया है।

▸▸ क्षेत्र में नेटवर्क के हिसाब से सिम खरीदकर भेजे जाएंगे विद्यालय



### डिब्बे में बंद टैबलेट

शिक्षकों ने टैबलेट का विरोध करने के जो तीन कारण बताये हैं, उसके चलते बहुत से विद्यालयों में टैबलेट अभी भी डिब्बे में ही बंद है और जहां भी टैबलेट का संचालन शुरू हुआ, वहां शिक्षक अपनी उपस्थित दर्ज नहीं करते हैं, सिर्फ बच्चों की उपस्थिति दर्ज करते हैं। बाकी स्कूल से जुड़े अन्य ऑनलाइन काम करते हैं। ऐसे में विभाग ने अब टैबलेट संचालन में शिक्षकों की जितनी भी समस्याएं थीं, उनको समाप्त करने का निर्णय लिया है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों को नामांकन के आधार पर 5 श्रेणी में वर्गीकृत करते हुये कम्पोजिट स्कूल ग्रांट की स्वीकृति दी गयी है।

कम्पोजिट स्कूल ग्रांट के लिए स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष टैबलेट सिम और डाटा के लिए दो माह की धनराशि जिलेवार दी गई है। ऐसे में सभी बीएसए को टैबलेट्स के संचालन के लिए सिम कार्ड व डाटा की व्यवस्था स्कूल ग्रांट से तत्काल करनी होगी।

### 10 प्रतिशत शिक्षक दर्ज करा रहे उपस्थिति

इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बताते हैं कि अभी भी शिक्षकों की समय से उपस्थिति चुनौती बन रही है। कई बार कार्रवाई होने के बाद भी जब सुधार नहीं हो रहा है तो विभाग के इस निर्णय से अब टैबलेट का संचालन करना आसान होगा। वहीं बीएसए राम प्रवेश ने बताया कि 10 प्रतिशत शिक्षकों ने स्वेच्छा से उपस्थिति दर्ज करानी शुरू कर दी है।

> सिम कार्ड एवं इंटरनेट की सुविधा के लिए स्कूल ग्रांट से 1 टैबलेट के लिए अधिकतम 2400 रुपये और दो टैबलेट के लिए प्रति स्कूल 4800 रुपये धनराशि तय की गई है। सिम की खरीददारी क्रय स्थानीय स्तर पर मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए किया जायेगा। इस संबंध में बीते 15 अप्रैल को भी एक आदेश पूरी गाइडलाइन के साथ जारी किया गया है।
>
> -कंचन वर्मा, स्कूल शिक्षा महानिदेशक

### सपा नेता तनवीर फातिमा रालोद में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी की महिला नेता तनवीर फातिमा ने बुधवार को सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं के साथ रालोद की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय व राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं का स्वागत करते हुए एनडीए प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया।

महिला विंग नारी शक्ति संगठन की प्रदेश महासचिव शालिनी सिंह ने कहा कि जिलों में मातृशक्ति को पार्टी से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। साथ ही भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम चलाया जाए।

# आतंक का कारण बनीं कांग्रेस की नीतियां

## योगी बोले- कांग्रेस दिशाहीन थी, अब नेतृत्वविहीन भी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ कांग्रेस के नेताओं ने लगातार सनातन को बदनाम करने के प्रयास किए

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुर्भाग्य से कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद दिशाहीन और आज नेतृत्वविहीन भी हो गई है। उन्होंने कहा, दिशाहीनता का ही दुष्परिणाम है कि कांग्रेस के तमाम नेताओं ने लगातार भारत की सभ्यता, संस्कृति को कोसने, अपमानित करने और सनातन को हर प्रकार से बदनाम करने के कुत्सित प्रयास किए हैं। कांग्रेस की नीतियां देश के अंदर नक्सलवाद और आतंकवाद का कारण बनीं।

मुख्यमंत्री बुधवार को महाराष्ट्र दौरे पर जाने से पहले अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा कि कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति देश के विभाजन का कारण बनी थी। यह दिखाता है कि कांग्रेस नेतृत्व भारत की सनातन संस्कृति व परंपरा को अपमानित और कठघरे में खड़ा करके उन लोगों के हाथ की कठपुतली बनी हुई थी, जो देश के विभाजन के कारक थे। योगी के मुताबिक, जिन लोगों ने भारत व भारतीयता को हमेशा कोसा है और उसकी अपूर्णीय क्षति की है। कांग्रेस लगातार उनके हाथों में खेलते हुए भारत को अपमानित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश के अंदर सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है। आतंकवाद की जड़ जम्मू-कश्मीर में धारा-370 को प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पूरी तरह समाप्त करते हुए क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया। पूर्वोत्तर के राज्यों के उग्रवाद व अराजकता को नियंत्रित करते हुए उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने में सफलता प्राप्त हुई।

# इस बार चुनाव में आएंगे चौंकाने वाले परिणाम

## पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा, भाजपा में वरिष्ठ नेताओं की हो रही उपेक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि इस बार चुनाव में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। देश की जनता इस बार कांग्रेस को जिताएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी, वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व अन्य नेताओं की उपेक्षा हो रही है। इसी कारण मतदान प्रतिशत कम हो रहा है।



प्रदेश पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला।

पूर्व केंद्रीय मंत्री बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पहले चार सौ पार की बात करता था, पर दो चरणों के मतदान के बाद अब ये दो सौ-ढाई सौ की बात करने लगे हैं। भाजपा दूसरे दलों से आयातित नेताओं को मंत्री व महत्वपूर्ण पद दे रही है, जबकि अपने पार्टी नेताओं के उपेक्षा हो रही है। यही वजह है कि मतदान प्रतिशत गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब हिन्दू-मुस्लिम पर उतारू हो गई है। भाजपा नेता झूठी बयानबाजी कर रहे हैं।

सवालों के जवाब में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम राम मंदिर के हमेशा समर्थक रहे हैं, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत राम मंदिर का निर्माण हुआ है, भाजपा ने इसे अपनी पार्टी का कार्यक्रम बना दिया। उन्होंने कहा कि हम भाजपा की तरह भक्ति का प्रदर्शन नहीं करते, पर भक्ति करते हैं।

# भीषण गर्मी से मतदाताओं को बचाने का करें प्रबंध

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों पर मतदाताओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर मूलभूत सुविधाओं में पर्याप्त छाया, पीने का पानी, पंखे के साथ कतार में लगे बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगजनों के बैठने के लिए कुर्सियां, स्कूल बेंच आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। प्रत्येक मतदान केन्द्र व मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) पर पैरामेडिक्स व आशा कार्यकर्ताओं के साथ पर्याप्त ओआरएस व मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएं। इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सेक्टर टीम के पास एक पैरामेडिक कर्मी भी उपलब्ध कराए जाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सेक्टर अफसरों के जरिये मतदान प्रक्रिया के दौरान भीषण गर्मी से बचाव से संबंधित बुनियादी ढांचे के प्रावधानों की समीक्षा की जाय। मई के महीने में भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित कर ली जायं।

जिलों में एनएचएम या अन्य योजनाओं के तहत उपलब्ध आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा को अलग-अलग उपयुक्त स्थानों पर रखा जाय। ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें आसानी से मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों पर भेजा जा सके।



केकेसी कॉलेज में प्रशिक्षण के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

### चेतावनी के बाद भी प्रशिक्षण में नहीं पहुंच रहे कर्मी

अमृत विचार, लखनऊ : केकेसी कॉलेज में लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में ड्यूटी पर लगे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी की चेतावनी के बाद भी प्रशिक्षण के लिए शत प्रतिशत कर्मी नहीं पहुंच रहे हैं। प्रशिक्षण में कर्मियों की शत प्रतिशत उपस्थिति न होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार नाराजगी जता चुके हैं और कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी बुधवार को 3138 कर्मियों में 3067 कर्मी प्रशिक्षण के लिए पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कर्मियों से संवाद किया और उनको जानकारी दी।

### पूर्वी सीट के मतदाताओं को दबाना होगा दो ईवीएम का बटन

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वी विधानसभा सीट के मतदाताओं को इस बार दो ईवीएम के बटन दबाने होंगे। इसके लिए दो टेबल लगाई जाएंगी ताकि कोई मतदाता भ्रमित न हो और एक ही ईवीएम का बटन दबाकर बाहर न आए।

20 मई को लखनऊ लोकसभा सीट के साथ ही पूर्वी विधानसभा के लिए उपचुनाव होगा। दो टेबल लगेंगी और दो ईवीएम होंगी। एक ईवीएम और लोकसभा और एक पर विधानसभा लिखा होगा। लखनऊ पूर्व विधान सभा क्षेत्र में 417 बूथ और 86 मतदान केंद्र हैं। जबकि मतदाताओं की संख्या 4 लाख 59 हजार है। मतदान केंद्र में जाने के बाद बूथ में सूची से मिलान के बाद स्याही लगाई जाएगी। इसके बाद पीठासीन अधिकारी बताएंगे कि सामने दो टेबल हैं। एक पर लोकसभा और दूसरे पर विधान सभा उप चुनाव के लिए ईवीएम रखी है। आपको दोनों ही वोट देने हैं। केकेसी में चल रहे प्रशिक्षण में पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में तैनात होने वाले कर्मियों को जानकारी दी जा रही है।

### बैंक के तीन अधिकारियों को तीन वर्ष कारावास की सजा

अमृत विचार, लखनऊ : सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक अधिकारी यथा गुरचरण सिंह, जेपी गुप्ता एवं रामनाथ आर्य को तीन वर्ष की कठोर कारावास तथा 5.40 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सीबीआई ने 28 सितंबर, 2004 को आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप था कि गुरुचरण सिंह एवं जेपी गुप्ता, वर्ष 2002-04 की अवधि के दौरान, पंजाब एंड सिंध बैंक, गडेरियन पुरवा शाखा, कानपुर में क्रमशः शाखा प्रबंधक व अधिकारी के रूप में पदस्थ थे, ने कानपुर स्थित एक निजी कंपनी के मालिक के साथ षड्यंत्र कर चालू खाता खोला। कथित तौर पर वाराणसी एवं गोरखपुर से जारी किए गए 28 जाली आईबीआर के जरिए उक्त खाते में 66.89 लाख रुपये जमा किए गए। सीबीआई ने आरोपियों के विरुद्ध 25 जुलाई, 2007 को आरोप पत्र दायर किया। बाद में अदालत ने सभी तीन आरोपियों को दोषी पाया एवं उन्हें सजा सुनाई।

# पोस्टिंग के इंतजार में दो डीजी, एक एडीजी छुट्टी पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ डीजी पीवी रामाशास्त्री और रेणुका मिश्रा हैं डीजी इन वेटिंग

▸▸ डेढ़ महीना बाद भी रामाशास्त्री की भूमिका पर कोई फैसला नहीं

▸▸ एक एडीजी रिलीव होने के बाद लंबी छुट्टी पर गए

अमृत विचार : उप्र. पुलिस में महानिदेशक स्तर पर दो अफसर पोस्टिंग के इंतजार में हैं। इनकी पोस्टिंग कब होगी इसपर कुछ नहीं कहा जा सकता। वहीं प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ नार्थ-ईस्ट के रूप में तैनात रहे एक एडीजी रिलीव होने के बाद लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। उन्होंने अभी तक पुलिस मुख्यालय रिपोर्ट भी नहीं किया है। ऐसे में उनके आने के बाद ही पोस्टिंग के बारे में विचार किया जाएगा।

1989 बैच के आईपीएस पीवी रामाशास्त्री 28 मार्च से ही डीजी इन वेटिंग चल रहे हैं। डेढ़ महीना बीतने के बाद भी अभी रामाशास्त्री की भूमिका पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। वह इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें डीजी सीबीसीआईडी बनाया जा सकता है। इस बारे में शासन मंथन कर रहा है। वहीं, 1990 बैच की आईपीएस रेणुका मिश्रा विगत दो महीने से डीजी इन वेटिंग हैं।

दरअसल, उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद पुलिस भर्ती बोर्ड स्तर पर लापरवाही सामने आने पर पांच मार्च को उन्हें भर्ती बोर्ड के डीजी पद से हटाया गया था। वहीं सीआरपीएफ नार्थ-ईस्ट में बतौर एडीजी तैनात रहे आईपीएस बिनोद कुमार सिंह के ऊपर एक आरोप लगने के कारण उन्हें दो अप्रैल को उनके कॉडर से रिलीव कर दिया गया था। ऐसे में उन्हें यूपी पुलिस मुख्यालय में ज्वाइनिंग देनी थी। एक महीना बीतने को है, लेकिन अभी तक उन्होंने ज्वाइनिंग नहीं दी। बताया गया कि वह लंबी छुट्टी पर हैं।

ज्वाइनिंग के बाद ही उनकी भूमिका पर निर्णय होगा।

### नए जन आरोग्य मंदिर के भवनों के एग्रीमेंट में स्वास्थ्य विभाग फिसड्डी

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग ने नए जन आरोग्य मंदिर शुरू करने के लिए करीब दो माह पहले डॉक्टर भर्ती कर लिए, लेकिन अभी तक एक भी भवन का किराएदारी एग्रीमेंट नहीं कर सके। ऐसे में डॉक्टरों को सीएचसी से अटैच करके रखा गया है। अफसरों का कहना है भवन एग्रीमेंट की प्रक्रिया चल रही है।

सीएमओ के अधीन 33 नए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (जन आरोग्य मंदिर) शुरू होने है। इसके लिए फरवरी माह में वॉक इन इंटरव्यू जरिए डॉक्टरों की भर्ती की गई। एनएचएम अधिकारी दो माह से अधिक समय बीतने बाद भी भवनों का एग्रीमेंट नहीं कर पाए हैं। ऐसे में डॉक्टर सीएचसी से अटैच है। बताया जा रहा है कई डॉक्टरों ने नौकरी छोड़ने तक का मन बना लिया है। बीते दिनों एनएचएम व स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने बैठक करके 33 भवनों का किराएदारी एग्रीमेंट करने का फैसला लिया था। हालांकि अभी तक एक भी भवन का एग्रीमेंट न होने से नए जन आरोग्य मंदिर शुरू नहीं हो सके हैं। सीएमओ डॉ. मनोज के मुताबिक किराए पर भवन लेने की प्रक्रिया अंतिम दौर में है।

# साध्वी समेत 51 ने किया नामांकन

## लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में 14 सीटों पर डाले जाएंगे वोट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में पांचवें चरण में 14 सीटों के चुनाव के लिए बुधवार को 51 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें भाजपा से साध्वी निरंजन ज्योति समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी से नन्दनी रंजन ने नामांकन किया। इस चरण में तीन मई नामांकन की अंतिम तारीख है। 20 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) में दो, लखनऊ में नौ, अमेठी में पांच, जालौन (अजा) में दो, झांसी में सात, हमीरपुर में चार, बांदा में एक, फतेहपुर में छह, कौशाम्बी (अजा) में दो, बाराबंकी (अजा) में तीन, फैजाबाद में एक, कैसरगंज में तीन व गोण्डा में छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक 105 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) लोकसभा क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से आरके चौधरी ने नामांकन किया। लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से रविदास मेहरोत्रा ने नामांकन किया।

अमेठी लोकसभा क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से नन्हे सिंह चौहान ने नामांकन किया। जालौन (अजा) लोकसभा क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से नारायण दास, झांसी के लिए बहुजन समाज पार्टी से रवि प्रकाश ने नामांकन किया।

फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से साध्वी निरंजन ज्योति व बहुजन समाज पार्टी से मनीष सिंह सचान ने नामांकन किया।

कौशाम्बी (अजा) लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से विनोद कुमार सोनकर ने नामांकन किया। बाराबंकी (अजा) लोकसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेस से तनुज पुनिया ने नामांकन किया। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से नरेन्द्र पाण्डेय ने नामांकन किया। गोण्डा क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से सौरभ व समाजवादी पार्टी से श्रेया वर्मा ने नामांकन किया।

### छठवें चरण में मेनका गांधी, धर्मेंद्र यादव समेत 23 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : छठे चरण की लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए बुधवार को भाजपा से मेनका गांधी व जगदंबिका पाल, सपा से धर्मेंद्र यादव व बसपा से बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह समेत 23 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जबकि बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र सुल्तानपुर में दो, प्रतापगढ़ में तीन, फूलपुर में एक, इलाहाबाद में दो, श्रावस्ती में एक, डुमरियागंज में एक, बस्ती में दो, संतकबीरनगर में एक, लालगंज (अजा) में दो, आजमगढ़ में दो, जौनपुर में तीन, मछलीशहर (अजा) में एक व भदोही में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुलतानपुर सीट से भाजपा से मेनका गांधी, प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से प्रथमेश मिश्रा व समाजवादी पार्टी से शिवपाल सिंह पटेल ने नामांकन किया। फूलपुर लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से प्रवीण कुमार सिंह व इलाहाबाद लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी नीरज त्रिपाठी ने नामांकन किया।

श्रावस्ती लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से साकेत मिश्रा व डुमरियागंज लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से जगदम्बिका पाल ने नामांकन किया।

बस्ती लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से हरीश चन्द्र व बहुजन समाज पार्टी से दयाशंकर मिश्र ने नामांकन किया। संतकबीरनगर लोकसभा सीट के लिए पीस पार्टी से गिरवर सिंह ने नामांकन किया। लालगंज (अजा) लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से नीलम व समाजवादी पार्टी से दरोगा प्रसाद सरोज ने नामांकन किया।

### गोरखपुर व रुहेलखंड विवि को श्रेणी 1 का दर्जा

अमृत विचार, लखनऊ : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर व एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली को यूजीसी मूल्यांकन में श्रेणी-1 का दर्जा दिया गया है। राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने दर्जा प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों को बधाई दी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बीती 16 अप्रैल को आयोजित बैठक में किए गए मूल्यांकन में श्रेणी-1 का दर्जा विश्वविद्यालयों को दिया। राज्यपाल ने कहा है कि विश्वविद्यालयों के विविध राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकनों में रैंकिंग उन्नयन कर अब यह उपलब्धि प्राप्त करना प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण है।

# फेफड़ों में कैंसर और टीबी के लक्षण एक समान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कार्यशाला में फेफड़ों के कैंसर और बेहतर इलाज पर हुआ मंथन

अमृत विचार : फेफड़ों के कैंसर और टीबी के लक्षण अक्सर एक समान होते हैं। धूम्रपान के कारण सांस की नलियों में होने वाले विकार को पल्मोनरी टीबी का लक्षण समझकर गलत इलाज शुरू कर दिया जाता है। इन्हीं समान लक्षणों के कारण फेफड़ों में कैंसर के मरीज की पहचान में देरी मौत का बड़ा कारण बनती है। ये जानकारी केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने दी। वह आईएमए भवन में बुधवार को हुई कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

इंडियन सोसायटी फॉर स्टडी ऑफ लंग कैंसर (आईएसएसएलसी) के तत्वावधान में केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन डिपार्टमेंट, लखनऊ चेस्ट क्लब और इंडियन चेस्ट सोसायटी यूपी चैप्टर के सहायोग से कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें फेफड़ों के कैंसर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा करने और बीमारी की जल्द पहचान व बेहतर इलाज पर मंथन हुआ। ख्याति प्राप्त पल्मोनाजिस्ट के साथ आंकोलाजिस्ट, शोधकर्ता शामिल हुए।



जानकारी देते डॉ. सूर्यकांत।

डॉ. सूर्यकांत ने कहा कि देश में फेफड़ों का कैंसर का लगभग सभी तरह के कैंसरों का छह प्रतिशत। कैंसर संबंधित मौतों का आठ प्रतिशत हिस्सा है। वैश्विक रूप से हर साल करीब 20 लाख फेफड़ों के कैंसर के नए मरीज चिन्हित किये जाते हैं। इसमें 18 लाख मरीजों की हर साल मौत हो जाती है। आईएसएसएलसी के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. डी. बेहरा ने फेफड़ों के कैंसर में परीक्षण, ट्यूमर प्रकार में विभिन्न म्युटेशन और विभिन्न प्रकार की कीमोथेरेपी की जानकारी साझा की। कल्याण सिंह कैंसर संस्थान की डॉ. दीप्ति मिश्रा ने मोलेक्युलर बायोमार्कर्स में अपडेट्स और फेफड़ों के कैंसर के निदान में इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री की भूमिका के बारे में बताया।

# अवंतीबाई में जन्म प्रमाण पत्र के लिए महीनों की दौड़

## सुबह आते हैं, दोपहर तक लाइन लगाते हैं और हर बार लौटा दिया जाता है आश्वासन देकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ये उदाहरण वीरांगना रानी अवंतीबाई महिला अस्पताल में जन्मे बच्चों के जन्म प्रमाणात्र बनने में देरी की बानगी मात्र हैं। इस अस्पताल में सैकड़ों अभिभावक अपने बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र लेने के लिए महीनों से अस्पताल के चक्कर लगा रहे हैं। जबकि नियमानुसार अस्पताल में जन्म लेने के 15 दिन में बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र अभिभावक को मिल जाना चाहिए।

### केस - 1

बासमंडी निवासी सालिहा खातून ने अवंतीबाई महिला अस्पताल में बेटे को जन्म दिया था। उन्होंने बताया बेटा आलियान 13 माह का हो चुका है। काफी भागदौड़ के बाद शनिवार को अस्पताल से जन्म प्रमाण पत्र मिल दिया गया। आरोप लगाया कि जन्मप्रमाण पत्र के लिए कई बार फॉर्म जमा करने अस्पताल आई लेकिर वेटिंग होने की बात कहकर लौटा दिया जाता था।

### केस- 2

हरिहर नगर निवासी विवेक निगम ने बताया कि अवंतीबाई महिला अस्पताल में उनकी बच्ची का जन्म जनवरी में हुआ था। उसी समय से जन्म प्रमाण पत्र के लिए अस्पताल के चक्कर लगा रहे हैं। हर बार सुबह आते हैं और दोपहर तक लाइन लगाते हैं। हर बार लौटा दिया जाता है।

रानी अवंतीबाई महिला अस्पताल में रोजाना 15 से 20 बच्चे जन्म लेते हैं। बताया जाता है कि जन्म प्रमाण पत्र बनाने के काम में केवल एक महिला संविदाकर्मी कर्मचारी को लगाया गया है। वह सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक काम करती है। 12:00 से 2:00 बजे तक पुराने प्रमाण पत्र बनाने का काम होता है। इसके अलावा रोजाना प्रमाण पत्र संशोधन के 15 से 20 मामले आते हैं।




**एक महीने बाद मजिस्ट्रेट की अनुमति जरूरी :** जन्म प्रमाण पत्र नियमावली के मुताबिक यदि जन्म के एक महीने तक प्रमाणपत्र नहीं बन पाया तो प्रमाणपत्र बनवाने के लिए मजिस्ट्रेट का अनुमति अनिवार्य होती है।

> जन्म प्रमाणपत्र बनाने की वेटिंग नहीं है। संशोधन के मामले ज्यादा आते हैं, इस कारण वेटिंग हो जाती है। मैनपावर बढ़ाया नहीं जा सकता, क्योंकि सभी को कंप्यूटर की जानकारी नहीं है।
>
> -डॉ. मधु गैरोला निदेशक, रानी अवंतीबाई अस्पताल

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना




आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि०मी०
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि०मी०
- मटियारी चौराहा – 14 कि०मी०
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि०मी०
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि०मी०

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## शहर में आज

- राधा स्वामी सत्संग व्यास में विशेष कार्यक्रम का आयोजन, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व्यास प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह से मुलाकात करेंगे 9:30 बजे।
- बाल निकुंज इंटर कॉलेज की मोहिबुल्लापुर शाखा में होलिस्टिक हेल्थ केयर क्लीनिक की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 10 :00 बजे।
- लोक कला उत्सव के तहत अखिल भारतीय कला शिविर एवं प्रदर्शनी वास्तुकला एवं योजना संकाय, टैगोर मार्ग में 11:00 बजे।
- स्पिक मैकेय और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पं. राजेन्द्र प्रसन्ना का बांसुरी वादन कला मंडपम प्रेक्षागृह में 4:00 बजे।

### सीवर टैंक में मौतें भाजपा सरकार के माथे पर कलंक



अमृत विचार, लखनऊ: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि राजधानी के वजीरगंज में मजदूर दिवस पर बिना सुरक्षा उपकरण के सीवर में सफाई के लिए उतरे पिता-पुत्र की दम घुटने से मौत भाजपा सरकार के माथे पर कलंक है। दर्दनाक घटना पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में आज का दिन इसलिए मनाया जाता है कि हम मजदूरों को देश के निर्माण में उनके योगदान के लिए सराहना दें सकें, पर इतनी संवेदनहीनता है कि बगैर सुरक्षा उपाय के दो मजदूरों को सीवर सफाई के लिए भेज दिया गया।

# बिना सुरक्षा उपकरण सीवर में कैसे उतार दिए मजदूर

## सआदतगंज में भी सीवर में दो सफाईकर्मियों की हो गई थी मौत, इसके बाद सरकार ने सीवर की मैनुअल सफाई पर लगा दी थी रोक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ में सीवर सफाई के लिए मैनहोल में उतरे मजदूर बाप-बेटे की दम घुटकर मौत के बाद सरकार पर सवालिया निशान उठने लगे हैं।

सर्वोच्च न्यायालय की फटकार का भी अधिकारियों पर असर नहीं हुआ। आज भी बिना सुरक्षा उपकरण सीवर में सफाई के लिए उतरने को मजबूर करके लोगों की जिंदगी के साथ कंपनियां खिलवाड़ कर रही हैं। सवाल यह है कि कंपनी ने बिना सुरक्षा उपकरण के मजदूरों को सीवर में कैसे उतार दिया। जबकि सीवर में उतारने से पहले कर्मचारी को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना जरूरी है।

रेजीडेंसी के पास बुधवार को दो मजदूरों की सफाई के लिए सीवर में उतरने के बाद मौत में कंपनी और जल निगम के कर्मचारियों और अभियंताओं की लापरवाही सामने आ रही है। इससे पहले सआदतगंज के गुलाब नगर में 30 मार्च 2022 को तीन सफाईकर्मी बिना सुरक्षा सीवर में उतार दिये थे, जिनमें से दो की मौत हो गई थी। इसके बाद प्रदेश सरकार ने सभी निकायों और पालिकाओं में सीवर की मैनुअल सफाई पर रोक लगा दी थी। शासन ने सभी जिलाधिकारियों, नगर आयुक्तों और एमडी जल निगम को निर्देश दिया था कि प्रदेश में किसी भी कर्मचारी को सफाई के



सीवर लाइन में गिरे मजदूर को निकालते फायरब्रिगेड के कर्मचारी। अमृत विचार

### सीवर लाइन में उतरने का यह है नियम

सरकार ने सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए विशेष परिस्थिति में सीवर सफाई के लिए कानून बनाए हैं। जिसके अनुसार सीवर में उतरने वाले कर्मचारी का 10 लाख का बीमा होना चाहिए। कर्मचारी से लिखित स्वीकृति लेनी जरूरी है। सफाई से दो घंटे पहले सीवर का ढक्कन खोला जाना चाहिए, जिससे जहरीली गैस बाहर निकल जाए। ऑक्सीजन सिलेंडर, मास्क और जीवन रक्षक उपकरण के साथ ही कर्मचारी या मजदूर को सीवर में उतारा जाना चाहिए। लखनऊ में बुधवार को हुई घटना में जिम्मेदारों ने इन नियमों में से किसी का पालन नहीं किया।

### सीवर में उतारना गैरकानूनी

मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट 2013 के तहत देश में सीवर सफाई के लिए किसी को सीवर में उतारना गैर कानूनी है। यह आदेश महज कागजों पर है। सीवर सफाई के दौरान मरने वालों में यूपी पहले स्थान पर है। तीन साल में 55 सफाईकर्मियों की मृत्यु हो चुकी है। 10 वर्षों में 635 लोग जान गंवा चुके हैं।

### एक घंटे 55 मिनट सीवर में बेहोश पड़े रहे पिता-पुत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेजीडेंसी स्थित सीवर लाइन के अंदर सीतापुर निवासी पिता-पुत्र करीब 1घंटे 55 मिनट बेहोशी की हालत में पड़े रहे। उधर से गुहर रहे अधिवक्ता ने चैंबर खुला देख अंदर झांका तब घटना सामने आई। सूचना पर 4.15 बजे रेस्क्यू टीमें पहुंचीं और करीब 40 मिनट की मशक्कत के अंदर बेहोश पड़े पिता-पुत्र को 4 ब बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

घटनाक्रम दोपहर करीब तीन बजे से तब शुरू हुआ जब पिता-पुत्र सीवर के पास पहुंचे। पहले पुत्र अंदर उतारा, करीब 10 मिनट बाद भी जब वह बाहर नहीं निकला तो पिता उतारा। इसके बाद दोनों बेहोश हो गये। लगभग 3:45 बजे अधिवक्ता अरुण मिश्रा उधर से गुजरे, उनकी नजर सड़क पर खुले पड़े चैंबर पर पड़ी और आसपास कपड़े व अन्य सामान पड़ा देखा। अनहोनी की आशंका पर उन्होंने अंदर झांका तो दोनों पड़े दिखे। उन्होंने अधिवक्ता साथियों को बुला पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्रा फोर्स संग आनन-फानन मौके पर पहुंचे। लेकिन कोई सुरक्षा उपकरण न होने से अंदर घूसने की कोई हिम्मत नहीं जुटा सका। इंस्पेक्टर ने दमकल का सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक 4 बजकर 2 मिनट पर पुलिस ने उन्हें मामले की सूचना थी। 4 बजकर 15 मिनट पर वह टीम संग मौके पर पहुंचे। फायर कर्मी अवधेश कुमार ऑक्सीजन मास्क लगाकर सीवर लाइन में उतरे। दोनों अंदर बेहोश पड़े थे। लगभग आधे घंटे बाद एक कर्मचारी को और इसके 10 मिनट बाद दूसरे कर्मचारी को निकाला जा सका। 4 बजकर 55 मिनट पर दोनों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। जहां एक की बलरामपुर अस्पताल और दूसरे की केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिये गये हैं।

### निगम, जलकल टीम पहुंची

घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम और जलकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गयी। टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें पाया कि घटना स्थल के पास जलकल विभाग की कोई भी सीवर लाइन नहीं है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि केके स्पन द्वारा सीवर की टेस्टिंग के लिए सफाई कार्य कराया जा रहा था।

### 60 लाख मुआवजा मिलेगा

2013 के एक्ट के अनुसार सीवर में उतरने के दौरान यदि किसी मजदूर या कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो प्रति व्यक्ति 30 लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान है। दोषी कंपनी केके स्पन मृतक बाप-बेटे के परिजनों को कुल 60 लाख रुपये मुआवजा देगी। गुरुवार को परिजनों को इसका चेक सौंपा जाएगा।

### जल निगम कह रहा दोनों बिना बताये सीवर में उतरे

घटना के बाद जलनिगम के अधिकारी खुद के बचाव में कह रहे हैं कि दोनों मजदूर बताये बिना सुरक्षा उपकरण के सीवर में उतर गये। लेकिन यह बात गले से नहीं उतर रही कि कोई बिना किसी के निर्देश पर अपनी जान जोखिम में डालकर सीवर लाइन में क्यों उतरेगा। जल निगम के अधिशासी अभियंता का कहना है कि लाइन चालू नहीं थी, मजदूरों ने किसी को जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश दीक्षित के विरुद्ध वजीरगंज थाने में एफआईआर कराई जा रही है।

### जांच के लिए कमेटी बनेगी

घटना की जांच के लिये जल निगम एक कमेटी बनाएगा। जल निगम के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार मिश्र ने अधिकारियों को इसके निर्देश दिये हैं।



शहीद स्मारक रेजीडेन्सी मार्ग पर सीवर लाइन में मजदूरों के गिरने की घटना के बाद मौके पर लगी भीड़ और राहत कार्य में जुटी टीम। अमृत विचार

### तलाशी में मिले कागजात से की शिनाख्त

मृतक के पास से तलाशी में मिले दस्तावेजों से शिनाख्त पिता सोबरन यादव (56) और पुत्र सुशील यादव (28) निवासी सीतापुर जनपद थाना कमलापुर अंतर्गत शहजलालपुर सरवरपुर के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना परिजन को दी। हादसे की जानकारी होते ही परिजन में कोहराम मच गया। रोते बिलखते लखनऊ पहुंचे।

## गैस का असर कम करने के लिए डाला पानी

**अमृत विचार, लखनऊ।** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आसपास मौजूद अधिवक्ताओं ने लोगों की मदद से गैस का असर कम करने के लिये पानी डाला जाने लगा। मौक पर पुलिस के अलावा दमकल, एसडीआरएफ व अन्य विभागों की टीमें और अफसर भी पहुंचे। इससे गैस का असर कुछ कम हो गया। इसके बाद भी एहतियातन दमकल कर्मी मास्क लगाकर अंदर घुसे और दोनों को बाहर निकाला। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया जल निगम प्रशासन की तहरीर पर ठेकेदार कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश दीक्षित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। खबर लिखे जाने तक बेटे की तहरीर पर भी रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# बिहार से लाए गए 24 बच्चे और मिले

## दुबग्गा के मदरसे में तीन कमरों में रखे गए थे, राज्य बाल अधिकार संरक्षण टीम ने बालगृह भेजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दुबग्गा इलाके में किराये के घर में संचालित मदरसा में बुधवार को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम को 24 बच्चे मिले। बिहार से लाए गए इन बच्चों को राजकीय बालगृह भेजा गया है। मदरसा का संचालन भी बिहार के दरभंगा निवासी दो मौलवी कर रहे थे। परिजनों से संपर्क कर बच्चों को उनके सुपुर्द किया जाएगा।

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने बताया कि दुबग्गा इलाके के कस्मंडी रोड पर अंदेकी चौकी के समीप एक घर में मदरसा संचालित होने की सूचना मिली थी। इसके आधार पर आयोग की पूर्व सदस्य संगीता शर्मा, एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग यूनिट) प्रभारी दशरथ सिंह, दुबग्गा थाना प्रभारी अभिनव वर्मा व पुलिस फोर्स के साथ बुधवार शाम करीब चार बजे टीम मदरसा पहुंची। मकान के तीन कमरों में 6 से 15 वर्ष तक के 24 बच्चे मिले। मदरसा का संचालन बिहार के दरभंगा निवासी सगे भाई मौलवी इरफान व अफसान कर रहे थे। पूछताछ में पता कि बच्चे दरभंगा के दो गांवों से लाये गये हैं। शाम सात बजे तक मदरसा में जांच के साथ जानकारी जुटाई गई। बच्चों को सीडब्लूसी के सामने प्रस्तुत कर काउंसिलिंग कराई जायेगी।




दुबग्गा में मदरसा के बाहर जांच करतीं डॉ. सुचिता चतुर्वेदी। अमृत विचार

### बिहार से लाये जा रहे 95 बच्चे अयोध्या से किये थे बरामद

कुछ दिन पहले ही आयोग व पुलिस और सीडब्लूसी की टीम ने बिहार से बस से सहारनपुर के दो मदरसों को ले जाये जा रहे 95 बच्चों को अयोध्या में बरामद किया था। उन बच्चों को भी मोहानरोड स्थित राजकीय बालक बाल गृह में रखा गया है। उन बच्चों ने मदरसों में उनके संग हुई बर्बरता की कहानी बयां की थी। फिलहाल अयोध्या से बरामद बच्चों को उनके परिजन से संपर्क कर कागजी कार्रवाई के बाद सुपुर्दगी की जा रही है।

### नया मदरसा, पांच दिन पहले ही लाये गये थे बच्चे

डॉ. शुचिता ने बताया तीन कमरों में मकान में संचालित मदरसा नया है। वहां बच्चों के रहने व खाने की भी उचित व्यवस्था नहीं मिली है। बच्चों ने वहां पर तमाम तरह की परेशानियों होने की बात कही है। बच्चों ने बताया कि उन्हें हिंदी या अंग्रेजी नहीं पढ़ाई गई। सिर्फ एक विषय के बारे में पढ़ाई कराई जाती है। बताया कि शिक्षक भी हिंदी व अंग्रेजी नहीं पढ़ सका।

### पांच लाख दान जुटाया

आयोग की सदस्य ने बताया कि मदरसा से 12 रसीद बुक बरामद हुई हैं। जिनमें लोगों से जकात के नाम पर रुपये जमा कराये गये हैं। बरामद रसीदों की जांच में करीब 5 लाख रुपये दान के नाम पर जमा कराने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने यह भी बताया कि नया मदरसा है, इसका पंजीयन नहीं कराया गया है। ट्रस्ट के नाम पर खेल किया जा रहा था। कहा अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मदरसा की मान्यता आदि की भी जांच की जायगी। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## एलनीनो के प्रभाव से बढ़ रही गर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ :** भूमध्य रेखीय प्रशांत महासागर में जारी एल-नीनो परिस्थितियों के प्रभाव से लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में तापमान आंशिक रूप से अधिक रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में इसका असर और बढ़ सकता है।

अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। बुधवार को दिन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। हवाओं की रफ्तार 20-25 किमी प्रति घंटा रही।

मौसम अनुसंधान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, तापमान भूमध्य रेखीय प्रशांत महासागर में जारी एल नीनो (जलवायु पैटर्न) के कारण बढ़ रहा है। यही कारण है कि ऊष्ण लहर (लू) की आवृत्ति अपेक्षाकृत अधिक हो रही है।

इसका असर भी लखनऊ और आसपास देखने को मिल रहा है। लू 2-4 दिनों में चलने की संभावना बन रही है। हवा में नमी भी कम रहने की आशंका जताई जा रही है।

# अस्पताल पहुंचने पर लू के मरीजों पर सबसे पहले करें पानी का स्प्रे

## स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी अस्पतालों को दिए गए सुझाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में इस समय तेज धूप के साथ लू (हीट वेव) भी चल रही है। गर्मी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। लू के मरीजों के इलाज के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में कोल्ड वार्ड बनाए गए हैं। लू के मरीजों के शरीर को इलाज से पहले पानी के स्प्रे कर सामान्य किया जाएगा। यह व्यवस्था पहली बार लागू की गई है।

गर्मी बढ़ने की वजह से अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त, पेट में ऐंठन और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। लू के मरीजों के शरीर पर पानी से स्प्रे करने की सलाह दी है। जिससे उसे जल्द सामान्य किया जा सके। इसके लिए अस्पतालों में स्प्रे बॉटल रखने को कहा गया है।

इमरजेंसी में प्राथमिक इलाज के बाद मरीज को कोल्ड वार्ड में रखा। डॉक्टरों का कहना है कि लू के मरीज को तेज बुखार आता है। शरीर पर पानी के स्प्रे से जल्द आराम मिल जाएगा। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि सभी अस्पतालों में स्प्रे के लिए निर्देश दिए गए हैं।



बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

### सिविल में 40, बलरामपुर पहुंचे 80 मरीज

सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले 24 घंटे में डायरिया और डिहाइड्रेशन के लक्षणों वाले करीब 40 मरीज अस्पताल लाए गए। बलरामपुर अस्पताल में भी 24 घंटे में 80 से अधिक मरीज पहुंचे। इनमें 32 मरीजों को भर्ती करना पड़ा। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि अभी लू लगने का कोई मरीज भर्ती नहीं हुआ है। इलाज करने के साथ ही मरीज और तीमारदारों को गर्मी के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। लोकबंधु अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि गर्मी की वजह से डायरिया और डिहाइड्रेशन के करीब 20 फीसदी मरीज बढ़े हैं।

# कैंट के वाल्मीकि इलाके में आज बदले रहेंगे रास्ते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ राधास्वामी सत्संग के चलते डीसीपी ट्रैफिक ने लागू किया डायवर्जन

**अमृत विचार :** राधास्वामी सत्संग के चलते कैंट के वाल्मीकि इलाके में गुरुवार को रूट डायवर्ट रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि सुबह आठ बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान ट्रैफिक संबंधित समस्या आने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि अटल रोड तिराहा से राधा स्वामी सत्संग कार्यक्रम स्थल की तरफ नहीं जा सकेंगे। इसके लिए करियप्पा चौराहा या छप्पन/कुंवर जगदीश चौराहा होकर गुजरना होगा। नेहरू चौराहा से बाल्मीकी चौक चौराहा की तरफ जाने से रोक रहेगी। करियप्पा चौराहा या अब्दुल हमीद चौराहा, टीआइ बंगला तिराहा, सदर बाजार होते हुए नेहरू चौराहा से वाल्मीकि चौक चौराहा जा सकेंगे। टीआइ बंगला तिराहा से बाल्मीकी चौक चौराहा जाने के लिए टीआइ बंगला तिराहा से बाएं सदर बाजार या अब्दुल हमीद चौराहा, नेहरू चौराहा, करियप्पा चौराहा होते जाना पड़ेगा। सदर ओवरब्रिज ढाल से बाल्मीकी चौक चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे। इसके लिए सदर ओवरब्रिज ढाल से नीचे उतरकर लीला फार्मा तिराहा से बाएं सदर बाजार होते हुए टीआइ लाइन बंगला तिराहा, अब्दुल हमीद चौराहा होकर गुजरना होगा।

परेशानी

मरम्मत के नाम पर दो उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगी कटौती

# बिजली करने लगी परेशान, आज 50 हजार लोग झेलेंगे किल्लत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आरडीएसएस योजना से गुरुवार को बिजली से संबंधित मरम्मत कार्य किया जाएगा। इससे कई क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रहेगी। करीब पचास हजार आबादी को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। विश्वविद्यालय उपकेंद्र से संबंधित 11केवी बादशाहबाग फीडर से पोषित 630 केवीए के रामलीला मैदान ट्रांसफार्मर के जर्जर एलटी कंडक्टर बदलने के साथ नए एबीसी लाइन पर लोड डालने का काम होगा। इससे छोटा चांदगंज, बाबूगंज और मायानगर, लकड़ी की ठेकी सहित आसपास इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। फैजुल्लागंज उपकेंद्र के 400 केवीए ट्रांसफार्मर हाउस के जर्जर तार और खंभों को बदलने के साथ उपकेंद्र के स्विच यार्ड व कंट्रोल रूम में 11 केवी पैनल की मरम्मत भी की जाएगी। इससे आसपास के क्षेत्र में सुबह 10 से 2 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग, घंटों गुल रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज स्थित शिया पीजी कॉलेज के पास बुधवार को बिजली के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। लोगो ने इसकी सूचना उपकेंद्र सहित फायर विभाग को दी। अहिबरनपुर उपकेंद्र की ओर से पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई को बंद कर दिया गया। जिसके बाद मौके पर पंहुची फायर ब्रिगेड टीम ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया। एसडीओ अहिबरनपुर प्रशांत सक्सेना ने बताया कि दूसरे ट्रांसफार्मर के जरिये इलाके की बिजली सप्लाई को सामान्य कर दिया गया।

### बिजनौर सरवननगर में घंटों बाधित रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** नादरगंज के बिजनौर सरवननगर में बुधवार को घंटों बिजली बाधित रही। इससे करीब 10 हजार आबादी परेशान रही। ज्यादा समस्या पानी को लेकर हुई। स्थानीय निवासियों के अनुसार फॉल्ट ठीक करने के नाम पर आए दिन घंटों सप्लाई बंद कर दी जाती है। अधिकारी उपभोक्ताओं के फोन तक रिसीव नहीं करते हैं। गर्मी में बेहाल बच्चों को सड़क किनारे पेड़ों की छांव में धुमाते रहते हैं। बिजली के अभाव में गर्मी से बच्चों को बीमार होनी की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में एसडीओ नादरगंज अखिलेश भास्कर ने कहा कि क्षेत्र से उपकेंद्र की दूरी अधिक होने के कारण फॉल्ट ठीक करने में समय लग जाता है। नये उपकेंद्र बनाने के लिए प्रस्ताव दिया गया है। वैकल्पिक इंतजाम भी किये जा रहें है। उपभोक्ताओं को जल्दी ही इस समस्या से निजात मिल जायेगी।




### खराब होने पर ट्रांसफार्मर की वैकल्पिक व्यवस्था करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बुधवार को उपकेंद्र अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि पुरनिया उपकेंद में बकाये बिलों की वसूली, प्रीपेड मीटरों के रिचार्ज और अनुरक्षण कार्य के बारे में चर्चा के साथ इलाके में पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। तकनीकी समस्या पर सप्लाई बाधित होने पर कर्मचारियों और अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रांसफार्मरों की वैकल्पिक व्यवस्था करने के भी आदेश दिए गए हैं। नए कनेक्शन और बिल समायोजन के लिए अधिकारियों को उपभोक्ताओं की हर संभव मदद करने और फॉल्ट ठीक करने के लिए शटडाउन की समय सीमा तय करने को भी कहा गया है। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### टूटकर पेड़ पर गिरी 11 केवी की विद्युत लाइन, टला हादसा

**ऊंचाहार, रायबरेली :** बुधवार की दोपहर नगर विद्युत उपकेंद्र की अरखा फीडर की 11केवी लाइन अचानक टूटकर पेड़ों पर गिर गई। जिस समय यह हादसा हुआ उस समय विद्युत प्रवाह संचालित था। गनीमत थी कि तार की चपेट में कोई नहीं आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। यह घटना बुधवार दोपहर को हुई है। इस समय बिजली लाइनों पर कभी अधिक भार है। लाइनें जर्जर होने के कारण अक्सर हादसे होते रहते है। बुधवार को नगर स्थित 33 केवीए विद्युत उपकेंद्र से जाने वाली अरखा फीडर की 11केवी लाइन में अधिक भार होने के कारण तार टूट गया। जब यह घटना हुई उस समय लाइन में विद्युत प्रवाह संचालित था। तार के टूटते ही विद्युत लाइन स्वत: ट्रिप हो गई और फीडर बंद हो गया। जहां तार टूटा वहां पेड़ थे। विद्युत लाइन के तार टूटकर पेड़ पर गिरे। गनीमत थी कि वहां पर कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। अवर अभियंता लालमणि ने बताया कि विद्युत लाइन को दुरुस्त करके लाइन चालू कर दी गई है।

## एक नजर

### नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में तीन छात्र पुरस्कृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के पांच वर्षीय एलएलबी ऑनर्स के तीन छात्रों की टीम नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता में उपविजेता रही। कार्यक्रम का आयोजन टीआरसी लॉ कॉलेज बाराबंकी में हुआ। तीन दिवसीय तृतीय प्रतियोगिता में आरजू नायाब, नीलांश पाठक और आदित्य मालवीय उपविजेता बने, जिन्हें पुरस्कृत किया गया। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. बीडी सिंह ने टीम को प्रोत्साहित किया।

### रिसर्च मेथोलॉजी विषय पर व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग ने रिसर्च मेथोलॉजी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश चंद्रा की ओर से महत्वपूर्ण एवं आधारभूत विषयों को समझाने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि शोध विषय पर निर्भर करती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला गया। व्याख्यान में विभाग के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा, डॉ. प्रशांत शुक्ला सहित शोधार्थियों के साथ स्नातक एवं परास्नातक के छात्र उपस्थित रहे।

# नहीं होगी नीट एसएस परीक्षा

## कोविड के दौरान प्रभावित 2021 बैच को लेकर एनएमसी ने उठाए कदम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिकित्सा जगत में सुपर स्पेशलिस्ट (एमडी, एमसीएच व डीएनबी) चिकित्सक बनने का सपना देखने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों की उम्मीदें इस साल टूट सकती हैं। पीजी 2021 बैच का हलावा देते हुए एनएमसी ने नोटिफिकेशन जारी कर स्पष्ट किया है कि नीट एसएस 2024 की परीक्षा नहीं होगी। हालांकि नेशलन मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने इस साल की परीक्षा को अगले साल 2025 में कराने का आश्वासन भी दिया है। वहीं, कई चिकित्सकों का मानना है कि इसे अंतिम निर्णय नहीं मानना चाहिये।

सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक बनाने के लिए हर साल आयोजित होने वाली नीट एसएस की परीक्षा में पीजी चिकित्सक आवेदन करते हैं। लेकिन, इस साल परीक्षा पर संशय बरकरार है। क्योंकि एनएमसी ने फरवरी 2024 को संपन्न बैठक के हवाले से स्पष्ट कर किया है कि



**चिकित्सक बोले, इसे अंतिम निर्णय नहीं मानना चाहिए**

2021 बैच के चिकित्सकों को प्रवेश मई 2022 में मिला था, इसलिए इस साल नीट एसएस 2024 परीक्षा नहीं करायी जा सकती है।

वहीं, प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस विषय पर चुप्पी साध ली है। बरेली के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल अग्रवाल का कहना है कि एनएमसी को मेडिकल एजुकेशन के पाठ्यक्रमों को गंभीरता से लेना चाहिए। सत्र समय से शुरू करें और जरूर शुरू करें, सत्र शून्य कर देने से देश का नुकसान है, सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर कम हो जायेंगे।

**नौकरी छोड़ तैयारी कर रहें डॉक्टर होंगे मायूस :** सुपर स्पेशलिस्ट पाठ्यक्रम की तैयारी कर रहे चिकित्सक का कहना है कि सुपर स्पेशलिस्ट पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए पीजी करने वाले चिकित्सको के साथ ही तमाम विशेषज्ञ चिकित्सक जो चिकित्सकीय कार्य में सेवारत हैं, चिकित्सक चिकित्सकीय कार्य से विरत रहकर नीट एसएस की तैयारी करते हैं। इसलिए एनएमसी को परीक्षा संपन्न करा देनी चाहिये, ताकि पूर्व के बैच के पीजी चिकित्सकों को मौका मिल सके।

**सत्र शून्य होने की वजह**

केजीएमयू के शिक्षक का कहना है कि 2021 में कोरोना महामारी की वजह से नीट एसएस 2021 परीक्षा बहुत देर में संपन्न हुई थी, उक्त बैच के चिकित्सक मई या जून 2025 में उत्तीर्ण होंगे। इसलिए वर्तमान में आयोजित नीट एसएस 2024 में उस बैच के अभ्यर्थी शामिल नहीं हो सकेंगे, इसलिए एनएमसी ने 2024 सत्र को शून्य करने का निर्णय लिया है ताकि 2025 की परीक्षा समय से जून-जुलाई में कराई जा सकें, इसके बाद सत्र स्वतः सामान्य हो सकेगा।

## आठ देशों के 16 शिक्षाविदों का हुआ स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम कैम्पस के आमंत्रण पर ताईवान, वियतनाम, बुल्गारिया, इण्डोनेशिया, थाईलैंड, मंगोलिया, फिलीपीन्स एवं दक्षिण अफ्रीका समेत 8 देशों के 16 शिक्षाविदों का बुधवार को स्वागत हुआ।

इस दौरान प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन एवं गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या आभा अनन्त मौजूद रही। ताईवान के गणितज्ञ प्रो. वेन सीन सन के नेतृत्व में शिक्षाविदों का यह दल इंडिया इंटरनेशनल मैथमेटिक्स कॉम्पटीशन की तैयारियों के सिलसिले में शहर में आया है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इंडिया इंटरनेशनल मैथमेटिक्स कॉम्पटीशन का आयोजन आगामी 25 जुलाई से 1 अगस्त तक किया जायेगा, जिसमें विश्व के कई देशों के छात्र प्रतिभाग करेंगे।

# एडेड कॉलेजों में कैसे बढ़ेंगे नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित एडेड इंटर कॉलेजों में नामांकन संख्या बढ़ाने के लिए न तो विभाग के पास कोई प्लान है न ही शिक्षकों के पास है। ऐसे में नया शैक्षिक सत्र 2024-25 शुरू होने के बाद भी कॉलेजों में बच्चों की संख्या नहीं बढ़ रही है।

इस बार भी यदि नामांकन संख्या नहीं बढ़ी तो अलंकार योजना में फिर पूरा साल ये कॉलेज शामिल नहीं हो पाएंगे। एडेड कॉलेजों में नये बच्चों को प्रवेश हो इसका तो शिक्षक इंतजार करते हैं, लेकिन वह कभी बाहर निकलकर बच्चों व उनके अभिभावकों को ये बताने का प्रयास नहीं करते हैं कि उनके यहां बच्चों को प्रवेश कराया जाये बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जायेगी।

इसी तरह से विभाग की ओर से भी कोई योजना नहीं बनाई जाती है कि शिक्षक एक अभियान चलाकर नये सत्र में बच्चों को प्रवेश करायें। जबकि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर



**बच्चों की संख्या नहीं बढ़ी तो 70 फीसदी विद्यालय इस बार भी अलंकार योजना से होंगे बाहर**

से संचालित कक्षा 1 से 8 तक बच्चों को हर साल प्रवेश कराने के लिए अभियान चलाया जाता है। बता दें कि राजधानी में 101 एडेड कॉलेजों का संचालन किया जाता है।

**इसलिए अलकांर योजना में नहीं हो पा रहे शामिल :** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों की दशा बदलने के लिए शुरू की गई अलंकार योजना रॉस सहायता प्राप्त कॉलेज प्रबंधकों रास नहीं आ रही है। योजना के तहत जिले के वर्षों पुराने सहायता प्राप्त इंटर कॉलेजों में नए भवन, विज्ञान प्रयोगशाला, बालक-बालिका शौचालय के साथ ही वाचनालय का निर्माण कराना है। शासन का जो मानक है उसके मुताबिक विद्यालय 75 वर्ष पुराना होना चाहिए। साथ ही किसी विद्यालय का भवन अगर जर्जर है, तो उसे भी योजना में शामिल किया जा सकता है। इसके साथ ही दूसरा मानक यह है कि कॉलेज में छात्र संख्या 300 से कम नहीं होनी चाहिए। लेकिन हकीकत ये है कि राजधानी के ही 70 फीसदी कॉलेजों में 300 बच्चों की संख्या नहीं है। नये सत्र 2024 अप्रैल में उम्मीद थी कि संख्या बढ़ेगी तो अलंकार योजना में ये विद्यालय शामिल हो जायेंगे लेकिन ऐसा हो नहीं सका है।

> 25 प्रतिशत कॉलेजों को देना होगा और 75 प्रतिशत धनराशि शासन की ओर से कार्यदायी संस्थाओं दिया जायेगा। जिनके यहां 300 बच्चों की संख्या नहीं है। वह नामांकन संख्या बढ़ाने का प्रयास करें और अपने यहां की शैक्षिक गुणवत्ता सुधार करें।
>
> -राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक

## छात्रों की विदाई में गजलों से गूंजा भाषा विवि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में एमए अंतिम वर्ष और बीए अंतिम वर्ष के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर फखरे आलम ने की। कार्यक्रम में छात्रों ने अपने विचार रखे। शिक्षकों के प्रति अपनी सराहना और कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर सैय्यद फातिमा जहरा, आकेफा खातून, मुहम्मद शाहान और मुहम्मद हारून ने प्रसिद्ध उर्दू कवियों की कविताओं और गजलों का पाठ किया। एमए अंतिम वर्ष के छात्र अब्दुल नईम ने अपनी गजल और विदाई कविता के रूप में सुनाई, जो सराही गई।

**एमए छात्र अब्दुल नईम की गजल और कविताएं सराही गई**

इस दौरान डॉ. अकमल शादाब, डॉ. वसी अहमद अंसारी, डॉ. जफरुल नकी, डॉ. मुनव्वर हुसैन, डॉ. मूसी रजा और डॉ. सिद्धार्थ सुदीप सहित काफी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# नजर रखें..वाट्सएप के सहारे वीडियो भी भेजें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्थान- सीतापुर शिक्षण संस्थान, समय करीब सवा नौ बजे। परीक्षा में छात्र-छात्राएं शामिल हो चुके थे। ऐसे में विवि के कुलपति निर्देश देते हुए केंद्र प्रभारियों से कहते हैं कि नजर रखें, यदि कोई समस्या हो तो वीडियो भेजकर फोन कर सकते हैं।

दरअसल, लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा के आयोजन हो रहे हैं। परीक्षा में बीए-बीएससी के छात्र हैं। परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए लखनऊ विवि में वेबकास्टिंग एवं मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ बनाया गया है। इसी के सहारे कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय निगरानी करते हुए परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने लखीमपुर खीरी के बाद सीतापुर शिक्षण संस्थान स्थित परीक्षा केंद्र का जायजा लिया। ऐसे में निर्देश देते हुए कहा कि कक्ष में मौजूद हर छात्रों पर कक्ष निरीक्षक नजर रखें। परीक्षा केंद्र प्रभारी जरूरत पड़ने पर वीडियो और फोटो भी भेजें। कोई भी समस्या होने पर फोन से बातचीत की जा सकती है। कुलपति ने रायबरेली, उन्नाव और हरदोई जनपदों के परीक्षा केंद्रों का भी हाल जाना। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित रहे।



वेबकास्टिंग एवं मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के सहारे परीक्षाओं का जायजा लेते कुलपति आलोक कुमार राय।

**24,578 छात्रों ने दी तीन पालियों में परीक्षा**

लविवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में दूसरे दिन भी परीक्षा के आयोजन हुए। इस बार 24 हजार 578 छात्रों ने परीक्षा की तीनों पालियों में प्रतिभाग किया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी बताते हैं कि परीक्षा के दौरान कुल 264 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## महाविद्यालयों के प्राचार्य और छात्रों का होगा सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय लोकसभा चुनाव को लेकर आमजन को मतदान के लिए जागरूक करने जा रहा है। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय बताते हैं कि वर्तमान में लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही हैं।

आगामी दिवसों में लविवि से जुड़े लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी और रायबरेली के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मतदान होना है। इसको लेकर महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दे दिये गए हैं कि शिक्षक और छात्र मिलकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। इसको लेकर वे नगर और गांव में भ्रमण भी करें। उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं योगदान करने वाले महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय पुरस्कृत / सम्मानित भी करेगा।

## सार-संक्षेप



रस्साकसी प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी व शिक्षक। अमृत विचार

### रस्साकसी खेल में बच्चों की दिखी प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को रस्साकस्सी प्रतियोगिता में बच्चों की मनमोहक भूमिका देखने को मिली। इस खेल में चारों हाउस के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगी छात्र- छात्राएं चार वर्गों में विभाजित थे। वर्ग ए और बी में सरस्वती हाउस विजयी रही और वर्ग सी और डी में गंगा हाउस ने विजय प्राप्त की। चारो हाउस के शिक्षक- शिक्षिकाओं के मध्य भी रस्साकस्सी का आयोजन हुआ, जिसमें गंगा हाउस ने जीत हासिल की। सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह से इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

### बच्चों की शिक्षा पर दिया जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** शीशमहल वेल्फेयर सोसाइटी की मासिक बैठक सोसाइटी कार्यालय में डॉ. सैयद अनवर हुसैन रिजवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया गया। शीशमहल में चल रहे बच्चों के मदरसे में मौलाना द्वारा हर महीने बच्चों का टेस्ट लेने के साथ-साथ बच्चों के प्रोत्साहन के लिए उन्हें पुरस्कृत करने पर सहमति बनी। इस बैठक में सोसाइटी द्वारा जरूरतमंदों की मदद करने पर जोर देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुड़ने की अपील की गई। बैठक में जनरल सेक्रेटरी मोहम्मद शब्बीर ने सोसाइटी द्वारा संचालित मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की पढ़ाई का ब्यौरा पेश किया। बैठक में मौलाना नजमुल, अकबर हुसैन, अंजुम, अच्छन मिया और रजा इमाम आदि मौजूद रहे।

### जनजातीय कला शिविर का आयोजन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** टैगोर मार्ग स्थित वास्तुकला एवं योजना संकाय में दो मई से तीन दिवसीय अखिल भारतीय लोक व जनजातीय कला शिविर का आयोजन किया जायेगा। चार मई तक चलने वाले इस शिविर का उद्घाटन कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य जय कृष्ण अग्रवाल और वास्तुकला संकाय की विभागाध्यक्ष ऋतु गुलाटी के हाथों सम्पन्न होगा। पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने वाले इस शिविर की क्यूरेटर डॉ. वंदना सहगल हैं। इस शिविर में देश के चार प्रदेशों नार्थ ईस्ट, वेस्ट बंगाल, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई सुप्रसिद्ध लोक एवं जनजातीय कलाकार कोहबर – उत्तर प्रदेश, शोला पीठ– असम, मझूली मास्क– असम, पिछवाई कला – राजस्थान, सांची पट – असम, लाख डौल – वेस्ट बंगाल, शेरपाई – कोलकाता, पट्चित्र – वेस्ट बंगाल, शोरा चित्र – असम, मांडना कला – राजस्थान, फड़ पेंटिंग – राजस्थान के विविध परंपराओं और विधाओं के 11 कलाकार शामिल हो रहे हैं। शिविर के प्रलेखनकर्ता भूपेंद्र अस्थाना ने बताया कि यह शिविर विभिन्न प्रांतों की पारंपरिक कलाओं का संगम होगा।

## स्कूलों का समय घटाने का अभी विचार नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में अभी समय घटाने का विचार निदेशालय की ओर से नहीं है। हालांकि जिले स्तर पर मौसम विभाग की चेतावनी के आधार पर जिलाधिकारी अपने हिसाब से निर्णय ले सकते हैं।


इस संबंध में निदेशालय की ओर से स्थिति साफ करते हुए बुधवार को बताया गया कि मौजूदा समय में स्कूलों का संचालन नये शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार किया जा रहा है। स्कूलों में पढ़ाई के लिए न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत भी निर्णय लिए गये हैं। हालांकि दो सप्ताह बाद अभी स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां घोषित हो जायेंगी।

# परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर के भटगांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा और अटल आवासीय परीक्षा में सफल व चयनित विद्यार्थियों का बुधवार को स्कूल परिसर में सम्मान किया गया।

इस दौरान राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित आदर्श कुमार, नितिन चौरसिया, शिवा गौतम और अटल आवासीय परीक्षा में चयनित सेजल चौरसिया व खुशी को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावकों को भी पुरस्कृत किया गया।



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक। अमृत विचार

**सम्मानित छात्र-छात्राएं खेल में भी ला चुके है स्वर्ण**

कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाध्यापक पुष्पा यादव और सहायक अध्यापक व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंत्री राजकुमार ने बताया कि उक्त तीनों छात्र और दोनों छात्राएं खेल में भी मंडल स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल कर विद्यालय और गांव का नाम रोशन कर चुके हैं।

**61वां स्थापना दिवस** | याद किए गए संस्थापक लेफ्टिनेंट जनरल कुंवर बहादुर सिंह

# भारत-चीन युद्ध के बाद स्थापित हुआ था मध्यकमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में भारतीय सेना के मध्यकमान का दायरा आठ राज्यों तक फैला हुआ है। 1962 के दौर में भारत और चीन के बीच हुए युद्ध के बाद ही सेना की ताकत को बढ़ाते हुए 1 मई 1993 को मध्यकमान की स्थापना हुई थी। बुधवार को मध्यकमान का 61वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर मध्यकमान के संस्थापक लेफ्टिनेंट जनरल कंवर बहादुर सिंह, एमबीई, जोकि पहले जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे, उन्हें याद किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, जीओसी-इन-सी मध्य कमान ने सभी रैंकों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और परिवारों को भी शुभकामनाएं दीं। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य कमान ने 'स्मृतिका वॉर मेमोरियल' में एक समारोह में उन बहादुरों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।



मध्यकमान के 61वें स्थापना दिवस पर लेफ्टिनेंट जनरल कंवर बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि देते लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि। अमृत विचार

**मध्यकमान का नियंत्रण आठ राज्यों में**

मध्यकमान भारतीय सेना की सात कमानों में से एक है और इसका मुख्यालय लखनऊ में है। यह आठ राज्यों में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में फैला हुआ है। इसमें हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की ऊबड़-खाबड़ चोटियों से लेकर ओडिशा के शांत समुद्र तटों तक के क्षेत्र शामिल हैं। यह विशिष्ट रूप से देश के केंद्र में स्थित है और भारतीय सेना की प्रत्येक कमान के साथ एक सीमा साझा करता है।

## यूको बैंक के कारोबार में हुई वृद्धि

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूको बैंक ने लगातार वृद्धि दिखाई है। कुल कारोबार 9.5 प्रतिशत बढ़कर 4,50,007 करोड़ रुपये हो गया। बैंक का रैम सेग्मेंट 13.88 प्रतिशत से बढ़कर 97,516 करोड़ रुपये हो गया है। 31 मार्च को समाप्त 12 महीनों के लिए परिचालन लाभ 4,576 करोड़ रुपये रहा जो वर्ष दर वर्ष 5.43 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। बैंक के पास 3,230 घरेलू शाखाओं और हांगकांग एवं सिंगापुर में दो विदेशी शाखाओं तथा ईरान में एक प्रतिनिधि कार्यालय का नेटवर्क हैं। बैंक के 2,477 एटीएम तथा 9,808 बीसी पांइट के साथ कुल 15,518 टच पांइट हैं। 12 महीनों के दौरान बैंक ने 28 नई शाखाएं खोली हैं।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद कन्नौज**

पत्रांकः च-1/2024 दिनांकः अप्रैल, 30, 2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सामान्य लोक सभा निर्वाचन-2024 में ड्यूटी पर लगे केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल/राज्य पुलिस बल/पीएसी/होमगार्डस हेतु तम्बू, कनात, शामियाना, लाउड स्पीकर, बैट्री जनरेटर तथा प्रकाश/पानी व्यवस्था की सामग्री किराए पर लेने हेतु दिनांकः 01.05.2024 को अपरान्हः 14:00 बजे से निविदाएँ आमंत्रित की जानी है। उक्त निविदायें दिनांकः 05.05.2024 को अपरान्हः 13:00 बजे निविदा दाताओं अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी अथवा नामित राजपत्रित अधिकारी के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र/निविदा से संबंधित समस्त जानकारी/शर्तें/सामग्री से संबंधित दरें आदि अद्योहस्ताक्षरी के प्रधान लिपिक कार्यालय से नगद रूपये 500/- देकर प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी निविदा प्रपत्र को अद्योहस्ताक्षरी पूर्ण या आंशिक रूप से अस्वीकृत करने में सक्षम होंगे। किराए पर ली जाने वाली वस्तुओं की संख्या/मात्रा आवश्यकतानुसार घटायी या बढायी जा सकती है। निविदा निश्चित दिनांक को डाली जाएगी और खोली जाएगी, निविदा न्यूनतम रेट के आधार पर स्वीकृत की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक,
कन्नौज

अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD ANIS SIDDIKI से बदलकर MOHAMMAD ANEES SIDDIQUI रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o MOHAMMAD RAFIK ADDRESS, 108/288 TALAB GAGNI SHUKL, MACHLIMAHAUL LUCKNOW-226001

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम मूलचन्द्र से बदलकर मूलचन्द्र लोधी रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **पुत्र श्री हरीशंकर ग्राम करियामऊ थरियाँव फतेहपुर - 212622**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बीटेक तृतीय वर्ष 2017 इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (AKTU) अनु.1313821019 व इनरोलमेंट नं. 13182110417 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **पवन सिंह पुत्र वृजभूषण सिंह नि. ग्राम नेवादा कनू तह. अमेठी, जनपद अमेठी।**

ता0 पेशी: 08/05/2024

**सम्मन तनकीह**

नोटिस अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 सिविल प्रक्रिया संहिता
न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी (न्यायिक) तहसील रायबरेली
वाद संख्या 9456/2023 सन 2023
ई0 अं.धा. 144 उ0प्र0 रा.सं.

**सोमेश्वर सिरोही** ... वादी
बनाम
**कुँवर सुरेन्द्र सिंह आदि** ... प्रतिवादी

कुँवर राज सिंह पुत्र जैनी सिंह नि0 9 बटलर रोड तिलक मार्ग डालीबाग लखनऊ। ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह 08/05/2024 सन् 2024 ई0 बवक्त 11.00 बजे दिन बुधवार के असालत या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकिफ दिया गया और कुल उमूरात अहम मुकदमा मुतालिया का जवाब दे सके। हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसकी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिस पर आप ताईद अपनी जवाबदेही के हस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा और हाजिरी आपके मजहुम और फैसला होगा।

दिनाकः 30/04/2024
आज्ञा से- न्यायालय

**तलाश गस्ती-गुमशुदा**

थाना बछरावां जनपद रायबरेली




1. नाम पता गुमशुदा - **मनोज कुमार गौतम** (उम्र 45 वर्ष) 2. पिता का नाम - छोटेलाल गौतम, जाति- गौतम 3. पता- ग्राम जोहवा हिसार थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली 4. **सूचनाकर्ता** - श्री छोटेलाल पुत्र स्व0 बैजनाथ निवासी ग्राम जोहबा हिसार थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली मो0नं0 8009630418 **हुलिया एवं पहनावा** - रंग-गोरा, आंख, नाक, कान कद औसत, **लम्बाई करीब**-05 फिट 3 इंच, **पहनावां**- नीली शर्ट चौखाना, पैन्ट नीली, काली चप्पल पहने हुए है। निवेदन है कि उक्त गुमशुदा मनोज कुमार के बारे में जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो कृपया नीचे लिखे नम्बरो पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

(सय्यैद नियाजी हुसैन) उपनिरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली मो0नं0-7985873571

प्रभारी निरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली मो0नं0 9454404126

**गुमशुदा**



**श्री राम आसरे** पुत्र गंगा आयु 90 वर्ष लगभग, ग्राम- गदाईपुर, थाना- जहाँगीराबाद के निवासी हैं। यह 14 वर्षो से लापता हैं, इसकी सूचना F.I.R. दर्ज कराई जा चुकी है। अभी तक लापता हैं। **विजय कुमार पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम- गदाईपुर, परगना व तहसील नवाबगंज, जनपद- बाराबंकी।**

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (जू0डि0) साउथ, लखनऊ
सी0एस0 वाद सं0-882/2024
पेशी-03.05.2024

रूप कुमार भादुड़ी आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व0 समरजीत भादुड़ी मूल निवासी-म0नं0-106/92, नजरबाग, ओडियन सिनेमा के पीछे, थाना कैसरबाग, जिला-लखनऊ-226001 वर्तमान पता-12-ए, डेनिंग रोड, लन्दन, यूनाइटेड किंगडम-एन0डब्लू0-31, एस0यू0 -प्रार्थी/वादी

बनाम्

1-स्व0 समरजीत भादुड़ी पुत्र तारा प्रसाद भादुड़ी निवासी-म0नं0- 106/92, नजरबाग, ओडियन सिनेमा के पीछे, थाना कैसरबाग, जिला-लखनऊ-226001
2-जन साधारण -विपक्षीगण

हरगाह-प्रार्थी/वादी ने आपके नाम से एक नालिस बावत दावा वास्ते डिक्री घोषणा हेतु के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03.05.2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफकार किया गया हो और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों बयान तहरीरी दिनांक 03.05.2024 को दाखिल करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 03.04.2024 ई0 को जारी किया जाये।

दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत

प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)


प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


रिटर्निंग अधिकारी/सीडीओ को नामांकन पत्र देते इंडी गठबंधन के मोहनलालगंज संसदीय सीट से प्रत्याशी आरके चौधरी।


जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को नामांकन पत्र देते लखनऊ संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा।

# कार्यकताओं का उत्साह देख रथ छोड़ पैदल ही चल पड़े चौधरी

## नामांकन : बोले- यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कार्यकर्ताओं का उत्साह देख मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन प्रत्याशी आरके चौधरी रथ छोड़ जुलूस के साथ पैदल ही नामांकन के लिए निकल पड़े।

बुधवार दोपहर 12 बजे कैसरबाग स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय से सपा के पूर्व मंत्री प्रो. अभिषेक मिश्रा, सपा जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी व गठबंधन दलों के पदाधिकारी जुलूस में शामिल हुए। उत्साही कार्यकर्ताओं के नारे भीड़ में चल रहे युवकों में जोश भर रहे थे। हुजूम देख प्रत्याशी आरके चौधरी साथ ही चल दिए। जगह-जगह उनका फूल-मालाओं से स्वागत हुआ। महिलाएं भी जुलूस में शामिल रहीं। चूंकि कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन कक्ष अधिक दूरी पर नहीं था। ऐसे में जुलूस परिवर्तन चौक चौराहा से गुजारा गया। स्वास्थ्य भवन चौराहे पर 12:30 बजे पहुंचा। इस दौरान लोहिया वाहिनी, यूथ ब्रिगेड, आंबेडकर वाहिनी, अल्पसंख्यक सभा ने एकजुटता का संदेश दिया।

नामांकन से पहले पार्टी कार्यालय पर आरके चौधरी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। कहा, कि यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने का है। जब हमारा संविधान सुरक्षित होगा तब हम आजादी के नायकों द्वारा दिलायी गयी स्वतंत्रता को महसूस करेंगे।। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, पूर्व सांसद सुशीला सरोज, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व सदस्य विधान परिषद सुनील यादव, जिला उपाध्यक्ष एवं इंडिया गठबन्धन मोहनलालगंज लोकसभा प्रभारी टीबी सिंह, पूर्व विधायक गोमती यादव, राजेन्द्र यादव, श्याम किशोर यादव, अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, श्याम किशोर शुक्ला, इन्दल रावत मौजूद रहे।


नामांकन पत्र दाखिल करने जाते इंडी गठबंधन के प्रत्याशी आरके चौधरी। अमृत विचार

### सेल्फी की होड़ में धक्का-मुक्की

प्रत्याशी को पैदल जुलूस में चलता देख कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। साथ में चलने की होड़ और सेल्फी खींचते कार्यकर्ता के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। इस बीच कई कार्यकर्ता गिर पड़े। कार्यकर्ताओं की भीड़ के आगे प्रत्याशी को चलना मुश्किल हो गया।

### निकला जुलूस, ठहर गए वाहन

कैसरबाग स्थित पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट के लिए परिवर्तन चौक होते हुए जिस रास्ते से जुलूस निकला उसी रास्ते से वाहनों का आवागमन भी जारी रहा। इससे कई जगह जाम की स्थिति बनीं। सड़क के एक तरफ ज्यादातर रोडवेज बसें फंसी रही और जब तक जुलूस चला तब तक वाहन एक जगह ही खड़े रहे। कड़ी धूप व गर्मी में लोग बेहाल रहे।

## मां का आशीर्वाद लेकर निकले रविदास

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुधवार सुबह 8 बजे का समय। विधायक रविदास मेहरोत्रा का कैसरबाग स्थित आवास। कुछ सपा समर्थक मौजूद हैं कि इसी बीच किन्नर पायल अपने पांच साथियों के साथ प्रवेश करती हैं। कुछ ही देर में इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगते हैं। आवाज सुनकर इंडी गठबंधन लखनऊ लोक सभा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा बाहर आते हैं। ठिठकते हैं अभिवादन स्वीकार कर कहते हैं बस... कुछ पल रुकिए मां का आर्शीवाद ले लूं, फिर चलूंगा।

माथे पर तिलक लगवा रविदास मेहरोत्रा मां द्वारा आर्शीवाद स्वरूप दिए गए रुपये समेटते हुए 10 : 35 बजे अपने घर से बाहर निकलते हैं। यहां से सीधे हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंच दर्शन कर पूर्वाह्न 11 : 05 पर विक्रमादित्य मार्ग स्थित सपा कार्यालय पहुंचते हैं। जहां कार्यकर्ता उन्हें फूल मालाओं से लाद देते हैं। समर्थकों की हौसलाआफजाई और नारों का उदघोष जारी है। यहां पहले से ही समाजवादी रथ तैयार था। इस पर इंडी गठबंधन पार्टियों के झंडे लगे हुए थे। रथ पर प्रत्याशी सवार होते हैं। उनके साथ सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, विधायक अरमान खान, महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी सवार होते हैं। 11: 30 बजे रथ पार्टी कार्यालय से बाहर निकलता है। पुलिस सुरक्षा के साथ जुलूस राजभवन, हजरतगंज, मेफेयर चौराहा, लालबाग, कैसरबाग, नजीराबाद, अमीनाबाद होते हुए नारी शिक्षा निकेतन पहुंचता है। रथ से उतरकर रविदास अपने समर्थकों के साथ अपराह्न 1:28 बजे नामांकन स्थल पहुंचते हैं।


नामंकन से पूर्व कैसरबाग के ख्यालीगंज आवास पर मॉ से आशीर्वाद प्राप्त करते इंडी गठबंधन के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा। अमृत विचार

### अटल की तरह मिल रहा जनसमर्थन : रविदास

**अमृत विचार :** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चुनावी जनसमर्थन की याद दिलाते हुए रविदास कहते हैं कि जिस तरह लखनऊ में उनको जनसमर्थन मिला था, ठीक उसी तरह जनता उनका साथ देने के लिए आगे आ रही है। तंज कसते हुए कहते हैं कि वर्तमान सांसद लगातार जनता से जुड़े मूलभूत मुद्दों से खुद को अलग कर चुके हैं। वहीं महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी कहते हैं कि सरकार हर योजना में विफल रही है। वहीं मौजूद किन्नर पायल ने कहा कि भेदभावपूर्ण नीतियों के चलते लोगों ने भाजपा से किनारा किया।

## लखनऊ और मोहनलालगंज सीट से 11 ने किया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूर्वी विधानसभा सीट से आप की नंदनी रंजन ने भी जमा किए पर्चा
- छह लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे

**अमृत विचार:** इंडी गठबंधन से लखनऊ और मोहनलाल संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र जमा कर दिए। दोनों सीटों के लिए बुधवार को 11 नामांकन किए गए। पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की नंदनी रंजन ने पर्चा भरा। छह अन्य लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे।

इंडी गठबंधन से लखनऊ सीट से प्रत्याशी और मध्य से विधायक रविदास मल्होत्रा ने जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को नामांकन पत्र सौंपा। उनके प्रस्तावक सपा के महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, मुकेश शुक्ला और नवीन धवन बने।

गठबंधन के मोहनलालगंज सीट से प्रत्याशी आरके चौधरी ने रिटर्निंग अधिकारी/सीडीओ अजय जैन को नामांकन पत्र सौंपा। उनके प्रस्तावक सपा के जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, सीएल वर्मा, अभिषेक मिश्र और सतेंद्र रावत बने।

इसके अलावा लखनऊ सीट से वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल से पंकज कुमार सिंह, निर्दलीय अविनाश चंद्र जैन, निर्दलीय अखंड प्रताप सिंह, निर्दलीय विवेक कुमार झा, भारतीय सर्व धर्म पार्टी से शालिनी अस्थाना, भारतीय नव क्रांति पार्टी से मनीष मौर्या, निर्दलीय इस्तियाक अली और राष्ट्र उदय पार्टी से नीलम शर्मा ने भी पर्चा भरा। मोहनलालगंज संसदीय सीट से बहुजन मुक्ति पार्टी से सुशील कुमार ने नामांकन भरा।

लखनऊ लोकसभा सीट से वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल से पंकज कुमार सिंह, निर्दलीय अविनाश चंद्र जैन, निर्दलीय अखंड प्रताप सिंह, निर्दलीय विवेक कुमार झा, भारतीय सर्व धर्म पार्टी से शालिनी अस्थाना, भारतीय नव क्रांति पार्टी से मनीष मौर्या, निर्दलीय इस्तियाक अली और राष्ट्र उदय पार्टी से नीलम शर्मा ने पर्चा भरा। मोहनलालगंज संसदीय सीट से बहुजन मुक्ति पार्टी से सुशील कुमार ने नामांकन भरा। लखनऊ लोकसभा के लिए 4, मोहनलालगंज (अज) लोकसभा के लिए 01 और पूर्वी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 01 नामांकन पत्र लिया गया।


हाईकोर्ट चौराहे पर रथ पर सवार होकर लखनऊ लोक सभा के लिए नामंकन करने जाते भारतीय नवक्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी मनीष कुमार मौर्या। अमृत विचार




इंडी गठबंधन प्रत्याशी के नामांकन पर खुशी में रिम नचाता युवा और बीन बजाता सपेरा। अमृत विचार

### सपेरों ने बजाई बीन तो घूमे साइकिल के रिम

पार्टी कार्यालय पर जुलूस से पहले गांधी नगर से बड़ी संख्या में आए सपेरा समाज के लोग एकत्र हुए। उन्होंने बीन के जरिए धुन निकालना शुरू की तो साथ खडे.इसी समाज के लोग अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सपा के चुनाव चिह्न साइकिल का रिम घुमा लोगों को आकर्षित करते रहे। इस बीच जोरदार नारे लगते रहे। जैसे ही प्रभात नाथ, विजय सिंह नाथ, अनिल नाथ समेत कई सपेरों ने बीन बजाना शुरू किया तो साइकिल का रिम कुछ कलाकारों ने अपने हाथ में ले लिया। रिम घूमते रहे, सपेरे बीन बजाते रहे कलाकार कहां पीछे रहने वाले अंगुली व गर्दन पर रिम घुमाते रहे।

### नामांकन स्थल में प्रवेश करने को लेकर हुई सपा नेताओं से नोकझोंक

नामांकन स्थल पर प्रवेश करने के लिए रविदास मेहरोत्रा के साथ राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी सहित कई अन्य लोग भी थे। जब मुख्य गेट से अंदर जाने लगे तो पुलिसकर्मियों ने इन्हें रोक लिया। इसे लेकर काफी देर तक नोकझोंक चलती रही। फिर अधिकारियों के निर्देश पर मुख्य गेट खोला गया और उन्हें अंदर जाने की अनुमति दी गई। इससे पूर्व पार्टी कार्यालय से लेकर नामांकन स्थल तक चौराहों पर सपा कार्यकर्ता खड़े दिखे। ये लोग जुलूस को लेकर अपने साथियों से फोन कर जानकारी लेते रहे। जैसे ही जुलूस नजदीक आया भीड़ आगे बढ़ने लगी तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोक दिया।

### लोगों को किया जा रहा जागरूक

सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह कहते हैं कि व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी लगातार लोगों में वोट और अन्य मुद्दों को लेकर भ्रम फैला रही है। इसमें भाजपा की आईटी सेल तेजी से लगी हुई है। इसी को लेकर सपा संगठन से जुड़े नौजवान लगातार समाज को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## आरके चौधरी करोड़पति, मल्होत्रा लखपति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूर्वी विधानसभा से आप प्रत्याशी के पास है 20 लाख की अचल संपत्ति

**अमृत विचार:** इंडी गठबंधन से मोहनलालगंज के प्रत्याशी करोड़पति और लखनऊ के प्रत्याशी लखपति हैं। पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी के पास 20 लाख की अचल संपति है।

मोहनलालगंज संसदीय सीट से प्रत्याशी आरके चौधरी के पास 48 हजार की नकदी है। बैंक खाते, एफडीआर पालिसी आदि मिलाकर 34 लाख 39 हजार 194 रुपये हैं। लखनऊ और अयोध्या में 2 करोड़ 43 लाख 45 हजार 265 रुपये की अचल संपत्ति है। चौधरी ने 1973 में साकेत महाविद्यालय फैजाबाद से बीएससी और 1975 में साकेत महाविद्यालय फैजाबाद से एलएलबी किया है। लखनऊ लोकसभा सीट से प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा के पास एक लाख की नकदी है। उनकी वार्षिक आय 3 लाख 94 हजार 880 रुपये है। उनके पास 56 लाख 35 हजार की अचल संपति है। बैंक खाते, एफडीआर, जेवर, गाड़ी और असलहा मिलाकर 62 लाख 12 हजार 112 रुपये की संपत्ति है। मल्होत्रा के पास एक रिवाल्वर और एक बंदूक है। इनके ऊपर 88 हजार 480 रुपये का कर्ज है। इन्होंने 1975 में जयनारायण डिग्री कॉलेज से बीएससी और 1979 में लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी किया है। आप प्रत्याशी नंदिनी रंजन के पास तीन लाख रुपये नकद और आश्रित के पास दो लाख रुपये नकद है। इन्होंने एमएससी और बीएड किया है।


मोहनलालगंज सीट से नामांकन करने जाते इंडी गठबंधन प्रत्याशी आर के चौधरी। अमृत विचार

## रक्षा मंत्री आज राधा स्वामी सत्संग व्यास जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार शाम चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। सिंह गुरुवार को राधा स्वामी सत्संग व्यास जाएंगे। एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने उनका स्वागत किया।

महानगर अध्यक्ष द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री दो मई को सुबह 09:40 बजे कैंट स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास पहुंचेंगे। वहां राधा स्वामी सत्संग व्यास के आध्यात्मिक प्रमुख बाबा गुरिन्दर सिंह से मुलाकात करेंगे। वहां से 10:10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और 10:30 पर एयरपोर्ट से पटना के लिए रवाना होंगे।


एयरपोर्ट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी। अमृत विचार

## बिना अनुमति होर्डिंग व यूनिपोल लगाने की शिकायत

**अमृत विचार,लखनऊ :** शहर में बिना अनुमति होर्डिंग व यूनिपोल लगे हैं। सिग्मा ट्रेडर्स ने अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव से यह शिकायत की है। कंपनी को शहर में होर्डिंग और यूनीपोल लगाने का टेंडर मिला है। लेकिन शहर में कई जगह अवैध तरीके से होर्डिंग व यूनिपोल लगे होने से कंपनी को नुकसान हो रहा है। इसके बाद नगर निगम के प्रचार विभाग ने शहर में बिना अनुमति लगीं होर्डिंग, यूनिपोल और साइनेज बोर्ड आदि हटाने शुरू कर दिये हैं। सभी आठ जोन में जोनल अधिकारियों को अवैध प्रचार सामग्री हटाने के निर्देश दिये गए हैं।

## बूथों पर घटनाओं की करेंगे वीडियोग्राफी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायत सहायक, शिक्षामित्र, ग्राम रोजगार सेवक व अनुदेश बूथों पर होनी वाली घटनाओं की पूरी वीडियोग्राफी करेंगे और कैमरा जमा करने के बाद ही घर जाएंगे। यह बातें बुधवार को विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण में बताई गईं।

उपायुक्त श्रम रोजगार सुशील कुमार सिंह ने नोडल अधिकारी के रूप में सभी को प्रशिक्षित किया। बताया कि लोकसभा चुनाव में कैमरामैन की जिम्मेदारी दी गई है। कोई सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ उड़न दस्ता में शामिल रहेगा तो कोई बूथों पर तैनात रहेगा। पूरी मुस्तैदी से काम करेंगे। जो भी घटनाएं होंगी उसकी पूरी वीडियोग्राफी करेंगे। बूथ पर मतदान करने की फोटो या वीडियोग्राफी नहीं करेंगे। मतदान खत्म होने के बाद कार्यालय में मेमोरी कार्ड कम्प्यूटर पर सामने अपलोड कराएंगे। कैमरा व मेमोरी कार्ड जमा करके ही घर जाएंगे। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी संजय, अरुण भागवत ने प्रोजेक्टर के माध्यम से तकनीकी जानकारी दी। प्रशिक्षण तीन पालियों में हुआ। इसमें 290 प्रतिभागी शामिल हुए और 50 अनुपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप


नुक्कड़ सभा को संबोधित करते भाजपा नेता नीरज सिंह। अमृत विचार

### दस वर्षों के गिनाए विकास कार्य, मांगे वोट

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा नेताओं ने नुक्कड़ सभा कर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से दस वर्षों में कराए गए विकास कार्यों के बारे में बताया और वोट देने की अपील की। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह ने विश्वकर्मा मंदिर शिवपुरी में वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक की। साथ ही रिमझिम पैलेस और बटलर पैलेस में नुक्कड़ सभा की। दूसरी ओर भाजपा नेता नीरज सिंह ने सेक्टर 17 इंदिरानगर में नुक्कड़ सभा के दौरान 20 मई को भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। फैजुल्लागंज चार उत्तर मंडल चार में विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि क्षेत्र का जो कायाकल्प हुआ है उसमें रक्षा मंत्री का बड़ा योगदान है। बोरा ने भी रक्षामंत्री को विजयी बनाने का आह्वान किया।


कैंट विधानसभा में चुनाव कार्यालय के शुभारंभ से पहले हवन करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी। अमृत विचार।

### पांच विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के लिए खुला कार्यालय

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजनाथ सिंह के चुनाव प्रचार के लिए पांच विधानसभाओं में चुनाव प्रचार कार्यालय खोले गए। हवन पूजन के साथ इनका शुभारंभ हुआ। कैंट विधानसभा में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने चंदरनगर स्थित कार्यालय पर, मध्य विधानसभा में बर्लिंगटन चौराहे पर प्रदेश उपाध्यक्ष और नोएडा विधायक पंकज सिंह ने राज्यसभा सांसद संजय सेठ और रजनीश गुप्ता के साथ, उत्तर विधानसभा में वरिष्ठ नेता नीरज सिंह और विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पुरनिया स्थित कार्यालय पर, पूर्व विधानसभा में मुंशी पुलिया चौराहा निकट हनुमान मंदिर के पास विधान परिषद सदस्य एवं लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, पश्चिम विधानसभा में सेक्टर 13 राजाजीपुरम निकट गुड लक लॉन के पास कार्यालय खोला गया।

### मतदान के लिए किया जागरूक

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** पिपरसंड स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया। अस्पताल की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलका कटियार और फार्मासिस्ट रीता मणि ने मतदान के लिए जागरूक किया।


पर्यावरण सुरक्षा पर कार्यशाला में मौजूद इनरव्हील क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

### बढ़ते प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** इनरव्हील लखनऊ बारादरी और बाराबंकी क्लब ने गोमतीनगर स्थित एक होटल में प्लास्टिक से पर्यावरण सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। क्लब की पदाधिकारी सुषमा गर्ग ने बताया कि कार्यशाला की अध्यक्षता कॉर्डिनेटर सोनम सिन्हा ने की। स्पॉर्क लाइव की सीईओ राधिका मिश्रा ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक है। प्लास्टिक हमारे वातावरण को कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। वायु प्रदूषण के साथ-साथ प्लास्टिक से जल व भूमि प्रदूषण भी बड़े पैमाने पर होता है। प्लास्टिक के कारण भूजल रिचार्ज भी नहीं हो पाता। यह कई सालों तक नष्ट नहीं होता है, जिसके कारण सालों तक वातावरण को इसका नुकसान झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाना जरूरी है। इस मौके पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें क्लब बारादरी को तीसरा पुरस्कार मिला।

**समस्या** प्रधान, सचिव से शिकायत के बाद भी नहीं बदला नाली का टूटा पाइप

## रास्ते पर जलभराव, दुर्गंध से ग्रामीण परेशान

संवाददाता सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर ब्लॉक के रहीमनगर पड़ियाना स्थित गोड़वा गांव में प्रधान और अधिकारियों की लापरवाही से जलभराव की समस्या है। जल भराव के कारण आने-जाने में दिक्कत तो है ही दुर्गंध से भी लोग परेशान हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि नाली में पड़ा सीमेंट का पाइप 6 माह पहले टूट गया था। इससे नाली बंद हो गई और गंदा पानी रूपेश के घर से बूटा के घर तक रास्ते पर भरा है। जल भराव और कीचड़ के कारण दोपहिया वाहन सवार गिर जाते हैं। स्कूली बच्चों को आने-जाने में भी कठिनाई होती है। दुर्गंध के कारण सांस लेना भी दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि टूटा पाइप बदलने के लिए ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव से कई बार कहा गया लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मी भी लंबे समय से नहीं आया है। इससे गांव की अन्य नालियां भी गंदगी से पटी पड़ी हैं। सरोजनीनगर खण्ड विकास अधिकारी नरेंद्र बाबू का कहना है की जलभराव की समस्या मेरी जानकारी में नहीं है। एडीओ पंचायत से बात कर लीजिये।


सड़क फैल रहा नाली का पानी।


गंदगी से अटी नाली।


सड़क हुई खस्ताहाल। अमृत विचार

## एक नजर

### नहीं रहे फैजान मुसन्ना



अमृत विचार,लखनऊ : मजदूर दिवस पर कलम के मजदूर पत्रकार फैजान मुसन्ना ने जिन्दगी को अलविदा कह दिया। फैजान मुसन्ना कुछ दिनों से लीवर की समस्या से जूझ रहे थे। किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय ने लीवर ट्रांसप्लांट कराने के लिए 15 लाख रुपये जमा कराने को कहा था। सोशल मीडिया पर अपील के बाद साढ़े चार लाख रुपये जमा ही जमा हो पाए। शेष साढ़े 10 लाख रुपये नहीं जुट पाए। इलाज के अभाव में उनकी सांस टूट गईं। फैजान के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से भी मदद मांगी गई थी लेकिन आचार संहिता की वजह से फ़ाइल आगे नहीं बढ़ सकी। चार दिन पहले उन्हें सिटी स्टेशन स्थित सहर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां से दो दिन पहले वह किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय में शिफ्ट किये गए। बुधवार को वहीं इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का विदाई एवं सम्मान समारोह के लिए बुधवार को निगम सभागार में कार्यक्रम हुआ। इसमें 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों को पुष्प माला पहनाकर अंगवस्त्र, धार्मिक ग्रंथ और नगर निगम का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। कर्मचारियों को पेंशन पासबुक दी गई और उनकी ग्रेच्युटी व अर्जित अवकाश का भुगतान खातों में आरटीजीएस के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष आनन्द वर्मा, राम अचल, नरेश बाल्मीकि, कमल, सुनील धानुक, शमील एखलाक तथा कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे।

### श्रमिक दिवस पर बैठक

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ में श्रमिक दिवस पर बैठक हुई। कांग्रेस के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने प्रकोष्ठ के अन्य पदाधिकारियों को पार्टी कार्य से अवगत कराने के साथ सम्मानित किया। श्रमिकों को कांग्रेस पार्टी के राजनैतिक चुनाव के संबंध में जागरूक किया गया। सभा में अनुपम त्रिवेदी, जीएस जायसवाल, शशि कुमार आदि ने विचार रखे।



मजदूरी की तलाश में ठाकुरगंज क्षेत्र में मुफ्तीगंज पुलिस चौकी के पास खड़े मजदूर। अमृत विचार

# लेबर अड्डों पर हर हाथ को नहीं मिलता काम

## 23 लेबर अड्डों पर प्रतिदिन पहुंचते हैं 6 हजार से अधिक मजदूर

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार** : इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के पास लेबर अड्डा है। यहां सुबह सात बजे से ही हाथ में हथौड़ी, झोला और कंधे पर फावड़ा लिए 400 से 500 मजदूर काम की तलाश में यहां पहुंचते हैं। अड्डे में कोई भी दोपहिया और चार पहिया वाहन पहुंचते ही मजदूर उसे घेर लेते हैं। गाड़ी में बैठे आदमी की तरफ काम की उम्मीद लिए देखते हैं। इस अड्डे पर लगभग 300 मजदूरों को काम मिलता है और करीब 200 को बिना काम के लौटना पड़ता है।

ऐसे ही शहर में लगभग 23 प्रमुख लेबर अड्डे हैं। इन अड्डों पर छह हजार से अधिक मजदूर पहुंचते हैं, जिसमें 60 फीसद को ही काम मिला पाता है।

बालागंज निवासी 50 साल के अशोक भवन निर्माण में मजदूरी करते हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरी से बस परिवार को पेट पल पाते हैं, जीवन में बहुत कुछ होने की उम्मीद नहीं रहती है। पारा निवासी सुनील ने बताया कि 15 वर्षों से मजदूरी कर रहे हैं। महीने में मुश्किल से 10 से 15 दिन ही काम मिल पाता है। इससे लगभग 7 हजार रूपए कमा पाते हैं। इससे पूरे परिवार का और खुद का खर्चा नहीं निकल पाता है।

तेलीबाग निवासी ओम प्रकाश भारती कहते है कि सरकार की योजनाएं तो है पर उनका लाभ सभी को नहीं मिल पा रहा है। जिससे मजदूरों की आर्थिक स्थिति में बहुत अधिक सुधार नहीं हैं। मजदूर फुटपाथ पर सोने को मजबूर है। खाने में चटनी, भात, अचार और रोटी खाकर मजदूर काम कैसे कर पाएगा।

### श्रमिकों को श्रम विभाग से मिला लाभ

जानकीपुरम निवासी रेखा देवी ने बताया कि उनको श्रम विभाग से मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना केअन्तर्गत 20 हजार रूपये मिले थे। गरीबी में इतनी धनराशि का मिलना आर्थिक रूप से बहुत लाभदायक मदद है। पारा निवासी अर्चना देवी ने बताया कि श्रम विभाग से मातृत्व शिशु योजना के अन्तर्गत 20 हजार रूपये प्राप्त हुए। थोड़ी दौड़ भाग करनी पड़ी लेकिन कुछ समय बाद खाते में रुपये आ गए।

### श्रमिकों को पता नहीं उनके अधिकार

सहायक श्रमायुक्त शिप्रा चतुर्वेदी ने कहा कि ज्यादातर मजदूरों को उनके अधिकार पता ही नहीं हैं। प्रतिदिन बहुत से श्रमिक कार्यालय आते हैं। इसमें ज्यादातर को श्रमिकों के लिए चल रही सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं होती है। श्रमिकों को जागरूक करने के लिए विभाग की ओर से समय-समय पर शिविर लगाए जाते हैं। श्रमिकों को अपने अधिकारों के साथ सरकार से मिलने वाली योजनाओं के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्हें सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेना चाहिए।

# संविदा कर्मियों को मिले समान वेतन

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर उपभोक्ता परिषद ने की मांग

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार** : अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर उपभोक्ता परिषद ने बुधवार को पावर कॉरपोरेशन और बिजली कंपनियों से संविदा कार्मिकों को समान काम और समान वेतन देकर उनकी जवाबदेही तय करने की मांग की। इसके साथ ही 19 जनपदों के लिए आउटसोर्सिंग वाले लगभग 88 करोड़ के टेंडर पर रोक लगाने की प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने की अपील की है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से किये गये टेंडर के बाद 19 जनपदों में काम करने वाले आउटसोर्स कार्मिकों के वेतनमान में थोड़ा सा सुधार दिखा है। जो कंप्यूटर ऑपरेटर और संविदा कार्मिक पिछले 10 वर्षों से 1,1000 रुपये में नौकरी कर रहे थे, उन्हें लगभग 22,500 और ए ग्रेड वाले संविदा कार्मिकों को लगभग 26,000 तक का वेतन मिलने का एक आदेश टेंडर के माध्यम से जारी हुआ। आचार संहिता के बीच आनन फानन लगभग 88 करोड़ के टेंडर को निरस्त कर दिया गया।

उपभोक्ता परिषद पावर कॉरपोरेशन से अपने इस फैसले के ऊपर पुनर्विचार की मांग के साथ बिजली कंपनियों से संविदा कार्मिकों को समान काम समान वेतन की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की।साथ ही इस पर रोक नहीं लगाया जाना की मांग की है। साथ ही मजदूर दिवस पर पावर कारपोरेशन को अपनी गलती में सुधार करने के लिए कहा। उपभोक्ता परिषद ने सभी ऊर्जा निगमों में फिजूल खर्ची बंद करने और ऊंची दरों पर हो रहे टेंडरों पर रोक लगाने से इसका फायदा प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को भी मिलने की बात कही।

**19 जनपदों के लिए आउटसोर्सिंग करने वाले टेंडर पर रोक लगाने की प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने की अपील**



अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को किया सम्मानित

अमृत विचार, निगोहां : अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर बुधवार को कस्बे के सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज में कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता ने दो दर्जन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इंटरमीडिएट के छात्रा-छात्राओं ने श्रमिकों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य, प्रबंधक, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।

# पत्रकारों की पेंशन, आवास का होगा समाधान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम किया। इसमें पत्रकारों के लिए पेंशन योजना, पत्रकार सुरक्षा कानून, पीजीआई में सभी श्रमजीवी पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा और डेस्क कर्मियों को प्रेस मान्यता देने की मांग की गई। यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित 14 सूत्री मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी को सौंपा।

कार्यक्रम में अवनीश अवस्थी ने कहा कि जादूगर अगर जादू दिखा दे तो आवास और पेंशन की समस्या खत्म हो जाए। मुख्यमंत्री ने कोविड में मरने वाले 122 पत्रकारों के परिवार को सहायता दी थी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है, इसलिए ज्यादा नहीं बोल सकता हूं, लेकिन पत्रकारों की पेंशन और आवास की समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी मजदूर है जहां भी काम कर रहा है उसकी इज्जत होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से मतदान करने की भी अपील की।

विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकारों की इतनी कम सैलरी पर 24 घंटे काम करना बहुत बड़ी बात है। वह सरकार से पत्रकारों के हितों के लिए मजबूती से पैरवी करेंगे। यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह ने कहा कि पत्रकार और पत्रकारिता दोनों संक्रमण काल से गुजर रहे हैं। सरकार पत्रकारों के हितों का संरक्षण करने के उपाय करे। अखबार चलाने वाले मालिकान अब संविदा के तहत पत्रकारों को नौकरी में रखते हैं। इसलिए नौकरी खत्म होने का संकट हमेशा बना रहता है। इस अवसर पर सुरेश बहादुर सिंह, शिवशरण सिंह, पीके तिवारी, मनोज मिश्रा, आदर्श प्रकाश सिंह, देवराज सिंह, नवलकांत सिन्हा, दीपक गिडवानी, राकेश पांडे, प्रद्युम्न तिवारी, रजा रिज़वी और अजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे ।





मुख्यमंत्री को संबोधित 14 सूत्री मांगों का ज्ञापन अवनीश अवस्थी को सौंपते यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के सदस्य। अमृत विचार

### सरकार से की ये मांगें

मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में पत्रकारों ने कहा कि मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, केरल समेत एक दर्जन से ज्यादा राज्यों में पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है। यूपी सरकार भी पत्रकारों के लिए शीघ्र ही पेंशन योजना का ऐलान करे। ज्ञापन में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पिछले कार्यकाल का उल्लेख किया गया है जिसमें पत्रकारों के लिए 20 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने का निर्णय लिया गया था। न्यूज़ आधारित यूट्यूब चैनलों के लिए भी नियमावली बनाकर प्रेस मान्यता देने, रेल किराए में 50 प्रतिशत की छूट बहाल करने और प्रेस काउंसिल के स्थान पर मीडिया काउंसिल गठित करने के लिए केंद्र सरकार से संस्तुति करने की मांग की गई है। इसके अलावा दिवंगत पत्रकारों के परिवारों की आर्थिक सहायता के लिए स्थायी व्यवस्था करने, राजमार्गों पर राज्य मुख्यालय में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के साथ-साथ राज्य एवं जिला स्तरीय संवाददाताओं के प्रेस वाहनों को टोल टैक्स से छूट देने, लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों को सरकारी विज्ञापनों का एक निश्चित कोटा निर्धारित करने की भी मांग की गई है।

### श्रमिकों को नहीं मिलता उचित पारिश्रमिक : अमरपाल

अमृत विचार, लखनऊ : मजदूर और किसान देश की जान हैं। इनका स्वास्थ्य और सकारात्मक सुरक्षा सबसे जरूरी है। जलवायु परिवर्तन के बीच कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना सभी का लक्ष्य होना चाहिए। ये बातें फार्मासिस्ट फेडरेशन की ओर से बुधवार को अंतर्राट्रीय श्रमिक दिवस पर वेब गोष्ठी फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने कही। उन्होंने कहा कि मजदूर आंदोलन की ही देन है कि कार्यालयों में काम के घंटे तय हैं। फेडरेशन के संरक्षक अमरपाल सिंह ने कहा कि 1 मई 1886 के दिन लाखों मजदूरों की हड़ताल के बाद विश्व के मजदूरों के अनिश्चित काम के घंटों को 8 घंटे में बदला गया था। इस साल की अन्तरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की थीम जलवायु परिवर्तन के बीच कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। वक्ताओं ने कहा कि श्रम कानूनों के बावजूद श्रमिकों को उचित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। कोर्ट के समान कार्य समान वेतन के बार-बार निर्देश के बावजूद इसका पालन नहीं किया जा रहा है। गोष्ठी में संयोजक केके सचान, महामंत्री अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी नायक, उपाध्यक्ष राजेश सिंह और ओपी सिंह ने अपने विचार साझा किए।





अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सदस्य।

# संगठित हुए बगैर अधिकार नहीं पा सकते मजदूर : सोमनाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**प्रत्येक माह दिहाड़ी मजदूरों के लिए की जा रही एक दिवसीय भोजन की व्यवस्था**

**अमृत विचार** : बदलाव-एक कदम शिक्षा की ओर संस्था ने आठ वर्षों से संचालित दिहाड़ी किचेन में मजदूर दिवस मनाया।

संस्था के अध्यक्ष सोमनाथ कश्यप ने मजदूरों को उनके अधिकार बताये। उन्होंने कहा कि मजदूर अपने अधिकारों के प्रति सचेत हों और संगठित होकर आवाज उठायें। मजदूर के साथ अन्याय होने पर अन्य मजदूर आवाज उठाएं। संगठित हुए बगैर अधिकार पाना बहुत मुश्किल है।

संस्था की संरक्षक रजनी राय ने 1 मई की पूरी व्यवस्था दिहाड़ी मजदूरों को समर्पित कर दी। उन्होंने कहा कि हम प्रत्येक माह एक दिवसीय भोजन की व्यवस्था दिहाड़ी मजदूरों के लिए कर रहे हैं। इनकी टीम तो प्रतिदिन मज़दूरों को भोजन कराती है। हमसे जो भी कुछ हो पाता है हम सभी इन युवाओं को मदद करते है।

मजदूरों ने कहा कि दिहाड़ी किचन के प्रयासों से हम सभी को एक टाइम का भोजन मिल जाता है। इस मौके पर राय साहब, आकाश पाल और तरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# थप्पड़ मारने वाली नर्स का तबादला करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**संविदा नर्सिंग एसोसिएशन ने आंदोलन करने की दी चेतावनी**

**अमृत विचार** : क्वीनमेरी महिला अस्पताल में संविदा पर तैनात नर्स को स्थायी नर्स द्वारा थप्पड़ मारने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में संविदा नर्सिंग एसोसिएशन की तरफ से आरोपित नर्स का ट्रांसफर किए जाने की मांग की गई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

दरअसल, क्वीनमेरी महिला अस्पताल में गत सोमवार को ओपीडी में स्थायी नर्स मंजू मलिक और संविदा पर तैनात कांति देवी के बीच मरीज को भर्ती कराने को लेकर बहस हो गई थी । जिसके बाद कांति देवी ने मंजू मलिक की शिकायत एचओडी प्रो. एसपी जैसवार से कर दी। इससे नाराज मंजू मलिक ने कांति देवी को लगातार दो थप्पड़ जड़ दिये। जिससे कांति देवी के कान में दर्द व सूजन की समस्या हो गई है। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन की ओर से 3 मई को जांच कमेटी गठित किये जाने की बात कही गई है।

## गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर 40 दिवसीय आयोजन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ** : एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मानसरोवर में गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर 40 दिवसीय सुखमनी साहिब का पाठ किया जायेगा। यह पाठ 2 मई को सुबह चार बजे शुरू होगा।

गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व 2 मई से 10 जून तक पूरी श्रद्धा और सत्कार के साथ गुरुद्वारा मानसरोवर में मनाया जायेगा। गुरुद्वारे में 40 दिन तक रोजाना गुरबानी के पाठ और शबद कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का समापन 10 जून को गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर होगा।

# ट्रेड यूनियन्स ने मोदी की नीतियों को कोसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना की। अपर श्रमायुक्त कार्यालय लखनऊ के श्रम एसोसिएशन हाल में हुई सभा में लोकसभा चुनाव में भाजपा को परास्त करने का आह्वान भी किया गया।

मजदूर नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने दस साल के शासनकाल में देश को तबाही और बर्बादी की ओर ढकेल दिया है। संविधान और लोकतंत्र को रौंदा जा रहा है। सार्वजनिक उपक्रमों और अन्य प्राकृतिक संशोधनों को अडानी-अम्बानी को सौंपा जा रहा है। सरकार ने करोड़ों लोगों को बेकारी के दलदल में फंसा दिया है। सभा को जिला मंत्री ऐक्टू कुमार मधुसूदन मगन, प्रमोद पटेल, चन्द्र शेखर, प्रेम नाथ राय, दिलीप श्रीवास्तव, गिरीश यादव, महेंद्र राय, उदयनाथ सिंह, छोटे लाल रावत, राहुल मिश्रा, नौमी लाल आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन एटक के रामेश्वर यादव ने किया। मजदूर नेत्री कमला गौतम, निर्माण मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष गोपाल शुक्ला आदि शामिल रहे।

**श्रमिक दिवस पर श्रम एसोसिएशन हॉल में की गई सभा**





श्रमायुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते प्रेम नाथ राय। अमृत विचार

### लोहिया मजदूर भवन में मनाया मजदूर दिवस

स्थानीय नरही बाजार स्थित लोहिया मजदूर भवन के सभागार में गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें कई श्रमिक संगठनों के नेता एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय सचिव गिरीश पाण्डेय की अध्यक्षता में किसानों और मजदूरों में व्यापक समन्वय स्थापित करने के बारे में चर्चा की गई।

## रवीन्द्र नाथ ठाकुर का 163वां जन्मदिन 7 को

**अमृत विचार, लखनऊ** : कवि गुरु रवीन्द्र नाथ ठाकुर का 163वां जन्मदिन आगामी सात मई को दोपहर 12 बजे से रात 8.30 बजे तक महात्मा गांधी मार्ग स्थित हिन्दी संस्थान के निकट रवीन्द्र उपवन में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

मुख्य संयोजक पीके दत्ता ने बताया कि रवीन्द्र नाथ ठाकुर की 163 वीं जन्म जयंती पर दीपदान किया जायेगा। इस अवसर पर हमेशा की तरह आमरा बंगाली का चार पेज का फोल्डर जारी किया जाएगा। दीपदान कार्यक्रम के बाद आयोजन स्थल पर विश्व कवि रवीन्द्र बाबू के जन्मदिन की शुभकामनाएं और बंगाली नव वर्ष 1431 एवं भारतीय नव वर्ष 2081 के उपलक्ष्य में मिष्ठान वितरित किया जाएगा।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी। अमृत विचार

### हिन्दी के प्रति जागरूकता विषय पर कार्यशाला आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : केन्द्रीय संचार ब्यूरों मे बुधवार को प्रादेशिक कार्यालय के अधीन कार्यरत सभी इकाई प्रमुखों व कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की शुरूआत मुख्य अतिथि ओम प्रकाश निदेशक भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण राजभाषा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विजय कुमार अपर महानिदेशक व मनोज कुमार वर्मा निदेशक व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जय सिंह मौजूद रहे। इस कार्यशाला में सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता तथा इसके उत्तरोत्तर प्रयोग विषय पर मुख्य अतिथि ओम प्रकाश ने हिन्दी में कार्य करने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बताते हुए सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग पर विस्तृत रूप से चर्चा की। मुख्य अतिथि ने सभी कार्यालयों में हिन्दी में कार्य करने व आकड़े कैसे बनाए जाए, पत्र तैयार तथा टिप्पणी व फाइलों पर कैसे, किस नियम के तहत कार्य किया जाए इस पर विस्तृत रूप से बताया तथा प्रतिभागियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जबाब दिया।

# पूर्व में बिकी जमीन को फिर से बेचा, 24 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**बिजनौर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव का मामला**

**अमृत विचार** : बिजनौर इलाके में दो लोगों ने मरने से पहले अपने-अपने हिस्से की जमीन बेच दी थीं। अब वही जमीन दोबारा बेचने का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि आरोपियों ने जालसाजी कर इसमें मृतकों द्वारा ही जमीन बिक्री दिखाई है। इसका खुलासा बगल की तीसरे व्यक्ति की जमीन पर कब्जा करने में सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 24 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

बिजनौर थाना अंतर्गत हरिहरपुर निवासी पुरुषोत्तम ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि आरोपियों ने सरोजनीनगर स्थित उप निबंधन कार्यालय के माध्यम से मिलीभगत कर उसकी जमीन हड़प ली। बताया सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत निलमथा निवासी पीएन सिंह, अभिषेक पाण्डेय, केशव मिश्रा, संजय कुमार मिश्रा समेत 24 लोगों ने मिलकर उसके हिस्से की पैतृक जमीन हड़पने की साजिश रची। जालसाजी कर अलग-अलग तारीखों में उप निबंधन कार्यालय से अनुबंध-पत्र, विक्रय पत्र तैयार कर उसके नाम की जमीन बैनामा करा ली। बिजनौर इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# सरदार पटेल के योगदान को दिखाएंगी रजाकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : समरवीर क्रिएशन एलएलपी के बैनर तले बनी फिल्म रजाकार द साइलेंट जेनोसाइड ऑफ हैदराबाद भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अतीत को रेखांकित और लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को समर्पित है। फिल्म के निर्माता गुदुर नारायण रेड्डी ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान पत्रकारों को इस बात की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि फिल्म में स्वतंत्रता संग्राम के वक्त हैदराबाद के निजाम के आदेश पर हुए अत्याचार को दर्शाया गया है। फिल्म रजाकार को दक्षिण भारतीय भाषा के साथ हिन्दी में भी बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया है। यह फिल्म पूरे भारत में 26 अप्रैल को रिलीज की गई है।

फिल्म रजाकार के मुख्य अभिनेता राज अर्जुन ने बताया कि हर भारतीय को यह फिल्म देखना चाहिए। वहीं फिल्म अभिनेत्री अनुसूया त्रिपाठी ने बताया कि इस फिल्म में महिलाओं के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को दर्शाया गया है। लखनऊ के बारे में उन्होंने कहा कि जितना सुना था उससे कहीं ज्यादा देखने को मिला। यहां का खान-पान, चिकन के कपड़े, ऐतिहासिक धरोहरें और बातचीत करने का तरीका बहुत कुछ आकर्षित करता है।



स्पेशल स्क्रीनिंग के मौक पर उपस्थित कलाकार। अमृत विचार

## एक नजर

### हजारों की नकदी समेत माल पर चोरों ने किया हाथ साफ

कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के पीरपुर गांव में चोर ने एक घर में घुसकर सोलह हजार की नकदी व दो जोड़ी पायल, दो मंगलसूत्र, बिछिया चोरी कर ली। पीड़ित रामजीवन ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### आग से दो घरों का सामान जलकर खाक

रेउसा। अज्ञात कारणों से लगी आग से दो घर जलकर खाक हो गये। आग से हजारों का सामान जलकर राख हो गया। बुधवार को रेउसा के ग्राम कुशमौहरा कूटी ग्राम के पड़ोस में मुनीर खां, रहीस खां के घरों में तेज हवाओं के झोंको के साथ आग लग गई। जिसमें बर्तन, कपड़ा, अनाज समेत दो साइकिल जल गई। पीड़ितों के मुताविक 20 हजार का नुकसान का नुकसान हुआ है। फायर बिग्रेड को सूचना दी गई, लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों की मदद से आग की लपटों पर काबू पाया गया। वहीं तहसीलदार उमा शंकर त्रिपाठी के निर्देश से मनीष राठौर ने तिरपाल दिए गये।

### समूह की महिलाओं से ठगी, दी गई तहरीर

हरदोई, अमृत विचार। माधौगंज ब्लाक परिसर में आयोजित रोज़गार मेले में समूह चलाने वाली महिलाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर उनका आधार कार्ड लेते हुए 10-10 हज़ार लिए गए। लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली। इस मामले में लखनऊ की एक कंपनी के दो प्रतिनिधियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। बताया गया कि जनवरी माह में ब्लाक परिसर में रोज़गार मेला लगा था। उसी थाने के रूदामऊ की समूह की महिला सुनीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर बताया कि रोज़गार मेलें में लखनऊ की आईडीएमपी इंडिया कंपनी सेकेंड फ्लोर नीलगिरी फैज़ाबाद रोड इंदिरा नगर के प्रतिनिधि रवि सिंह व गोविंद यादव ने उसे व अन्य महिलाओं से 10-10 हजार रुपये ठग लिये।

# आपसी विवाद में ईंट मारकर ली भाई की जान, दो घायल

## सबसे छोटा भाई फरार, मृतक की पत्नी ने हत्या का लगाया आरोप

सदरपुर, सीतापुर


मृतक की पत्नी से बात करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** तीन भाइयों के आपसी विवाद में एक भाई ने अपने बड़े भाई उसकी पत्नी सहित एक अन्य भाई को ईंट-गुम्मे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों को पुलिस द्वारा इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां, चिकित्सकों ने एक भाई को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

सदरपुर के सोंसा खाफा में मंगलवार की दोपहर राजेश (45) अपने भाई विजय (40) व आशाराम (35) पुत्र बनवारी के साथ बिलौली बाजार चौराहे पर मजदूरी करने गया था। दोपहर में वहां से तीनों शराब पीकर वापस लौटे तो रास्ते में सोसा नर्सरी के पास उनके बीच शराब के नशे में मारपीट हुई। घर पहुंचने पर दोनों भाइयों ने बड़े भाई राजेश को तख्त पर लिटा दिया। शाम को फिर आशाराम व विजय के बीच मारपीट में ईंट-गुम्मे चलने लगे। मारपीट में विजय, पत्नी सीमा व राजेश की पत्नी राजरानी (35) को चोटें आईं।

मारपीट की सूचना पर डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराते हुए घायलों की हालत देखी। इस दौरान तख्त पर लेटे राजेश को पुलिस ने उठाने का प्रयास किया तो वह बेहोश मिला। आनन-फानन में पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने राजेश को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल विजय, राजरानी व सीमा का इलाज सीएचसी में चल रहा है। आरोपी मृतक का छोटा भाई आशाराम घटना के बाद से फरार है।

मृतक की पत्नी राजरानी ने शराब के नशे में धुत आशाराम पर अपने बड़े भाई को ईंट-गुम्मों व लात-घूंसों से हमलाकर मार डालने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि दोपहर में तीनों ने एकसाथ शराब पीकर खाफा नर्सरी के पास मारपीट की थी। मौके पर पहुंची पुलिस घायलसें को लेकर सीएचसी महमूदाबाद लेकर आई थी जहां चिकित्सकों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया है। राजेश की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# घर से निकले व्यक्ति की गला रेतकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- ग्रामीणों ने युवक का खून से लथपथ शव खेत में देखा
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शुरू की छानबीन

**अमृत विचार।** खैराबाद थाना इलाके में मंगलवार की शाम घर से निकले अधेड़ व्यक्ति का खेत में खून से लथपथ शव देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। अधेड़ व्यक्ति की हत्या अज्ञात हमलवारों ने गला रेतकर किये जाने की आशंका परिजनों ने व्यक्त की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली नगर के मोहल्ला दुर्गापुरवा निवासी सुरेंद्र (44) वर्ष पुत्र मुन्ना लाल की गला रेतकर कर दी गई। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम वह घर से निकले जिसके बाद उनका कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार दोपहर खैराबाद इलाके के ग्राम नानकारी इलाके में एक अधेड़ व्यक्ति की गला रेता शव मिलने की सूचना पुलिस को ग्रामीणों ने दी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक खैराबाद मय फोर्स मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# फर्जी प्रमाणपत्र लगा उद्यान विभाग में नौकरी करने वाले 8 लोगों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के उप निदेशक ने हजरतगंज कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र

**अमृत विचार :** हजरतगंज कोतवाली में निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्कण के उप निदेशक प्रवीन कुमार ने आठ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले का खुलासा विवि से प्रमाण-पत्रों का सत्यापन कराने के दौरान हुआ। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जायेगी।

निदेशक ने कोतवाली में दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि 20 सितंबर 2016 को पर्यवेक्षक, वर्ग-3 के रिक्त 72 पदों पर विज्ञापन निकाला गया था। इसमें चयनित 9 अभ्यर्थियों की चयन सूची निदेशालय को उपलब्ध करायी गयी। जिसमें एक अभ्यर्थी औपबन्धिक रूप से चयनित किया गया था। चयन सूची संग बाकी आठ अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेख निदेशालय को उपलब्ध कराये गये थे। प्रपत्रों के सत्यापन में 9 में से 6 अभ्यर्थियों ने कृष्ण देव आर्य विश्वविद्यालय, अनन्तपुराम, आन्ध्र प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण में शिक्षा का उल्लेख करते हुये प्रमाण-पत्र लगाये थे। इनके कागजात कृष्णदेव आर्य विवि को सत्यापन के लिये भेजे गये। तो बताया गया कि उनके विवि में डिप्लोमा पाठयक्रम कभी चलाया ही नहीं गया। बताया कि सातों आरोपियों की सेवा समाप्त कर धोखाधड़ी व साजिश आदि की धाराओं में मामला दर्ज कराया गया है। इसके अलावा अन्य कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही लिये गये वेतन की भी वसूली की कार्रवाई की जायेगी।

**इनके खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट**

आलोक अग्रहरि पुत्र रमेश अग्रहरि निवासी विवेक नगर, सुल्तानपुर, पंकज कुमार यादव पुत्र राज कुमार यादव निवासी कुण्डा जिला प्रतापगढ़, अमित कुमार पुत्र जदुनाय सिंह निवासी सराय प्रयाग, जिला कन्नौज, अनुराधा वर्मा पुत्री वृजेश कुमार निवासी हरख जिला बाराबंकी, वेद प्रकाश सिंह पुत्र कामता प्रसाद सिंह निवासी अल्लापुर, प्रयागराज, रवीन्द्र सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह निवासी तातारगंज, जिला प्रयागराज और राज किशोर पटेल पुत्र चतुर्भुज पटेल निवासी राठ, जिला हमीरपुर शामिल हैं।

### आग से 40 परिवारों का लाखों का नुकसान

अमृत विचार, दरियाबाद, बाराबंकी : घाघरा किनारे बसे ग्राम अहिरनपुरवा मजरे सेमरी में बुधवार की दोपहर शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के तार पर बैठे पंक्षी को करंट लगने से वह पक्षी जलता हुआ नीचे छप्पर पर आ गिरा। जब तक ग्रामीण छप्पर में लगी हुई आग को बुझाने के लिए कुछ करते। तब तक आग ने अगल बगल के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल व स्थानीय प्रशासन को दी। सूचना पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर किसी तरह काबू पाया। लेकिन तब तक गांव के कुल करीब 41 लोगों के घरों की गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी।

# दाउदपुर जंगल में लगी आग बुझाने में जुटी दमकल टीमें

कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दाऊदपुर जंगल में अज्ञात कारणों के चलते भयानक आग लग गई जिसको बुझाने के लिए ग्रामीणों और दमकल टीमें लगी हुई हैं।

पीरनगर गांव के करीब जंगल से लगी आग पछुआ हवा का रूख पाकर पूरब की तरफ बढ़ चली आनन-फानन में ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी जिसपर पुलिस ने तुरंत फायर टीम को सूचना दी और मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और गांव व फसल को बचाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। फायर ब्रिगेड के क्षेत्राधिकारी सुभाष सिंह मौके पर पहुंचकर टीमों को निर्देश देते रहे। उन्होंने कहा कि आप सब गांव तक आग न पहुंचने दें। दमकल टीमें और पुलिस ग्रामीणों की मदद कर आग को जंगल के बाहर आने से रोक लिया गया है। खबर लिखे जाने तक जंगल में आग अभी भी फैली हुई है। आग पर काबू करने का प्रयास किया जा रहा है।

# किसान सहित दो लोगों ने फांसी लगाकर दे दी जान

हरदोई

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में किसान सहित दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पहली घटना में कासिमपुर थाना क्षेत्र की है। ग्रामसभा गौरी फखरुद्दीन का ग्राम बरुआहार निवासी बुजुर्ग किसान शंभू पुत्र खगेश्वर उम्र 85 वर्ष ने बुधवार की सुबह गांव के बाहर बाग में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव कों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक बुजुर्ग के दो लड़के हैं। परिवारजनों के अनुसार कुछ दिनों से मृतक गुमसुम रहता था। दूसरी घटना शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र की है। यहां के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी अजय कुमार (48) गल्ला मंडी में मुनीमी किया करता था। बीते पांच वर्ष से वह मानसिक रूप से परेशान था, जिसका इलाज चल रहा था। बीच में कुछ दिन ठीक होकर काम पर जाने लगा था। इधर 6 माह से उसका दिमागी संतुलन फिर बिगड़ गया था। बुधवार को दोपहर उसने कमरे में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजय विवाहित था। उसका 13 वर्ष का एक पुत्र है।

## किशोरी ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** कछौना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरहकांटी मजरा कमीपुर में मंगलवार की रात को घर में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिजन काफी व्यथित हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिरहकांटी मजरा कमीपुर निवासी अनिल मौर्य की पुत्री दिव्यांशी (14) ने मंगलवार की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर कोतवाली कछौना की टीम व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# दाई के इलाज से गर्भवती के पेट में बच्चे की हुई मौत

बेनीगंज, हरदोई


अस्पताल में भर्ती पिंकी देवी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में झोलाछाप की भरमार है और प्रशासन की मेहरबानी से इनका धंधा भी खूब फल-फूल रहा है। जिसके चलते जानकारी के अभाव में मरीजों को आर्थिक हानि के साथ ही कभी कभी जान से भी जाना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार की रात देखने को मिला।

ग्राम जानकी नगर कोथावां निवासी रंजीत ने बेनीगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह पत्नी की डिलीवरी कराने बेनीगंज नगर के बाजार टोला निवासी गोमती देवी के पास ले गया था, वह अपने घर पर ही महिलाओं की डिलीवरी का कार्य करती है। गोमती देवी ने जच्चा-बच्चा दोनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन गोमती देवी द्वारा डिलीवरी कराने में लापरवाही बरतने के कारण बच्चे की पेट में ही मौत हो गई, जिसके बाद से उसकी पत्नी पिंकी की हालत भी काफी खराब है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने पर कार्यवाही की जाएगी। महिला के परिजनों ने बताया कि वह गर्भवती को लेकर पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां गए थे, जहां डाक्टरों ने हालात गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया था। जिसके बाद परिजन कोथावां कस्बे में स्थित एक हास्पिटल पहुंचे, जहां आपरेशन से डिलीवरी कराने की बात डाक्टरों ने कही थी, लेकिन पैसा न होने कारण परिजन महिला को लेकर चले आए। तब गोमती देवी निवासी बेनीगंज ने सामान्य प्रसव कराने की जिम्मेदारी लेकर इलाज शुरू कर दिया, लेकिन इलाज में लापरवाही बरतने के कारण बच्चे की पेट में ही मौत हो गई और हमारी पत्नी की हालत भी नाजुक बनी हुई है। प्रसूता के पति ने बताया कि सुबह से शाम तक दिलासा देने के बाद देर रात को गोमती देवी ने बताया कि बच्चा पेट में ही मर गया, अब अपने मरीज को कहीं और ले जाकर इलाज कराओ, आपरेशन कराकर बच्चे को बाहर निकलवाओ।

> बेनीगंज में घटित घटना में हमें किसी भी प्रकार लिखित सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं और बगैर लिखित सूचना के किसी प्रकार की कार्यवाही संभव नहीं है, बावजूद इसके नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक को मामले में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है
>
> -**मनोज कुमार**, नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, हरदोई

> बेनीगंज नगर में घर के अन्दर कराई गई। डिलीवरी में बच्चे की मौत मामले में पुलिस को सूचना दी गई है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग अधिकारी मनोज कुमार को जरूरी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।
>
> -**डॉ. विपुल वर्मा**, सीएचसी अधीक्षक कोथावां

### महिला ने आत्महत्या का किया प्रयास

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंदरोला निवासी शीला देवी (26) पत्नी मुकेश कुमार का विवाह चार वर्ष पूर्व हुआ था। बुधवार को परिवार में विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद शीला ने घर के कमरे में साड़ी का फंदा गले में डालकर पंखे से लटक गई। यह देख घर में मौजूद महिला की सास ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने फंदे को काटकर महिला को नीचे उतारा लेकिन तब तक महिला अचेत हो चुकी थी। आनन-फानन महिला को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहा उसकी हालत को गंभीर बताते हुए लोहिया अस्पताल भेज दिया गया है।

# शादी का झांसा देकर युवती से सालों तक किया दुष्कर्म

ऊंचाहार, रायबरेली।

- अब किया इनकार, पीड़िता पहुंची एसपी की चौखट

**अमृत विचारः** युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उससे शादी का वादा किया, फिर उसके साथ दुष्कर्म। सालों तक दुष्कर्म का सिलसिला चलता रहा। युवती शादी के झांसे में आकर सबकुछ सहती रही। जब युवक ने शादी से इंकार कर दिया तब युवती के साथ हुए धोखे का उसे एहसास हुआ। पीड़िता ने एसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पनवारी मजरे दौलतपुर का है। यहां की रहने वाली युवती का कहना है कि सालों पहले उसकी मुलाकात पूरे ठकुराइन मजरे धूता निवासी युवक से हुई थी। युवक ने पहले उसे प्रेमजाल में फंसाया फिर उससे शादी का वादा किया। उसके बाद युवक ने उसके साथ संबंध बनाना चाहा तो युवती ने इंकार किया। किंतु युवक ने शादी की बात कहकर उसके साथ संबंध बनाया। यह सिलसिला सालों तक चलता रहा। इस बीच युवक युवती को अपने घर भी ले गया और परिजनों से उसे मिलवाकर शादी की बात की थी। अब युवक और उसके परिजनों ने शादी से इंकार कर दिया। उसके बाद युवती खुद को ठगा सा महसूस कर रही है।

### प्रेम प्रसंग से तंग आकर युवक ने पिया फिनायल

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत शिवगढ़ के रहने वाले 22 वर्षीय युवक प्रसुन्नदत्त ने प्रेम प्रसंग में तंग आकर फिनायल पी लिया। जिससे युवक की हालत बिगड़ गयी। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले जाएगा, जहां उपस्थित चिकित्साधिकारी डा अनिल कुमार ने युवक की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्साधिकारी डा अनिल कुमार ने बताया कि युवक की हालत अच्छी नही है जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# कस्बे में पहुंचे हिरण को कुत्तों ने नोचा, रेस्क्यू

रामसनेहीघाट, बाराबंकी


उपचार करते वन विभाग के कर्मचारी।

**अमृत विचार :** जंगली इलाकों में लगातार हो रही अवैध कटान के चलते जंगली जानवर शहरों और कस्बों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ नगर पंचायत राम सनेही घाट के भिटरिया दरियाबाद रोड पर देखने को मिला है।

जहां एक हिरण जंगल से बाहर हाईवे किनारे कस्बे में पहुंच गया। हिरण को देखकर आवारा कुत्तों ने उसे नोचकर घायल कर दिया। हिरन ने अपनी जान बचाने के लिए फल मंडी में एक फल के गोदाम में घुस गया। गोदाम स्वामी व स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग रेंजर संतोष कुमार मिश्रा को दी। उन्होंने सदर बीट इंचार्ज ऋषभ कुमार व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर हिरण को सकुशल रेस्क्यू करते हुए और उपचार करने के बाद उसके स्वस्थ होने पर जंगल में छोड़ दिया।

# हादसे में मैकेनिक की मौत

अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर रतापुर के पास बुधवार की शाम एक तेज रफ्तार टैंकर ने साइकिल सवार एक मैकेनिक को रौंद दिया। घटना में मैकेनिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, तभी आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी तरफ पुलिस ने घटना में शामिल टैंकर को कब्जे में ले लिया है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के भरत पुरम मोहल्ला निवासी वीरेन्द कुमार चौधरी पुत्र शिवपूजन सिंह जो बिजली मैकेनिक का काम करते थे। बुधवार को रतापुर चौराहे पर बिजली का कुछ सामान लेने के लिए निकले थे, जहां से वापस लौटते समय रायबरेली अयोध्या हाईवे पर पीछे से आए एक तेज रफ्तार टैंकर ने वीरेंद्र चौधरी 55 वर्ष की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टैंकर की टक्कर से वीरेंद्र उछलकर सड़क पर गिर गए और टैंकर उन्हें रौंदता हुआ गुजर गया। मौके पर जमा लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया टैंकर चढ़ जाने से वीरेंद्र चौधरी की मौत हो गई थी। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना में शामिल चालक को वाहन समेत हिरासत में ले लिया गया है।

# 210 मेगावाट की यूनिट फिर खराब, उत्पादन ठप

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। बिजली की बढ़ी हुई मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में यूनिटें नहीं चल पा रही हैं। एक-एक करके विभिन्न यूनिटों में कुछ न कुछ खराबी आ रही है जिससे परियोजना का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। अब मंगलवार की रात एनटीपीसी में 210 मेगावाट की यूनिट नंबर तीन तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। मंगलवार की रात 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या तीन के पीए फैन (प्राथमिक वायु पंखे) में खराबी आ गई जिसके कारण इस यूनिट को बंद करना पड़ा। ज्ञात हो कि प्राथमिक वायु पंखे ब्वॉयलर सिस्टम को उच्च दबाव वाली हवा प्रदान करते हैं, जो एपीएच के माध्यम से इसमें प्रवेश करती है। इस हवा का उपयोग कोयले को सुखाने और उसे मिल से भट्टी तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह ब्वॉयलर में प्राथमिक दहन के लिए ऑक्सीजन भी प्रदान करता है। पीए पंखे द्वारा ठंडी और गर्म दोनों प्राथमिक हवा प्रदान की जा सकती है। पीए फैन में खराबी के कारण ब्वायलर में कोयले को जलाने में दिक्कत आ रही थी इसलिए यूनिट को बंद कर दिया गया। अब ब्वायलर का तापमान सामान्य होने के बाद खराबी को ठीक किया जायेगा। इससे पूर्व ऊंचाहार परियोजना में 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या दो में कई बार खराबी आई थी। उसके बाद 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या 5 में दो बार खराबी आई। जिसके कारण उत्पादन प्रभावित हुआ था। अब यूनिट संख्या तीन बंद हुई है। यूनिट बंद होने के कारण उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश सहित देश के कुल नौ राज्यों की विद्युत आपूर्ति पर असर पड़ा है।

### 7 को हज यात्री कराएं टीकाकरण

रायबरेली, अमृत विचार। मदरसा जामिया उम्मुल मोमिनीन आयशा अल इस्लामियां लिल बनात बड़ा कुआं में 7 मई को चयनित हज यात्रियों का टीककाकरण किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने बताया कि उक्त तिथि को हज 2024 पर जाने वाले जनपद के चयनित 88 हज यात्री अपना-अपना टीकाकरण करा लें। नोडल अधिकारी जिला संक्रामक कक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी की देख रेख में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अन्य कार्मिकों द्वारा किया जायेगा। जिला हज ट्रेनर द्वारा हज के अरकान सम्बन्धी प्रशिक्षण व जानकारी दी जायेगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने हज 2024 पर जाने वाले चयनित हज यात्रियों से कहा है कि उक्त स्थान पर ससमय उपस्थित होकर टीका लगवाने व प्रशिक्षण की जानकारी दी जायेगी।

# 4 बीघे का तालाब गायब

ऊंचाहार, रायबरेली।

- जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय ने दिया अतिक्रमण हटाने का निर्देश

**अमृत विचारः** नगर पंचायत के महादेवन मुहल्ले में स्थित चार बीघे का तालाब गायब हो गया है। यहां पर पक्के भवन बन गए है। मामले में जनहित याचिका के बाद उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए है।

नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन के महादेवन मुहल्ले में गाटा संख्या 2490 राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है। जिसका रकबा करीब चार बीघा है। विगत करीब एक दशक से इस बेस कीमती तालाब की भूमि पर भूमाफियाओं की बुरी नजर पड़ी और देखते ही देखते रात दिन में पूरा तालाब ही गायब हो गया, जहां तालाब था , वहां पक्के भवन बन गए। इस तालाब को मिटाने के लिए पूरा खेल प्लाटिंग करके किया गया है। इस मामले में कस्बा निवासी राजू ने उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल की थी। जिस पर न्यायालय ने स्पष्ट आदेश जारी किए है। न्यायालय ने जिला प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करके अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए तालाब को मुक्त कराने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद तालाब की जमीन पर बने दर्जनों मकान बुलडोजर की जद में आ गए है जिससे खलबली मची हुई है। जिन लोगों के मकान बने हैं।

# चोरी करने वाले गिरोह के 5 शातिर धरे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- बाराबंकी सहित आस पास के जनपदों में घटनाओं को देते रहे अंजाम

**अमृत विचार :** जिले के तमाम क्षेत्रों व आसपास के जनपदों में किसान का वेश धरकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के पांच शातिर चोरों को एडिशनल एसपी चिरंजीवी नाथ के निर्देशन व सीओ डॉ. वीनू सिंह के नेतृत्व में बनी फतेहपुर पुलिस टीम ने बुधवार को स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए अनिकेत उर्फ छोटू, सोनू लोनिया व मिथलेश लोनिया उर्फ मुसउ पिंकू, सीतापुर जिले के रहने वाले हैं जबकि नितिन त्यागी हैदरगढ़ बाराबंकी का निवासी है। गिरफ्तार किये गए अभियुक्तों ने फतेहपुर, हैदरगढ़, जहांगीराबाद, टिकैतनगर रामनगर, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्रों में चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया। इन चोरों ने एक सोने का हार, दो सोने की चेन, छह अंगूठी, चार नथनी सहित भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण के साथ 40 हजार पांच सौ रुपये, एक मोबाइल फोन, तमंचा, ट्रैक्टर, एक कार व मोटर साइकिल बरामद किया।

पूछताछ में यह बात भी निकलकर आई कि जानकारी जुटाने के बाद शातिर चोर समय देखकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने इन चोरों को कसियापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि इन पांच शातिर चोरों का एक संगठित गिरोह है, जिनकी पुलिस तलाश में जुट गई। पकड़े गये अभियुक्तों में सोनी लोनिया पर गैंगेस्टर एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक मुकदमे जिले के अलग अलग थानाक्षेत्रों में दर्ज हैं। जबकि नितिन त्यागी पर लखनऊ, अमेठी, रायबरेली बाराबंकी जिले में अलग-अलग थानाक्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वहीं मिथिलेश पर गोण्डा, सुल्तानपुर, सीतापुर जिले के अलग-अलग थानों में आठ मुकदमे, अभियुक्त अनिकेत पर सीतापुर व बाराबंकी के थानों में नौ आपराधिक केस दर्ज हैं।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च ।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या के ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# संघर्ष विराम का समय

गाजा में हर दिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। राफा पर इजराइल के सैन्य हमले से संघर्ष में वृद्धि होगी और इसके कारण हजारों फिलिस्तीनी नागरिक मारे जाएंगे। शीघ्र ही अगर युद्ध विराम समझौता नहीं किया गया तो यह युद्ध गाजा में चौतरफा विनाश और भीषण परिणामों के साथ, पूरे क्षेत्र में और भी भयंकर नतीजों के साथ फैल जाएगा। गाजा में युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को उस समय भड़का था, जब हमास ने इसराइल के दक्षिणी इलाके में घातक हमला किया था जिसमें लगभग 1200 लोग मारे गए थे। उसके बाद इजराइली सैन्य हमलों में 34,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हैं और 73 हज़ार से अधिक घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने एक बार फिर इजराइल और हमास से युद्ध विराम के लिए सहमति की अपील की है। गुटेरेस की यह अपील ऐसे समय में जारी की गई है जब इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के लिए बातचीत चल रही है। उधर युद्ध विराम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बुधवार को इजरायल पहुंच गए हैं। हमास और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से एंटनी ब्लिंकन की यह सातवीं यात्रा है। उन्होंने इजराइली नेताओं से मुलाकात की। क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन इजराइल को गाजा पट्टी के एक हिस्से में बड़ा जमीनी हमला शुरू करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे, जहां फिलिस्तीनियों ने युद्ध के दौरान शरण मांगी थी।

इजराइल ने इजराइली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में अपने 33 बंधकों (महिलाओं, बुजुर्गों और बीमारियों से पीड़ित) को रिहा करने के मध्यस्थों के सुझाव पर सहमति व्यक्त की है। जेलों में बंद इन फिलिस्तीनियों में से कई हत्या के मामलों में आरोपी हैं। ब्लिंकन और बिडेन के अन्य शीर्ष सहयोगी भी हमास से छह सप्ताह के संघर्ष विराम और कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में बंधकों को मुक्त करने के लिए एक समझौते पर सहमत होने का आह्वान कर रहे हैं। वार्ता महीनों से रुकी हुई है और इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि वे अपनी मांगें कम करने पर सहमत हुए हैं। नवंबर में, हमास ने सात दिवसीय संघर्ष विराम के दौरान 100 से अधिक बंधकों को मुक्त कर दिया। वास्तव में अब और देरी नहीं कार्रवाई करने का समय आ गया है। क्योंकि कोई अन्य विकल्प नहीं है। अस्थायी संघर्ष विराम से स्थायी संघर्ष विराम हो सकेगा।

# आर्थिक उदारवाद से मध्यवर्ग की आकांक्षाओं को लगे पंख



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

> आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी। कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए।

90 के दशक से ही निजीकरण के महिमा मंडन ने मध्य वर्ग को बेहद उत्साहित कर रखा था और दस वर्ष के मनमोहन काल में बढ़ी समृद्धि ने इस वर्ग की आकांक्षाओं को जैसे पंख लगा दिए थे। इन्हीं पंखों पर चढ़ कर कारपोरेट नेशनलिज्म ने अपनी ऊंची उड़ान भरी जिसे जमीन पर रेंगता आर्थिक रूप से निम्न तबका हसरत भरी निगाहों से ताकता रहा।

कारपोरेट नेशनलिज्म इसी तरह आता है जैसे भारत में आया। स्वप्नों को त्रासदियों में बदल देने वाले छद्म राष्ट्रवाद और पुनरुत्थानवाद की आड़ में मुनाफे का निरंकुश खेल, जिसमें राजनीति बंधक बन जाती है और लोकतंत्र जैसे किसी प्रहसन में तब्दील हो जाता है। चल रही व्यवस्था से नाराज लोगों को अच्छे दिनों के ख्वाब दिखाना, बेरोजगारी से त्रस्त समाज को नौकरी के सब्जबाग दिखाना, अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरोसा दिलाना और जनता की तमाम जहालतों का ठीकरा व्यवस्था पर काबिज लोगों और उनकी नीतियों पर फोड़ना। इस तरह यह अपना रास्ता बनाता है।

इतना ही काफी नहीं होता। कारपोरेट नेशनलिज्म को अपने पांव पसारने के लिए एक ऐसे प्रायोजित नायक की जरूरत होती है जिसके छद्म छवि निर्माण से जनता को भ्रमित और चमत्कृत किया जा सके ताकि उसे लगे कि हमारा उद्धार करने वाला आ गया और कि हमें उसका खैर मकदम करते हुए अपने सिस्टम की चाबी उसे सौंप देनी चाहिए।

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

ऐसा दौर, जिसने भारतीय पत्रकारिता का घोर नैतिक पतन देखा, जिसने मध्य वर्ग की जटिल मानसिकता के भीतर की कुरूपताओं को उजागर किया, तथाकथित सवर्णों के बड़े हिस्से की सांप्रदायिक चेतना को उभारा और जिसने तथाकथित निचली जातियों के कई भ्रष्ट राजनीतिक ठेकेदारों के राजनीतिक चरित्र को खोल कर सामने रख दिया। सबसे महत्वपूर्ण कि इस दौर ने नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की परतों को उधेड़ कर रख दिया और हमें अहसास दिलाया कि अपने मुनाफे के लिए कारपोरेट का एक प्रभावशाली तबका किस कदर जन विरोधी हो सकता है।

कारपोरेट नेशनलिज्म ने निजीकरण को मुक्ति का मार्ग घोषित किया। हमारे देश के बिजनेस क्लास ने साबित किया कि मुनाफे की संस्कृति में अधिकाधिक लाभ कमाने के लिए वह नैतिक रूप से कितना नीचे गिर सकता है। अधिकाधिक मुनाफा कमाना, अधिकाधिक श्रम लेना, न्यूनतम वेतन देना। नीति निर्माण की प्रक्रिया पर अपनी पकड़ को निरंतर सख्त करता यह वर्ग अमानवीयता की हदों से गुजरता गया जहां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत संरचनाओं पर उसके बढ़ते आधिपत्य ने एक पतित संस्कृति का निर्माण किया।

जब हम नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की बातें करते हैं तो हम इसके चरित्र को यूरोप और अमेरिका से अलग कर देखने की कोशिश करते हैं। लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक और पढ़े लिखे देशों में निजी उपक्रमों पर नियामक संस्थानों का कठोर नियंत्रण होता है और वे निर्धारित मानकों की उपेक्षा नहीं कर सकते। हमारे देश में ये उपक्रम तय मानकों को धता बताने में बिलकुल भी गुरेज नहीं करते। ऐसा हर क्षेत्र में है जिस कारण हमारे देश में निजीकरण संगठित लूट का एक माध्यम बन गया है। क्या कोई सोच सकता है कि यूरोप के पढ़े लिखे देशों के डिजाइनर प्राइवेट स्कूल हमारे देश की तरह बच्चों की स्तरीय शिक्षा से अधिक चिंता उनके ड्रेस और उनकी किताबों के माध्यम से अधिकाधिक मुनाफा लूटने पर करें?

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी।

कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए। हेल्थ स्ट्रक्चर में सरकारी निवेश से अधिक तवज्जो करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलाई जा रही बीमा योजनाओं के माध्यम से निजी सेक्टर को मुनाफा के अवसर देना इसी आर्थिक चिंतन का हिस्सा है।

हालांकि, कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका तक में सार्वजनिक हेल्थ बीमा के माध्यम से चिकित्सा प्रणाली की विफलता उजागर हो चुकी है। हमारे देश में तो उस दौर की दुर्दशा की याद अभी भी अधिक पुरानी नहीं पड़ी। लेकिन उस दुर्दशा के बावजूद न नीति निर्माताओं ने कोई सीख ली, न जनता ने।

कोरोना संकट ने साबित किया कि दुनिया के जिस भी देश ने स्वास्थ्य में सरकारी संरचना को मजबूती दी है वही इस महामारी का बेहतर तरीके से सामना कर सका। लेकिन, कॉर्पोरेट संस्कृति इन सीखों पर भ्रम का आवरण चढ़ाने में देर नहीं लगाती। कारपोरेट नेशनलिज्म जब एक बार किसी सिस्टम पर काबिज हो जाता है तो आसानी से इसके तंबू नहीं उखड़ते। जब तक यह बकरों के खून को चूस सकता है, जब तक यह मानवता को तहस नहस कर सकता है, तब तक अंतिम दम तक यह फन काढ़कर खड़ा रहता है। बहुत सारे लोग, जिनमें कुछ नामचीन चिंतक पत्रकार भी शामिल हैं, उम्मीदें लगाए हैं कि 2024 शायद इनका विराम बिंदु साबित हो। लेकिन, यह इतना आसान नहीं। कोई राजनीतिक दल या दलों का समूह तब तक इन्हें अपदस्थ नहीं कर सकता जब तक जनता इनके तंबुओं के बांस उखाड़ने पर आमादा न हो जाए। फिलहाल तो ऐसी अधिक उम्मीद नहीं।

नौकरी और अच्छे भविष्य, अच्छी अर्थव्यवस्था और अच्छे दिनों के आश्वासनों के पुल पर चढ़ कर आया, नेशनलिज्म और ठेठ सांप्रदायिकता को अपने औजारों की तरह यूज करते कारपोरेट राज को असल चुनौती किसी राजनीतिक दल से नहीं, जनता से ही मिलती है और इसके कनात तब उखड़ते हैं जब तक चतुर्दिक त्राहि त्राहि नहीं मच जाती और बिलबिलाती जनता विरोध में मुट्ठियां नहीं कस लेती। इतिहास इस तथ्य का साक्षी है। हालांकि बिलबिलाती जनता जब विरोध में मुट्ठियां कस लेती है तो झूठे स्वप्नों का आख्यान रचते, देश और जनता को ठगते सिस्टम के अलंबरदारों की कैसी दुर्गति होती है यह भी इतिहास अनेक उदाहरणों से हमें बताता है। लगता नहीं कि भारत के मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अभी उस व्यामोह से बाहर निकल सका है जिसका वितान कारपोरेट नेशनलिज्म के सूत्रधारों ने रचा है। शायद अभी और फजीहतें बाकी हैं।

## प्रसंगवश

# विकास के अग्रदूत:श्रमिक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जब बहुत बड़ा भार होता है, तब पांच-सात मजदूर मिल कर उसे खिसकाते हैं, उठाते हैं, खड़ा करते हैं और यथास्थान ले जाते हैं, तब वे एक स्वर में जिन शब्दों का उच्चारण करते हैं, वे शब्द मानो उनके जीवन की व्यथा-कथा हैं, विवशता और हिम्मत। निर्धन मजदूर का जीवन मानो इन शब्दों का ही आख्यान है -

पल्ले पर गई हे ईसा।/ कोई बात नहीं है हे ईसा।/ थोरी रह गयी हे ईसा।/ पार पकर लयी हे ईसा। जिन श्रमिकों ने सडकें बनायी हैं, समुद्र को पाटा है, पर्वतों को पीस कर खेत बनाए हैं, खानों में प्रवेश करके संपदा का दोहन किया है, अपनी जान हथेली पर लेकर बहुमंजिले महल बनाए हैं, जिनकी बदौलत उद्योग चल रहे हैं, वे श्रमिक ही विकास के अग्रदूत हैं, देश का असली निर्माण करने वाले तो वे श्रमिक ही हैं। परन्तु यह कैसी व्यवस्था है, यह कैसी विडंबना है कि इतने श्रम के बाद भी वे ही आवासहीन हैं, वे ही धनहीन हैं? उनका जीवन त्रासदियों से आकुल-व्याकुल है।

इन कमेरों के श्रम के बिना वह बाजार और बाजार की नियामक-शक्तियां, वह अर्थव्यवस्था, वे बैंक, वह पैसा उत्पादन नहीं कर सकता। निर्माण नहीं कर सकता। रक्षा नहीं कर सकता। बाजार की नियामक-शक्तियां सब मिल कर के भी बाजार को नहीं चला सकेंगी। श्रम के बिना बाजार नहीं चलेगा। यह अलग है कि श्रम अपने परिवेश और व्यवस्था में कितना सस्ता और कितना महंगा है। बाजार की शक्तियां मनुष्य की इस श्रम-शक्ति का यांत्रिक-विकल्प खोजती रहती हैं। बेरोजगारी जितनी अधिक होगी, श्रम उतना सस्ता होगा। उत्पादक को उत्पादन का लाभ न मिले और बिचौलिया मुनाफ़ा कमाए तो भला उत्पादन कैसे बढ़ेगा? प्राइवेट-स्कूल-कालेज हैं, अध्यापक और अध्यापिकायें पढ़ा रही हैं, उन्हें क्या मिल रहा है? दस हजार-पंद्रह -हजार? बाकी मुनाफा कौन ले रहा है? जो खेती कर रहा है, उसे क्या मिला? कितना मिला? बाकी मुनाफा किसे मिला? श्रमिक आधे पेट रहे और कारपोरेट का पेट फूलता जाय। इस विश्व बाजार-व्यवस्था में मनुष्य की श्रम शक्ति का महत्व दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। मनुष्य की महिमा घट रही है।

# अर्थव्यवस्था की वैश्विक चुनौतियां



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

> अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक पंडितों को धता बताते हुए भारत, वैश्विक अपेक्षाओं से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इसी के फलस्वरूप पूरी दुनिया अब भारत को निर्विवाद रूप से तेज़ी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था मान चुकी है। परंतु इसी के साथ अपने प्रतिस्पर्धी एवं पड़ोसी देश चीन के साथ अपनी तुलना करने पर हमें कुछ कठोर यथार्थ का भी सामना करना पड़ता है। आज नहीं तो कल वैश्विक मंच पर चीन को पछाड़ने के लिए हमें कठोर यथार्थ को स्वीकार करते हुए उन सभी मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जहां हम चीन से पीछे रह गए हैं। एक ओर जहां चीन की प्रति कैपिटा इनकम 12 हजार अमेरिकी डॉलर से अधिक है। तो वहीं दूसरी और भारत की प्रति कैपिटा इनकम मात्र 2200 अमेरिकी डॉलर है। एक तरफ चीन ने अपने देश से गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। तो वहीं दूसरी और भारत में गरीबी एक यक्ष प्रश्न है। देश की आजादी के समय भारत की स्थिति चीन से काफी बेहतर थी किंतु भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में हुई कुछ भारी गलतियों के कारण हम चीन से विकास की रफ्तार में बहुत पीछे छूट गए थे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है। सभी आयात एवं निर्यात संबंधी गणना को 'बैलेंस ऑफ पेमेंट' के नाम से जाना जाता है। इसमें दो तरह के खाते होते हैं। जिसमें से पहला 'कैपिटल अकाउंट' और दूसरा 'करंट अकाउंट' के नाम से जाना जाता है। 'कैपिटल अकाउंट' में वह सभी ट्रांजैक्शन (लेन-देन) दर्ज होते हैं जो कि किसी दीर्घकालिक संपत्ति (एसेट) या फिर उत्तरदायित्व (लायबिलिटी) से संबंध रखते हैं। उदाहरण स्वरुप कोई कर्ज लेना एक लायबिलिटी है। तो कोई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एसेट का निर्माण करता है। इसके इतर 'करंट अकाउंट' वह खाता है जहां दर्ज किए गए ट्रांजैक्शन किसी एसेट अथवा लायबिलिटी से संबंध नहीं रखते हैं। यह करंट अकाउंट दो भागों में विभाजित हो जाता है। पहला 'ट्रेड अकाउंट' जिसमें सभी वस्तुएं जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, कृषि संबंधित उत्पाद आदि शामिल रहते हैं। तथा दूसरा 'इनविजिबल अकाउंट' जिसमें सेवाएं, लाभांश, दान, उपहार, ब्याज आदि को दर्ज किया जाता है।

यदि करंट अकाउंट के इन्हीं ट्रेड एवं इनविजिबल खातों का कुल योग ऋणात्मक होता है, तो इसे 'करंट अकाउंट डेफिसिट' बोला जाता है। यही करंट अकाउंट डेफिसिट भारत की लगभग स्थाई समस्या बन चुकी है। आसान शब्दों में इसे समझें तो भारत लंबे समय से आयात की अपेक्षा निर्यात कम कर रहा है। और हम विश्व मंच पर एक आयात प्रधान देश बन कर रह गए हैं। केंद्र सरकार इस क्षेत्र को गंभीरता से लेते हुए अपने दूरगामी लक्ष्य पर जिस प्रकार से कार्य कर रही है, उसी का परिणाम है कि हमारा करंट अकाउंट डिफिसिट कम होने की ओर अग्रसर है। भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत का चालू खाता घाटा अप्रैल-सितम्बर 2022 के 48.8 बिलियन डॉलर के मुकाबले आधे से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 17.5 बिलियन डॉलर का हो गया है। परंतु इस घाटे से उबर कर 'सरप्लस अकाउंट' बनने में अभी समय लगेगा।

भारत के साथ अच्छी बात यह है कि साल दर साल हमारे चालू खाते का घाटा देश के कैपिटल अकाउंट के सरप्लस से बैलेंस हो जाता है। और इस तरह से भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व लगातार मजबूत होता रहता है। परंतु कैपिटल अकाउंट को मजबूती विदेशी निवेश तथा कर्ज से मिलती है और इसलिए बहुत हद तक इस पर वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक स्थितियों का नियंत्रण होता है। मंदी की चपेट में आते ही किसी देश का कैपिटल अकाउंट सरप्लस खत्म हो सकता है। ऐसी स्थिति में भारत के लिए अत्यंत आवश्यक खनिज तेल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व प्राकृतिक गैस के आयात पर संकट उत्पन्न हो सकता है। और इस संकट का अर्थ है देश में गंभीर स्थितियां पैदा होना। साथ ही कैपिटल अकाउंट का मूल्यवर्धन होने का अर्थ लाभ ब्याज एवं डिविडेंड के रूप में पैसा बाहर जाना भी होता है। इसलिए कैपिटल अकाउंट के बढ़ने से यदि विदेशी मुद्रा कोष बढ़ रहा है, तो इसे स्वस्थ दृष्टिकोण नहीं माना जाना चाहिए। इसका अर्थ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला यह उपकरण भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। भारत का बड़ा ऊर्जा आयातक होना इस घाटे में बड़ा रोल अदा करता है।

## सोशल फोरम

# हर मजदूर का एक मालिक

> मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है?



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हर मज़दूर का एक मालिक होता है। मालिक एक निश्चित तनख़्वाह के एवज में यह तय करता है कि मजदूर क्या करेगा, क्या नहीं करेगा, कब करेगा। मालिक खुद काम नहीं करता वो काम करवाता है। मालिक बात मनवाता है और मज़दूर बात मानता है। मालिक मन की बात करता है, मज़दूर सुनता है। मालिक की मर्ज़ी, चाहे जब उठे, चाहे जब सो जाए। जब मर्ज़ी हो मज़दूरों की तरफ देखे जब चाहे अनदेखा कर दे। पर मज़दूर को इस बाबत बुरा मानने का हक नहीं होता। पर ना मज़दूर की गति मालिक के बिना, और ना मालिक की हैसियत मज़दूरों के बिना। दोनों लड़े झगड़े या शांति से रहें, इन्हें साथ रहना ही होता है।

पर मालिक होता है चतुर। चतुर है इसीलिए मालिक है। बहुत बार वो मजदूर की तरफ़ मुस्कुरा कर निहार लेता है। पीठ थपथपा देता है, हाल चाल पूछ लेता है बच्चों के। मज़दूर इतने भर में निहाल हो जाते हैं और चतुर मालिक इसके एवज़ में मज़दूरों से वो सब भी करवा ले जाता है जिसे बेगार कहते हैं।

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है? उसे क्या चाहिए। इसके बदले में मुस्कुराती है सभी को देखकर और यदा कदा पप्पियों से नवाजती है। मजदूर राजी हैं इस तनख़्वाह से और मजे की बात यह कि काम के घंटे तय न होने के बावजूद राजी हैं। चूंकि मालिक मिलनसार और खुशमिजाज है, इसलिए वो उसकी हर ख़्वाहिश को सिर माथे पर लेने के लिए तैयार बने रहते हैं। मालिक मज़दूर दोनों एक दूसरे से खुश हों ऐसी व्यवस्था अमूमन होती नहीं। पर हमारे घर में है। और इस व्यवस्था के चलते सब राजी खुशी हैं और अमन चैन कायम है।

-फेसबुक वॉल से

# ढंग से जीने की आजादी देता है संविधान



हफीज किदवई
लेखक

> इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुक़ूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है।

अगर कोई आपको पकड़ कर कहे कि चलो उठो, तुम्हें फ़लाने नेता को खून देना है। तो आप उसे किस अधिकार से मना कीजिएगा। यही नहीं अगर कोई अधिकारी कह दे कि आपकी किडनी निकालकर फ़लाने को लगा दी जाए। तो आपके पास ऐसी कौन सी ताक़त है, जो यह करने से रोकिए।

अच्छा अगर कोई कहे कि सुबह आपको नाश्ते में पोहा, दोपहर खाने में बाटी चोखा और रात को हल्का खाना ढोकला ही खाना है। इसके अतिरिक्त कुछ नहीं खाया जा सकता, पीने के केवल दो विकल्प हैं, सत्तू या फिर पानी, बाकी कोई सॉफ्ट ड्रिकन नहीं पी सकते हैं। तो ऐसा करने से मना करने की कौन सी ताक़त है आपके पास। अच्छा यह भी छोड़िए, अगर कोई आपसे कह दे कि आप सिर्फ फ़लाने तरीके की लड़की या लड़के से ही शादी कर सकते हैं। कोई दूसरे से नहीं, या फिर आप प्रेम सिर्फ अपने ही धर्म, मज़हब या फिर कॉलोनी में कर सकते हैं, तो वह कौन सी ताकत है, जिससे आप इस पाबंदी से निपटेंगे। मसला यह है कि आप जो रोजमर्रा की ज़िंदगी जीते हैं, अगर इसमें कोई अपना ज़बरन हस्तक्षेप करे, तो वह कौन सी ताक़त है, जो इसे रोकेगी।

जानते हैं यह ताकत क्या है। यह है हमारे देश का संविधान। इसमें लिखी हमारे अधिकार और कर्तव्यों की वह लाइन है, जो ऐसा हर काम करने से रोकती है यह है हमारी ताक़त। हमारे संविधान ने हमें दैहिक स्वतंत्रता दी है। इसलिए कोई भी,कभी भी, खड़ा होकर हमारी नसों से खून नहीं निकलवा सकता है, हमारी किडनी नहीं छीन सकता है, हमारी गाड़ी नहीं उठवा सकता है, हमारे खानों को सीमित नही कर सकता है, हमारे मनोरंजन पर पहरा नहीं बैठा सकता है।

लोग संविधान को केवल आरक्षण जैसे विषयों पर ही लाकर ख़त्म कर देते हैं। आरक्षण तो सिर्फ़ एक मामूली हिस्सा है, असली बात तो यह है कि हमारा संविधान, हमें, हमारे ढंग से जीने की आज़ादी देता है। अगर यह नहीं होगा, तो कोई भी ताकतवर आपको पकड़कर चार यूनिट खून ले लेगा और कोई अधिकार न होने पर, आप सिर्फ खून देंगे और रोएंगे। इसलिए ज़रूरी है संविधान, इसलिए ही बात हो रही है कि इसे बचा लो। आरक्षण के पन्ने से ज़्यादा यह बात महत्वपूर्ण है, जिसपर बात ही नहीं हो रही।


अभी वैक्सीन का तमाशा बाहर आया है। जानते हैं सुप्रीम अदालत में हुक़ूमत ने क्या कहा है कुछ रोज़ पहले, यही की उसने कभी भी वैक्सीन लगाना अनिवार्य नहीं किया था। यानि वैक्सीन वैकल्पिक थी। यह जानते हैं किस डर से कही गई बात है। संविधान का डर, क्योंकि वह ज़बरदस्ती से रोकता है। जबकि आपको पता है कि हर जगह पर वैक्सीन लगवाना अनिवार्य ही था मगर यह विभागीय स्तर पर हुआ था। हमारा संविधान इतना ही शक्तिशाली है कि उसमें हर कमज़ोर के लिए ताकत रखी गई है।

आपको हमेशा लगता होगा कि आप बड़े ताकतवर हैं। आपको संविधान की ज़रूरत ही क्या है। संविधान हमारी ज़िंदगी मे क्या ही रोल निभाता है। यह तो दलित और अल्पसंख्यक के लिए है। मगर जब कभी आप कमज़ोर पड़ते हैं, डॉक्टर के आगे, वकील के आगे, पुलिस के आगे, अधिकारी के आगे, दबंग के आगे, नेताओं के आगे,तब यही संविधान होता है, जो आपकी ताक़त बनकर इनका मुकाबला करता है। यह सिर्फ कुछ पन्नों की किताब नहीं है, इसकी अहमियत समझिए ।

यहां कोई यह नही कह सकता है कि फलानी कुर्सी पर सिर्फ काले रंग के लोग बैठेंगे। कोई यह नही कह सकता कि इस नल से केवल गोरे लोग पानी पिएंगे। यहां केवल छोटे कद के लोगों का इलाज होगा। यहां सिर्फ लंबे कद के लोगों की सुनवाई होगा। यहां हमारा संविधान हमें रंग, कद, वज़न, लिंग, धर्म, जाति, वर्ग से बराबर करता है और कुछ लोग कहते हैं मसला केवल आरक्षण है।

ज़रा ग़ौर कीजिये। संविधान नहीं रहेगा, तो सिर्फ आरक्षण ही नहीं जाएगा, बहुत कुछ जाएगा और नया क्या आएगा, आपको और हमें नहीं पता। इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुक़ूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है। इस बात की गंभीरता को समझिए। देश के संविधान का सम्मान कीजिए।

# बिहार: सनातन और कानून तार तार



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में सनातन धर्म और संस्कृति की झंडाबरदार भाजपा सरकार है। बिहार में कुछ दिन पहले तो उसके मुखिया नीतीशकुमार कथित 'सेकुलर' पाले में थे और विशेष अवसरों पर पल्लेदार मुस्लिम टोपी भी लगा लेते थे, किंतु अब, जैसा कि वे कहते हैं, उनका स्थायी हृदय परिवर्तन हो गया है और वे भाजपाई खेमें में ही हमेशा रहेंगे। ऐसे में बिहार को भी भगवा मान लेना समीचीन होगा। वहां भाजपा का सत्ता में साझा है और उसके दो उप मुख्यमंत्री भी हैं। ऐसा होते हुए भी वहां हो रही घटनाएं विचलित कर देने वाली हैं, क्योंकि उनसे सनातन धर्म सांसें तोड़ रहा है और कानून की धज्जियां उड़ रही हैं। यहां के बांका जिले के सदर थाना क्षेत्रांतर्गत हिरमोती गांव में एक दामाद का अपनी सास से विवाह संपन्न हो गया। सिकंदर यादव का विवाह ढाई दशक पहले दिलेश्वर और गीता दंपति की बेटी के साथ हुआ था, जो दो बच्चों को जन्म देने के बाद परलोक सिधार गई। सिकंदर ने अन्यत्र शादी कर ली, लेकिन पटी उससे भी नहीं और तलाक़ हो गया। इस बीच सिकंदर का पहले वाली ससुराल आना जाना बना रहा और 45 वर्षीय सास गीता से प्रेम हो गया। प्रेम उभय पक्षीय था। बात बढ़ी और एक दिन ससुर ने दोनों को गलत हालत में देख लिया। पंचायत बुलाई गई। दोनों की पेशी हुई। दोनों ने परस्पर प्रेम प्रसंग को स्वीकारा। तब ससुर सहित सबने दोनों के विवाह का निर्णय लिया। लोग बुलाए गये और डंके की चोट पर दामाद ने सास की मांग में सिंदूर डाला और विदा कराकर अपने घर ले गया। यही नहीं, इस विवाह का प्रशासन तंत्र में पंजीकरण भी हुआ। क्षेत्र में खूब चर्चा हुई।

सनातन धर्म के सिद्धांतों और लोकमान्य संस्कृति के अनुसार यह विवाह घृणास्पद और गर्हित है। सास धर्म-माता होती है। अंग्रेज भी इसे 'मदर-इन-ला' कहते हैं, यानी विधानतः माता। तथ्य यह भी है कि कानून भी ऐसे विवाह की अनुमति नहीं देता। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 को धारा 11 के साथ पढ़ने पर स्थिति साफ हो जाती है। कुछ रिश्तों में शादियां वर्जित हैं, जैसे मां बेटा, भाई बहन, ससुर बहू आदि इनमें सास और दामाद भी है। इसके अलावा जिन दो का विवाह हो रहा हो, यदि उनमें किसी का जीवन साथी जिंदा है, तो बिना तलाक़ हुए विवाह नहीं हो सकता। ज्ञातव्य है यह विवाह अवैध होने के कारण धारा 494 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत 7 वर्ष की सजा से दंडनीय है।

बिहार के सनातन धर्म के ध्वज वाहक कहां हैं? इन दिनों भाजपा 'मंगलसूत्र' को भी चुनावी मुद्दा बना रही है। तो क्या 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मोदी-नीतीश एक एक महिला को दो दो मंगल सूत्रों से सज्जित कर देंगे? यानी जीवित पतियों वाली नारियों के अमर्यादित विवाह होने देंगे?

# सीबीआई ने की 10 राज्यों में 30 स्थानों पर छापेमारी, कई अहम चीजें बरामद

चेन्नई, एजेंसी

- एप से आधारित निवेश योजना के सिलसिले में की गई कार्रवाई

सीबीआई ने बुधवार को एप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाले निवेश योजना से संबंधित मामले की जांच के दौरान 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। इस दौरान सीबीआई टीम ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद कीं।

सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन एप से जुड़ी निवेश योजना के तहत धोखाधड़ी की शिकायत पर दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड अपने निदेशकों के साथ एचपीजेड टोकन एप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी थे। जनता को गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा माइनिंग मशीन किराये में निवेश करने के लिए गुमराह करते थे। एचपीजेड एक एप आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी के लिए माइनिंग मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का झांसा देते हैं। सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, जोधपुर, बेंगलुरु, मुंबई, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार और मध्य प्रदेश में 30 ठिकानों पर छापेमारी की। टीम को बड़ी संख्या में ईमेल अकाउंट की भी जानकारी मिली। सीबीआई ने बताया कि आरोपी पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में निवेश पर भारी लाभ मिलने का प्रलोभन देकर एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश कराते थे। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 150 बैंक खातों का प्रयोग निवेशकों से धन एकत्र करने में किया था। इन फंडों का उपयोग शुरू में निवेशकों को विश्वास में लेने के लिए भुगतान के लिए किया जाता था।

## बरेली सेंट्रल जेल से रिहा हुआ धनंजय सिंह

**बरेली, अमृत विचार :** जौनपुर के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बुधवार सुबह 8:15 बजे सेंट्रल जेल से जमान पर रिहा किया गया। जिसके बाद धनंजय अपने समर्थकों के साथ 26 गाड़ियों के काफिले के साथ जौनपुर के लिए रवाना हो गया। काफिले में शामिल सभी गाड़ियां काले रंग और 9777 नंबर की थीं। जेल से रिहा होते ही समर्थकों ने नारेबाजी की। बता दें कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में सात साल की सजा सुनाई गई है। उसे पिछले शनिवार को जौनपुर जिला जेल से बरेली की सेंट्रल जेल में ट्रांसफर किया गया था। इस दौरान धनंजय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उस पर मुकदमे राजनीति के तहत दर्ज कराए गए हैं।

# स्कूल के छात्रावास में बच्ची से दुष्कर्म

भोपाल, एजेंसी

- तीन पर रिपोर्ट, मप्र. के मुख्यमंत्री ने दिए एसआईटी से जांच के आदेश

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया गया, जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने के आदेश दिए, जबकि विपक्षी कांग्रेस ने इस घटना को लेकर उनकी सरकार पर निशाना साधा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना वास्तव में कब हुई। मिसरोद थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने बताया कि एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। इस संबंध में एक शिकायत के बाद पुलिस ने मंगलवार रात तीन लोगों के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

उन्होंने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्रद्धा तिवारी ने बताया कि आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है क्योंकि लड़की ठीक से कुछ बता नहीं पा रही है। हम पीड़िता से दोबारा बात कर आरोपी की पहचान करेंगे। हम पहले उसकी मेडिकल जांच कराएंगे और बयान दर्ज करेंगे। भदौरिया ने कहा कि छात्रावास की सीसीटीवी फुटेज बरामद कर ली गई है।

### उज्जैन के आश्रम में 19 बच्चों से कुकर्म

**उज्जैन।** शहर के दंडी आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों का यौन शोषण का आरोप लगा है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों ने इनके खिलाफ शिकायत की। दोनों के खिलाफ महाकाल थाने में मंगलवार देर रात 12.30 बजे मामला दर्ज किया गया। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया जबकि सेवादार फरार है। बड़नगर रोड स्थित 30 साल पुराने दंडी आश्रम में बच्चों के साथ कई दिनों से आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर गलत काम कर रहा था।

## राहुल गांधी कभी गंभीर नहीं होते : धामी

**अयोध्या, अमृत विचार :** राहुल गांधी कभी गंभीर नहीं होते। विदेश में पीएम मोदी की आलोचना करते-करते देश की आलोचना करने लगते हैं। ये बातें बुधवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से कहीं। वो भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह का बुधवार को नामांकन कराने पहुंचे थे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन भी किए।

राहुल गांधी के राम मंदिर दर्शन करने की अटकलों पर सीएम धामी ने कहा कि जब उनको बुलाया गया था तब आए नहीं। अब चुनाव चल रहा है। इसलिए ऐसा है। कहा कि उन लोगों के लिए मंदिर जाना, पूजा करना, जनेऊ पहनकर दिखाना, यह सामान्य घटना है। वैसे भी वह सनातन का विरोध करते हैं।

# संदेह के आधार पर लाइसेंस रद करना अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज


इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण निर्णय

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने लाइसेंस रद्दीकरण के एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि किसी ठोस सामग्री या साक्ष्य के बिना केवल संदेह के आधार पर लाइसेंस रद करने का कठोर दंड नहीं दिया जा सकता है।

संयुक्त प्रांत उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1910 की धारा 34 (2) के तहत शक्ति का प्रयोग तभी किया जा सकता है, जब ऐसे लाइसेंसधारी का एक और लाइसेंस धारा 34(1) के उपखंड (ए),(बी) और (सी) के तहत रद किया जा चुका हो। कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि धारा 34(2) में दिए गए प्रावधान बहुत कठोर हैं। इसके तहत लाइसेंस शर्तों के उल्लंघन के बिना भी लाइसेंस रद किया जा सकता है। हालांकि उक्त धारा का प्रयोग विवेकाधीन है और इसे स्वचालित रूप से लागू नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने फतेहपुर निवासी संदीप सिंह की याचिका को स्वीकार कर उसकी दुकान के लाइसेंस को रद करने के आदेश को खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल याची की शराब की दुकान का लाइसेंस बिना किसी लाइसेंस शर्तों के उलंघन के उक्त धारा के तहत रद कर दिया गया था। कोर्ट ने पाया कि अधिकारियों ने मझेनपुरवा की दुकान का लाइसेंस केवल इस आधार पर रद कर दिया कि उसकी गेहरूखेड़ा की दुकान का लाइसेंस पहले ही रद किया जा चुका है। हालांकि इसके अलावा रद्दीकरण का कोई ठोस कारण नहीं बताया गया। कोर्ट ने आगे कहा कि गेहरूखेड़ा की दुकान के मामले में बोतलों के साथ छेड़छाड़ का साक्ष्य मिला था जबकि मझेनपुरवा में दुकान का लाइसेंस रद करने से पहले ऐसा कोई नमूना एकत्र नहीं किया गया था। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि केवल संदेह के आधार पर लाइसेंस रद नहीं किया जा सकता है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामला : आज भी जारी रहेगी सुनवाई

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान मंदिर पक्ष ने अपने तर्क प्रस्तुत किए। उक्त मामले को समयाभाव के कारण न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने गुरुवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। बुधवार को हुई सुनवाई में हिंदू पक्ष ने तर्क दिया कि वर्ष 1968 में हुए कथित समझौते में भगवान पक्षकार नहीं थे और ना ही 1974 में पारित न्यायालय की डिक्री (आदेश) में वह पक्षकार थे। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने कोर्ट को बताया कि कथित समझौता श्रीकृष्ण जन्म सेवा संस्थान द्वारा किया गया था जो किसी भी तरह से ऐसे समझौते के लिए अधिकृत नहीं थी। उसे संस्था का दायित्व केवल दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों का प्रबंध करने का था, उसे इस तरह का समझौता करने का कोई अधिकार नहीं था। इसके अलावा पूर्व में मुस्लिम पक्ष द्वारा तर्क दिया गया था कि यह वाद समय सीमा से बाध्य है, क्योंकि 12 अक्टूबर 1968 को समझौता किया गया था, जिसकी पुष्टि 1974 में एक दीवानी वाद के निर्णय में की गई थी। एक समझौते को चुनौती देने की समय सीमा 3 वर्षों की होती है, लेकिन मौजूदा वाद 2020 में दायर किया गया। इस कारण मौजूदा वाद समयसीमा से बाध्य है। इस पर हिंदू पक्ष ने अपना तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह वाद पोषणीय है। वाद की पोषणीयता के संबंध में आवेदन पर साक्ष्यों को देखने के बाद ही निर्णय किया जा सकता है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में एक और वाद दाखिल

मथुरा, एजेंसी

- चार वकीलों ने मिलकर मथुरा की सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर किया है वाद

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह के बीच चल रही कानूनी लड़ाई में अब तक दायर किये गए वादों की श्रंखला में एक नया वाद और जुड़ गया है। इस वाद को चार वकीलों ने मिलकर सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर किया है और इनमें से एक वकील लंदन का निवासी है।

लंदन निवासी वकील प्रशांत कुमार, लखनऊ निवासी हर्ष वर्धन सिंह, नीलम सिंह, और दिल्ली निवासी रंजन कुमार राय ने मंगलवार को मथुरा में सिविल जज सीनियर डिविजन कोर्ट में एक वाद दायर किया था इसमें वादियों में श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशवदेव,स्थान श्रीकृष्ण जन्मभूमि कटरा केशवदेव को भी वादी बनाया गया है। इसकी जानकारी लंदन निवासी इस वाद के वादी एवं वकील प्रशांत कुमार ने बुधवार को पत्रकारों को दी। कहा कि यह निर्णायक मामला कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और सटे शाही ईदगाह मस्जिद की भूमि के वास्तविक स्वामित्व और गहरे ऐतिहासिक महत्व को लेकर है।

इस वाद के प्रतिवादी अध्यक्ष/चेयरमैन यूपी सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ, इंतजामिया कमेटी शाही मस्जिद ईदगाह, श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान एवं मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट हैं। प्रशांत कुमार ने बताया कि वादीगणों ने सिविल जज सीनियर डिवीजन से प्रार्थना की है कि वह 1967 के सिविल सूट 43 में सिविल जज मथुरा द्वारा 20-7-1973 और 7-11-1974 को दिये गए फैसले को रद करे तथा उस पर दिया गया निर्णय वादियों पर लागू नही होता है। उनका दावा है कि ढांचा कटरा केशवदेव की जमीन पर बनाया गया है इसलिए वादी नम्बर 1 और 2 यानी अध्यक्ष/चेयरमैन यूपी सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ, इतजामिया कमेटी शाही मस्जिद ईदगाह, को या उनके आदमियों को इस भूखण्ड में जाने से रोक लगाई जाय। इसी प्रकार के अन्य कानूनी मसलों को लेकर वाद दायर किया गया है। यह मुकदमा केवल संपत्ति की पुनः प्राप्ति से अधिक है। यह इतिहास की पुस्तकों को सही करने और पवित्र पूजा स्थल की खोई हुई गरिमा को पुनर्स्थापित करने की खोज है। प्रशांत कुमार ने कहा कि हमने ऐसे प्रमाण प्रस्तुत किए हैं जो सुझाव देते हैं कि शाही ईदगाह को मूल मंदिर के ऊपर बनाया गया है।

## उत्तराखंड के खनन निदेशक निलंबित

**देहरादून :** शासन ने राज्य के भूतत्व एवं खनिकर्म के निदेशक एसएल पैट्रिक को निलंबित कर दिया है। पैट्रिक पर पद का दुरुपयोग, लाभ के लिए गोपनीयता भंग करना, लेन-देन और राजस्व हानि जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। 30 जून को उनका कार्यकाल पूरा हो रहा था। संभावना है कि अपर निदेशक राजपाल लेघा को निदेशक बनाया जा सकता है। खनन अनुभाग के अपर सचिव लक्ष्मण सिंह द्वारा 30 अप्रैल को जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि एक व्यक्ति ने पैट्रिक पर लेनदेन व प्रलोभन के आरोप लगाए हैं। लेकिन पैट्रिक इसका खंडन नहीं कर सके। यह भी आरोप है कि पैट्रिक की लचर कार्यप्रणाली से खनन पट्टों की स्वीकृति समय से नहीं हो सकी और राजस्व की प्राप्ति नहीं हुई।

# हरे पेड़ों की कटाई पर सरकार से जवाब-तलब

- पेड़ कटान संबंधी अन्य याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध करें : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सड़कों को चौड़ा करने के लिए हरे पेड़ों की कटाई के मामले में नितिन शर्मा द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर संज्ञान लेते हुए इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से उस योजना के विषय में जानकारी मांगी, जिसके तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए 148 पेड़ों को काटने की मांग की गई है, साथ ही पेड़ों को बचाने के लिए क्या प्रयास किया जा रहे हैं, इस पर भी कोर्ट ने प्रश्न किया। मालूम हो कि उक्त प्रकरण से संबंधित तीन अन्य याचिकाएं क्रमशः वर्ष 2018, 2019 और 2020 में दाखिल की गई हैं, जो अभी तक लंबित हैं। वर्तमान याचिका के साथ उन तीन अन्य याचिकाओं को एक साथ 2 मई 2024 को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया है। उक्त मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ के समक्ष चल रही है।

### दंगा आरोपी को 10 साल कैद की सजा सुनाई

नई दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में 2020 में भड़के दंगों के दौरान दो घरों को आग लगाने के जुर्म में एक दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला मंगलवार को दोषी जॉनी कुमार के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिसे आईपीसी की धारा 148 और 436 के साथ-साथ अवैध रूप से एकत्र होने के अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है।

### अतीक के पुत्र अली अहमद के मामले की सुनवाई टली

प्रयागराज : अतीक अहमद के बेटे अली अहमद के विचाराधीन मुकदमे की होने वाली सुनवाई एक बार फिर टल गई है। जिला न्यायालय में बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ की ओर से घोषित हड़ताल के चलते मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए आगामी 15 मई की तिथि सुनिश्चित की है। विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट (कक्ष संख्या 7) पलाश गांगुली की कोर्ट में होनी थी। केंद्रीय कारागार अधीक्षक, नैनी ने कोर्ट में पत्र भेज कर आचार संहिता लागू होने के कारण पर्याप्त फोर्स उपलब्ध न रहने की वजह से पूरी कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करने की प्रार्थना की थी। गौरतलब है कि यह सभी मामले करेली थाने में दर्ज हुए हैं इनमें अवैध रूप से पिस्टल रखना, रंगदारी मांगना, धोखाधड़ी आदि शामिल है।

### हाईकोर्ट बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित 28 सदस्यीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार शाम चार बजे बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हॉल में संपन्न होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी वी.एम. जैदी, चुनाव अधिकारी आर.सी. सिंह, विनोद कांत, वशिष्ठ तिवारी, प्रभाकर अवस्थी और चंदन शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का का शपथ ग्रहण गुरुवार को होगा।

# सपा बनी समाप्तवादी पार्टी, लुप्त हो रही कांग्रेस :राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


आंवला और बदायूं में रक्षामंत्री ने जनसभा को किया संबोधित

**अमृत विचार :** विधानसभा दातागंज में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में जनसभा की। बदायूं लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के पक्ष में भी वोट मांगे। कहा कि सपा समाप्तवादी पार्टी हो गई है। कांग्रेस भी डायनासोर की तरह लुप्त होती जा रही है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के सर्वोपरि तीन देशों में शामिल होने की बात कही। कहा कि कोराना में हर देश परेशान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों से सीधे बात की। वैज्ञानिकों ने वैक्सीन तैयार की और सौ देशों को मुहैया कराई। कहा कि सपा की साइकिल की चेन दोबारा मत चढ़ने देना। इस दौरान रक्षामंत्री का गदा देकर, माल्यार्पण करके, भगवान श्रीराम का चित्र देकर स्वागत किया गया।

भारत माता की जय के साथ दातागंज के संतोष कुमार मैमोरियल इंटर कॉलेज के मैदान में रक्षामंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मस्तक ऊंचा हो रहा है। साल 2014 से पहले दुनिया भारत को गंभीरता से नहीं लेती थी लेकिन आज सभी देश भारत को पूछते हैं। यहीं 21वीं सदी का भारत है। देश पूरी तरह से सुरक्षित है। कोई नापाक हरकत करेगा तो उसकी सीमा में घुसकर भी मार सकते हैं। कहा कि 2008 में मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तो देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी। नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व किया तो देश की अर्थव्यवस्था 5वें स्थान पर आ गई है।

2027 में अर्थव्यवस्था में सबसे ऊपर अमेरिका, चीन और भारत होंगे। 2047 में भारत महाशक्ति बनेगा। कई देशों के कहने के बाद भी रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं थम रहा था। वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के माता-पिता ने मोदी से गुहार लगाई। नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपति से बात की। हमारे लिए गौरव की बात है कि साढ़े चार घंटे तक युद्ध रुका रहा। 22 हजार छात्र-छात्राएं भारत लौटे। कहा कि एक समय ऐसा आएगा कि बच्चे पूछेंगे सपा क्या है तो कहेंगे कि समाप्त हो चुकी है। कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त होने की कगार पर आ गई है। उन्होंने कहा आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को वोट दें। साथ ही बदायूं लोकसभा क्षेत्र में रहने वाले अपने परिचित और रिश्तेदारों से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य को वोट देने को कहें।


## वर्ग पहेली-57

**बाएं से दाएं**

4. साथ चलने या रहने वाला।
5. ख़र्च या व्यय किया हुआ, किसी कार्य या व्यवसाय में लगाया हुआ, निवेश किया हुआ (धन)।
7. 1. बंगाल नामक प्रांत 2. एक दवा जो ताकत बढ़ाती है।
8. धन या रुपया प्राप्त करने की घोर लालसा; प्रबल धनलिप्सा; संपत्ति हासिल करने की लालसा या घोर तृष्णा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विस्तार, फैलाव, प्रसार 2. परिमाण 3. समूह, झुंड।
2. आपत्तिजनक संवादों
3. 1. (इस्लाम) ख़ुदा या ईश्वर का हुक्म जिसका पालन करना बंदों का फ़र्ज़ होता है
5. 1. निरोध करने की क्रिया या भाव, बंधक या रोक में रखना 2. रोक, रुकावट 3. वैद्यक या आयुर्वेद में पारा का शोधन करते समय किया जाने वाला एक संस्कार।
6. झींगा मछली।



### वर्ग पहेली-56 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 के | द | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 घूँ |
| मा | ■ | 3 पे | 4 प | र | वे | ट |
| ■ | 5 स | ■ | चे | ■ | ■ | ना |
| 6 अ | व | हे | लि | त | ■ | ■ |
| ■ | यं | ■ | म | ■ | 7 म | ■ |
| ■ | से | ■ | ■ | 8 जू | झ | ना |
| 9 नि | वा | र | ण | ■ | ला | ■ |

## सुडोकू-136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | 1 | | 7 | 2 | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 5 | 3 |
| 7 | | | 8 | 6 | | | | |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | | 5 | 1 | | | |
| 2 | 9 | | | | | | | 5 |
| | | | 6 | 3 | | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 7 | 8 |


### सुडोकू-135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 5 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मई गुरुवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 3 मई 01.52 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-घनिष्ठा 3 मई 01.49 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** – आज कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उसका परिणाम तुरन्त प्राप्त होगा। नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृष** – आज युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनन्द ले पायेंगे। कारोबार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। अपने लाभ के लिये स्वार्थी बनना ठीक नहीं है। आज लोगों के प्रति अपना व्यवहार न बिगाड़ें।

**मिथुन** – घर में आज बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में थोड़ी अनियमितता हो सकती है। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। हर विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिए।

**कर्क** – आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिए। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। कार्यस्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** – आज आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा। किन्तु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल सम्पत्ति के विवाद शांत होंगे।

**कन्या** – आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी।

**तुला** – आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन आज थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमी जन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा। परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है।

**धनु** – आज बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। आज किसी को धोखा न दें। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा करना उत्तम होगा। लम्बी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मकर** – आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अङ्ग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे।

**कुंभ** – आज आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। जोश में आकर कोई गलत निर्णय न लें। सभी कार्य समय पर हो जायेंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन** – आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए बेहद सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
तकदीर का तमाशा – सुबह : 09.55
आखिरी गुलाम – रात : 07.11

**&pictures**
धड़क – सुबह : 10.41
जवानी जानेमन – रात : 08.00

**Sony Pix**
टैक्सी ड्राइवर – सुबह : 07.11
जर्नी 2 : द मिस्टीरियस आइलैंड – शाम : 05.11

**Zee Cinema**
त्रिमूर्ति – सुबह :11.50
डार्लिंग्स – रात : 08.45

**Colors Cineplex**
777 चार्ली – सुबह :10.07
भगवंत केसरी – शाम : 06.42

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर : दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट : 50 वर्ष।
टीचर : सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट : मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति : मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी : मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति : मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी : अजवाइन।



## अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस के काल में देश में बम धमाके होते थे और सरकार कुछ नहीं करती थी। हमारी सरकार आई तो आतंकियों को घर में घुसकर मारा। - अनुराग ठाकुर



2014 मोदी लहर ,2019 में मोदी की आंधी, अब मोदी की सुनामी चल रही है। सपा बसपा और कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है। - केशव प्रसाद मौर्य



सपा, बसपा और कांग्रेस कोई पार्टी नहीं है। इन्हें जनता ने नकार दिया है। देश की 140 करोड़ जनता ने मोदी जी को स्वीकार किया है। -संजय निषाद



जब तक लोग मेरे नजदीक नहीं आते मुझे मरकहवा सांड समझते हैं और करीब आने पर दुधारू गाय पाते हैं। उनकी समस्याएं अपने आप ही खत्म हो जाती हैं। -ओपी राजभर

# एक कदम आगे चलने वाली भाजपा कैसरगंज में क्यों ठिठक गई

**जीतने का दावा तो सभी कर रहे, लेकिन अभी तक पत्ते किसी ने नहीं खोले**

**कल है नामांकन का आखिरी दिन, 20 मई को होगा मतदान**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** आखिर राजनीति में एक कदम आगे चलने वाली भारतीय जनता पार्टी कैसरगंज लोकसभा सीट को लेकर ठिठक क्यों गई है? यहां से अभी तक पार्टी ने प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने भी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। भाजपा द्वारा मौजूदा सांसद बृजभूषण सिंह को टिकट को लेकर ऊहापोह कि स्थिति ने सभी दलों के दांव को रोक रखा है।

सच पूछिए तो कैसरगंज सीट इस समय देश की सबसे ज्यादा चर्चित बन गई है। जहां जीतने का दावा तो सभी कर रहे हैं लेकिन अभी तक किसी ने पत्ते नहीं खोले हैं। दरअसल, कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पर 3 मई को नामांकन का आखिरी दिन है। वहीं 20 मई को मतदान होगा। अभी तक तीनों दलों की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा न करने से निर्वाचन क्षेत्र की सियासत गर्मा गई है।



इससे पहले तमाम मीडिया में दावा किया जा रहा था कि 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने के बाद भाजपा अपने प्रत्याशी का ऐलान कर देगी लेकिन अब जबकि नामांकन में 48 घंटे से भी कम वक्त बचा है। तीनों दलों की ओर से उम्मीदवार को लेकर उहापोह के बीच कुछ लोगों ने कथित तौर पर पर्चे भी खरीद लिए हैं लेकिन वह भी आधिकारिक घोषणा के इंतजार में हैं। सूत्रों के मुताबिक, कैसरगंज के तीन स्थानीय नेताओं और एक बाहरी नेता ने पर्चा खरीद रखा है। सूत्र बता रहे हैं कि, सपा और बसपा को अभी भाजपा के फैसले का इंतजार है। प्रत्याशियों की घोषणा में हो रही देरी से यह सवाल भी उठ रहे हैं कि 3 मई को नामांकन के बाद उम्मीदवार के पास प्रचार के लिए सिर्फ 15 दिन ही बचेंगे। नेता और संभावित उम्मीदवार इस बात को लेकर भी बेचैन हैं कि वह इतने कम समय में पूरे क्षेत्र में कैसे प्रचार कर सकेंगे। अभी तक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है। दोनों दलों को भाजपा के अगले कदम का इंतजार है। हालांकि दोनों दलों की तरफ से अंतिम वक्त में भी नामांकन दाखिल करने की पूरी तैयारी है।

## किसी को मिला टॉर्च तो किसी को गुब्बारा

**अमृत विचार, लखनऊः** चौथे चरण के लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरे प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न मिल गए हैं। चुनावी महासमर में उतरे प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न मिलते ही प्रचार तेज हो गया है। अब तक अपना नाम के साथ प्रचार कर रहे थे अब चुनाव चिह्न के साथ मैदान में हैं। कोई ट्रक लेकर चुनाव मैदान में दौड़ा तो कोई टार्च लेकर दौड़ा। गैस सिलेंडर, ऑटो रिक्शा, गुब्बारा, कैची, हॉकी आदि चुनाव चिह्न लेकर प्रत्याशी चुनावी महासमर में कूद पड़े हैं। सभी अब दिन रात एक करके मतदाताओं को अपना चुनाव चिह्न दिखाकर वोट मांग रहे हैं। बताते चर्वऽकि प्रत्याशियों के पास चुनाव प्रचार का समय बहुत कम है। मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार थम जाएगा। ऐसे में 11 मई की शाम पांच बजे तक ही चुनाव प्रचार कर सकते हैं। शेष बचे 10 दिनों में प्रत्याशी जनसभाएं, गांव-गांव सम्पर्क करने के साथ ही पार्टी के बड़े नेताओं की सभाओं की व्यवस्था में भी लगे हैं, जिससे चुनावी नैया पार हो सके।



राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में जल्द ही दो लड़कों यानि अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी रोड शो करने जा रही है। इससे पहले इंडी गठबंधन से जुड़े दलों ने मिलकर झंडे-बैनर जुटा लिए हैं। इसी क्रम में लखनऊ,कैसरबाग स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर एकत्रित किए गए इंडिया गठबंधन के दलों के झंडे। -अमृत विचार

## दिन में प्रचार करने से बच रहे प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिसका असर चुनाव प्रचार पर दिखाई दे रहा है। अधिकांश उम्मीदवार बड़ी बैठकों से बच रहे हैं और घर-घर जाकर प्रचार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चौथे से लेकर सातवें चरण के उम्मीदवारों को तो गर्मी की चिंता सबसे ज्यादा है, क्योंकि इस समय यहां पर गर्मी अपने चरम पर होगी जिससे दिन में चुनाव प्रचार करना आसान नहीं होगा। इसलिए ये प्रत्याशी सुबह और शाम की जनसभा और कार्यक्रम को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# दिग्गजों के चक्रव्यूह को भेदने उतरे राजनीति के नवधा खिलाड़ी

**भाजपा और सपा से मैदान में हैं राजनीति के धुरंधर**

**बसपा और भाकपा के प्रत्याशी पहली बार चुनावी मैदान में**

**अयोध्या में सज गया मैदान सियासत चढ़ रही परवान**

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी चक्रव्यूह रचा जाने लगा है। सियासी दलों के थिंक टैंक नित नए प्रयोग कर रहे हैं। सियासी चक्रव्यूह को भेदने के लिए सूरमा मैदान ले चुके हैं। अयोध्या में राजनीति के धुरंधर, दिग्गज खिलाड़ियों के चुनावी चक्रव्यूह को भेदने के लिए इस बार नवधा खिलाड़ी उतर गए हैं। भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने कई बार के विधायक और मंत्री रहे पुराने चेहरों को मैदान में भेजा है तो बहुजन समाज पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नए खिलाड़ियों को सियासी चक्रव्यूह भेदने का जिम्मा सौंपा है।

यूं तो बदले दौर में अयोध्या की सियासत भी बदली है लेकिन क्रिकेट के खेल और राजनीति में कब क्या हो जाए कहा नहीं जा सकता है। यह जुमला खेल से राजनीति तक चर्चा में रहता है। अब लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। धर्म के साथ सियासी दृष्टि से अति महत्वपूर्ण मानी जाने वाली अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र) के रण में इस बार पहले की अपेक्षा कुछ नया है। अमूमन अयोध्या के चुनावी रण में ज्यादातर सधे सियासी खिलाड़ी को ही मैदान में उतारा जाता रहा है। साल 2014 के चुनाव में सियासत के मंझे खिलाड़ियों भाजपा से लल्लू सिंह, सपा से मित्रसेन यादव, कांग्रेस से डॉ. निर्मल खत्री, बसपा से जितेंद्र सिंह बब्लू को मैदान में थे। यह सभी कभी न कभी राजनीतिक कौशल दिखा चुके थे।

साल 2019 के चुनाव मे भी सियासी परिदृश्य ऐसा ही रहा। भाजपा से लल्लू के साथ सपा-बसपा गठबंधन से पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव और कांग्रेस से डा. निर्मल खत्री लोकसभा चुनाव के मैदान में थे। यह सभी राजनीति के लड़ाके रहे हैं, लेकिन इस बार तस्वीर अलग है।

भाजपा और सपा ने अनुभवी, राजनीति के खेल में माहिर राजनेताओं को मैदान में उतारा है। लल्लू सिंह और अवधेश प्रसाद, दोनों पुरानी जमात के नेता हैं। यह कांट-छांट से सियासी पैंतरे में माहिर हैं। दूसरे को पटकनी देने के लिए राजनीति के हर दांव की काट उनके पास होती है।

मैदान सज गया है। कदमताल शुरू हो गई है। कप्तान निर्देश दे रहे हैं। मतदाताओं को जगाए जाने का दौर है। नवधा खिलाड़ी चक्रव्यूह में घुस पाएंगे, भेद पाएंगे या उलझ जाएंगे। यह तो समय बताएगा लेकिन पुराने और नए के बीच चाले चली जानी शुरू हो गई हैं।

### 2014 से सांसद हैं लल्लू

सांसद लल्लू सिंह अयोध्या विधानसभा क्षेत्र से सन् 1991 से 2012 तक विधायक रहे। इस दौरान वह सूबे में ऊर्जा और पर्यटन राज्य मंत्री भी रहे। साल 2004 से अब तक का लोकसभा चुनाव लड़ते आ रहे हैं। 2014 से वह अयोध्या की वीआईपी सीट से सांसद हैं। संगठन से सत्ता प्रतिष्ठान तक ऊंची रसूख रखते हैं। दिल्ली दरबार ने उन पर भरोसा जताया। एक बार फिर फतह के लिए चुनावी मैदान में भेजा है। वह अपनी छवि और अपने पुराने वोट बैंक के सहारे मैदान में है।

### आठ बार विधायक रह चुके हैं अवधेश प्रसाद

सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद समाजवादी पार्टी का पिछड़े वर्ग का चेहरा हैं। अतीत हो चुकी जिले की सोहावल (सु.) विधानसभा क्षेत्र से आठ बार विधायक रहे। वर्तमान में मिल्कीपुर (सु.) से विधायक हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के करीबी रहे हैं। सपा ने इस बार उन्हें मैदान में भेज नया प्रयोग किया है। कई बार प्रदेश सरकार में समाज कल्याण सहित अन्य विभागों के मंत्री रहे हैं। अतीत में अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। गठबंधन से इतर भी सपा के जनाधार के साथ ही प्रसाद चुनाव मैदान में है। सियासी खेल में माहिर लल्लू और अवधेश दोनों नेताओं को राजनीति में बेदाग छवि का माना जाता है।

### 2014 : लोकसभा चुनाव में दलों की स्थिति

| दल | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 4,91,761 मत |
| सपा | मित्रसेन यादव | 2,08,986 मत |
| बसपा | जितेंद्र सिंह बब्लू | 1,41,827 मत |
| कांग्रेस | डा. निर्मल खत्री | 1,29,917 मत |

### 2019 : लोकसभा चुनाव में दलों की स्थिति

| दल | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 5,29,021 मत |
| गठबंधन | बसपा-सपा - आनंदसेन यादव | 4,63,544 मत |
| कांग्रेस | डॉ. निर्मल खत्री | 53,383 मत |



लल्लू सिंह



अवधेश प्रसाद



अरविंद सेन



सच्चिदानंद पांडेय

### पिता से सीखी है अरविंद ने राजनीति

इस बार राजनीति के इन धुरंधरों को चुनौती देने के लिए नवधा खिलाड़ी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। चुनावी धारा बदलने के प्रयास में हैं। राजनीतिक विचारों की लड़ाई को नए सिरे से परवान चढ़ाने के लिए अरविंद सेन यादव चुनाव मैदान में उतरे हैं। यादव पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। वाम विचारधारा से जुड़े पूर्व विधायक, पूर्व सांसद स्व. मित्रसेन यादव के बड़े पुत्र है। सियासी परिवार का होने के नाते राजनीति का ककहरा उन्होंने अपने पिता के साथ ही सीख लिया था।

### सच्चिदानंद की प्रोफाइल पुरानी नहीं

कभी यहां बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा ने भी राजनीति के नवधा खिलाड़ी सच्चिदानंद पांडेय को दिग्गजों के सामने सियासत में दो-दो हाथ करने के लिए भेजा है। पांडेय पड़ोसी अंबेडकरनगर जिले के रहने वाले हैं। राजनीति में उनकी प्रोफाइल पुरानी नहीं है। पड़ोसी जिले के जिला स्तरीय एक भाजपा नेता के साथ राजनीति में उतरने वाले पांडेय को अंबेडकरनगर में भाग्य आजमाने का मौका नहीं मिला तो उन्होंने राम नगरी से सियासत की शुरुआत कर दी।

## चुनावी चक्कर

**पहचानत हो, हम धनंजय सिंह की मेहरारू हैं**

नाम से पहले डॉन, माफिया, बाहुबली जैसे विशेषण का प्रयोग भले धनंजय सिंह के व्यक्तित्व से कुछ लोगों को सशंकित करता हो, लेकिन उनकी दक्षिण भारतीय पत्नी श्रीकला की छवि इससे बिल्कुल इतर है। श्रीकला बसपा के टिकट पर जौनपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं हैं। वहां, जनसभाओं को संबोधित करते हुए श्रीकला का मजाकिया अंदाज चर्चा का विषय बन गया है। पिछले दिनों उन्होंने एक जनसभा में ऐसा कह दिया कि इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल, क्षेत्र में श्रीकला का प्रचार करने और वोट मांगने का तरीका ही दिलचस्प है। नामांकन से पहले श्रीकला ने जब एक चुनावी जनसभा में खुद को धनंजय की मेहरारू कह कर परिचय दिया तो वहां मौजूद सभी हंस पड़े। इससे पहले, लोगों को उम्मीद थी कि श्रीकला दक्षिण भारतीय भाषा वाले लहजे में ही संभवतः बातचीत करें। लेकिन उन्होंने लगभग सभी को चकित करते हुए ठेठ भोजपुरी भाषा में अपनी बात रखी। उनके बात करने का यह देसी तरीका ही चर्चा में आ गया है। भीड़ में एक उम्रदराज महिला को चाची कहकर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमें पहचानत हो, हम कौन हैं? इससे पहले कि जवाब आता, श्रीकला बोलीं अरे हम धनंजय सिंह की मेहरारू हैं। श्रीकला यहीं नहीं रुकतीं हैं। वह जनसभा में आई महिलाओं से कहती हैं- ''हम आपकी पतोह हैं। अगर वोट ना देबो तो हम आपसे आके झगड़ा करबे। सोच लिहो, हम बड़ी झगड़ालू हैं।'' दक्षिण भारतीय मूल की श्रीकला के बोलने के अंदाज को देखकर वहां मौजूद सभी जोरदार ठहाका लगाते हैं। वहीं, क्षेत्रीय राजनीति की नब्ज पकड़ते हुए श्रीकला प्रचार के दौरान सरेराह कहीं समोसे की दुकान पर रुक जातीं हैं तो कहीं अचानक ठेले पर गोलगप्पा खाने लगतीं हैं। बहरहाल, चुनाव में क्षेत्र के मतदाताओं ने उनके इस अंदाज को कितना पसंद किया यह तो मतदान के परिणाम ही बताएंगे।

# मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ीं प्रत्याशियों की मुश्किलें

**लालगंज लोकसभा क्षेत्र में पिछले चुनाव की तरह नहीं है माहौल**

**भाजपा से नीलम, सपा से दरोगा सरोज व बसपा से इंदू मैदान में**

**बसपा को यहां से चार, सपा को दो और भाजपा को एक बार मिली है जीत**

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां प्रचार-प्रसार जोरों पर है, वहीं मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशी परेशान हैं। कुछ यही स्थिति आजमगढ़ की लालगंज सुरक्षित संसदीय सीट की भी है।

इस चुनाव में कहीं विकास तो कहीं स्थानीय समस्याओं को लोग मुद्दा बना रहे हैं। यहां चुनावी मैदान में जहां नीलम सोनकर भाजपा से हैं वहीं इंडी गठबंधन से सपा प्रत्याशी दरोगा सरोज ताल ठोक रहे हैं, जबकि बसपा ने डॉ. इंदु चौधरी पर अपना दांव खेला है। बुधवार को भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों ने नामांकन भी कर दिया।

पिछले कई चुनावों की तरह इस चुनाव में अभी तक चौक-चौराहों व चाय-पान की दुकानों पर प्रत्याशियों का आकलन व हार-जीत के दावे भी अभी तक शुरू नहीं हुए हैं। गांवों में प्रत्याशियों के पहुंचते ही समर्थक जिंदाबाद के नारे को बुलंद करने लगते हैं। मतदाता भी सभी को जीत का आशीर्वाद दे खुशी-खुशी विदा कर रहे हैं। ग्रामीण अपनी समस्या से अवगत करा प्रत्याशी को वोट का आश्वासन भी दे रहे हैं। प्रत्याशी के जाते ही उसकी चर्चा भी खत्म हो जाती है। जिससे प्रत्याशियों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। वोटर दबी जुबान कहते हैं कि इस बार सोच-समझ कर वोट डालना है, वोट बर्बाद नहीं करना है। वोट देने के सवाल पर चुप्पी तोड़ते हुए कहते हैं कि इस बार मतदाताओं का आकलन करना इतना आसान नहीं होगा। हां चुनाव से एक दिन पहले निर्णय जरूर हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर भाजपा की मौजूदा सांसद और प्रत्याशी नीलम सोनकर केंद्र की योजनाओं, राममंदिर के निर्माण के सहारे तथा प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे को सामने रख कर जनता से मिल रही हैं और दोबारा जिताने के लिए अपील कर रहीं हैं। इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी दरोगा सरोज पिछड़ी जाति को आधार बना पीएम मोदी और सीएम योगी को घेरते हुए जनता से वोट मांग रहे हैं। बसपा की प्रत्याशी डॉ. इंदू यहां सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से पिछड़े वर्ग के मतदाताओं से जुड़ कर वोट पाने की जुगत लगा रहीं हैं।

2019 लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा की साझा प्रत्याशी संगीता आजाद ने भाजपा की प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। संगीता 518,820 मत मिले तो नीलम सोनकर के खाते में 3,57,223 वोट आए थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में मोदी लहर के बीच यह सीट भाजपा के खाते में चली गई थी। भाजपा के टिकट पर नीलम सोनकर ने समाजवादी पार्टी की सरोज को कड़े मुकाबले में 63,086 मतों के अंतर से हराया था। बसपा के डॉक्टर बलिराम तीसरे स्थान पर रहे थे और उन्हें 2,33,971 वोट मिले थे।



नीलम सोनकर



दरोगा सरोज



डॉ इंदू चौधरी



### 1984 के बाद कांग्रेस को नहीं मिली सफलता

1990 के बाद के राजनीतिक परिणामों पर नजर डालें तो यहां पर किसी भी दल का एकाधिकार नहीं रहा। कांग्रेस को 1984 के बाद से यहां पर जीत नहीं मिली है, लेकिन जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी को बारी-बारी से जीत मिल चुकी है। हालांकि बहुजन समाज पार्टी को इस दौरान चार बार जीत मिली तो समाजवादी पार्टी को दो बार, जबकि भारतीय जनता पार्टी को महज एक बार ही जीत मिली है।

### 'राम' नाम वालों को मिली ज्यादातर जीत

लालगंज के चुनावों में एक दिलचस्प बात यह है कि 1962 से 2014 तक हुए 14 लोकसभा चुनावों में यहां से ज्यादातर ऐसे प्रत्याशी जीते, जिनके नाम में राम लगा हुआ था। 1967 से लगातार 1996 लोकसभा चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों के नाम में राम शब्द लगा हुआ था। 1999 और 2009 में यही हुआ था।


### 1962 में हुआ था पहला चुनाव

लालगंज सीट पर पहली बार 1962 में चुनाव हुए थे, यहां से प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के विश्राम प्रसाद चुनाव जीते थे। उसके बाद 1967 व 71 में यहां से कांग्रेसी उम्मीदवार रामधन राम लगातार जीते थे। इमरजेंसी के बाद देशभर में चुनाव हुए तो रामधन यहां से भारतीय लोकदल के टिकट पर खड़े हुए और जीत दर्ज की। इसके बाद 1980 में भी यह सीट जनता पार्टी के पास रही। यहां से छंगुर राम जीते, 1984 और 1989 के चुनाव में यहां से कांग्रेस के टिकट पर फिर रामधन राम जीते।

### 1996 में बसपा का खुला खाता

1989 में रामधन पाला बदलकर फिर जनता दल में गए और जीते। 1991 में राम बदन राम यहां से जनता दल से फिर चुनाव जीते। 1996 में इस सीट पर पहली बार बसपा का खाता खुला और पार्टी उम्मीदवार डॉ. बलिराम जीते। 1998 में सपा के दरोगा प्रसाद सरोज, 1999 में डॉ. बलिराम ने फिर जीत हासिल की। 2004 में दरोगा प्रसाद सरोज ने बाजी मारी, 2009 में डॉ. बलिराम फिर जीते।

### लालगंज: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा








| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| संगीता आजाद | 5,18,820 |
| नीलम सोनकर | 3,57,223 |
| पंकज मोहन सोनकर | 17,630 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | नीलम सोनकर | 3,24,016 |
| सपा | बेचई सरोज | 2,60,930 |
| बसपा | डॉ. बलिराम | 2,33,971 |
| कांग्रेस | बलिहारी बाबू | 21,832 |





### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1962 | विश्राम प्रसाद | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| 1967 व 71 | रामधन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | रामधन | जनता पार्टी |
| 1980 | छांगुर राम | जनता पार्टी |
| 1984 | रामधन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | रामधन | जनता दल |
| 1991 | राम बदन | जनता दल |
| 1996 | बलिराम | बहुजन समाज पार्टी |
| 1998 | दरोगा प्रसाद सरोज | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बलिराम | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | दरोगा प्रसाद सरोज | समाजवादी पार्टी |

**2014 नोटा** 7,713


**2019 नोटा** 5,060

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | डॉ. बलिराम | 2,07,998 |
| भाजपा | नीलम सोनकर | 1,68,050 |
| सपा | दरोगा प्रसाद सरोज | 1,47,182 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,32,489 |
| पुरुष | - 8,74,236 |
| महिला | - 9,58,229 |
| अन्य | - 24 |



## वोटों के बंटवारे और ध्रुवीकरण से
# खिल सकता कमल

**मनोज त्रिपाठी**

**पं. बंगाल : मोदी बनाम ममता के बीच चुनाव**

**तीसरा चरण - 04 सीटें**

पिछला परिणाम

- टीएमसी 02
- भाजपा 01
- कांग्रेस 01

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल में सात मई को तीसरे चरण में मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। इससे पहले राज्य में पहले चरण में कूच बिहार अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी तथा दूसरे चरण में दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में मतदान हो चुका है। तीसरे चरण के चुनाव वाला पूरा इलाका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है। यहां के नौजवानों को काम की तलाश में कोलकाता जाना पड़ता है, तो बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने दूसरे राज्य भी जाते हैं। जाहिर है कि गरीबी और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। मालदा और मुर्शिदाबाद दोनों जिलों में गंदगी और जाम की समस्या भी विकराल है। गंगा नदी मालदा से होकर मुर्शिदाबाद में प्रवेश करती है। यह डेल्टा क्षेत्र है, जिसके कारण नदी तट कटाव भी बड़ी समस्या है। गंगा की कटान में पिछले कुछ वर्षों में कई सौ गांव समा चुके हैं और हजारों लोग विस्थापित होकर बेघर हैं। इस बार भी सभी राजनीतिक दल और उनके नेता पिछले चुनावों की ही तरह नदी कटाव से प्रभावित लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि चुनाव बाद ठोस कदम उठाए जाएंगे। सीएए मुद्दे की गूंज भी यहां कम नहीं है। तृणमूल कांग्रेस नेता कह रहे है कि सीएए का असल उद्देश्य मुसलमानों को शिविरों में भेजना है। तृणमूल ने सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर 2021 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल



### टीएमसी, कांग्रेस और माकपा में मुस्लिम मतों के लिए घमासान, भाजपा कर रही जबरदस्त प्रचार

मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीटों पर मुस्लिमों की आबादी ठीक-ठाक है, यही वजह है कि तृणमूल, वामपंथी और कांग्रेस में मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की होड़ है। ऐसे में भाजपा की उम्मीद मुस्लिम वोटों के विभाजन और मतदाताओं के ध्रुवीकरण पर टिकी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन चार सीटों में भाजपा ने मालदा उत्तर का चुनाव जीता था। कांग्रेस मालदा दक्षिण में विजयी रही थी, जबकि तृणमूल को जंगीपुर और मुर्शिदाबाद में सफलता मिली थी। इस बार भाजपा ने चारों सीटों पर जोरदार प्रचार अभियान छेड़ रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मालदा में चुनाव प्रचार किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुर्शिदाबाद में रैलियां की हैं, तो तृणमूल की तरफ से ममता बनर्जी और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी लगातार सक्रिय हैं। कांग्रेस जरूर प्रचार के मामले में थोड़ी पीछे नजर आ रही है।

### मालदा दक्षिण : पिछली बार मामूली अंतर से हारी भाजपा इस बार कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाने के प्रयास में

- भाजपा की श्रीरूपा मित्रा इस बार यह सीट जीतने में पूरा जोर लगाए हैं। पिछली बार वह आठ हजार वोटों के मामूली अंतर से कांग्रेस अबू हासेम खान चौधरी से हार गई थीं। टीएमसी ने यहां शाहनवाज़ अली रेहान को मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने अपने मौजूदा सांसद की उम्र देखते हुए उनके पुत्र ईशा खान चौधरी पर दांव लगाया है, जो अपनी पारिवारिक विरासत को बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं। यह सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। लेकिन इस बार संघर्ष त्रिकोणीय दिख रहा है। ईशा खान चौधरी के पिता अबू हासेम खान चौधरी पिछले तीन चुनाव से इस सीट पर जीत रहे थे। इससे पहले उनके चाचा स्व. एबीए गनी खान चौधरी कई बार सांसद चुने गए थे। कांग्रेस प्रत्याशी ईशा खान चौधरी इस लोकसभा क्षेत्र की वैष्णवनगर और सूजापुर सीट से विधायक रह चुके हैं। लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में वह सूजापुर विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस से हार गए थे।


**2019 का वोट शेयर**

| 35% | 34% | 27% |
|---|---|---|
| कांग्रेस | भाजपा | टीएमसी |

### मालदा उत्तर : मुस्लिम वोट बंटने से भाजपा 2019 में पहली बार जीती, इस बार भी जीत का समीकरण वही

भाजपा नेता खगेन मुर्मू मालदा उत्तर से सांसद हैं। पार्टी ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। खगेन मूर्मू का इस बार मुकाबला पूर्व आईपीएस अधिकारी टीएमसी प्रत्याशी प्रसून बनर्जी से है। कांग्रेस ने यहां मुश्ताक आलम पर दांव लगाया है। कांग्रेस के इस बार मालदा दक्षिण से प्रत्याशी ईसा खान चौधरी 2019 के लोकसभा चुनाव में मालदा उत्तर से चुनाव लड़े थे, लेकिन जीत नहीं पाए थे। तृणमूल कांग्रेस ने उनकी फुफेरी बहन मौसम बेनजीर नूर को मैदान में उतार दिया था। आपस की लड़ाई और मुस्लिम वोट बंटने से दोनों को हार मिली थी और भाजपा ने पहली बार इस सीट पर कमल खिला दिया था।

**2019 का वोट शेयर**





### भाजपा ने झोंकी ताकत मोदी की फिर सभाएं

तीसरे चरण के चुनाव के साथ राज्य में चौथे और पांचवे चरण के मतदान का माहौल अपने पक्ष में बनाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। एक दिन पहले उन्होंने मालदा में जोश भरा था। अब अगले दो दिनों में उनकी फिर राज्य में रैलियां हो सकती हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे के बाद असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा भी सभाएं करने आएंगे।

### मुर्शिदाबाद : त्रिकोणीय मुकाबले में चौंकाने वाले परिणाम के कयास

मुर्शिदाबाद सीट पर सीपीआई-एम (माकपा) के राज्य सचिव और तेजतर्रार नेता मोहम्मद सलीम, तृणमूल कांग्रेस से मौजूदा सांसद अबू ताहेर खान और भाजपा के गौरी शंकर घोष के बीच तिकोना मुकाबला हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी मुर्शिदाबाद विधानसभा सीट से 2021 में विधायक चुने गए थे, पार्टी ने लोकसभा का टिकट देकर मैदान में उतारा है। सीपीआई-एम का इस सीट पर 1980 से 1999 तक लाल झंडा फहराता रहा है। कांग्रेस ने 2004 और 2009 में जीत हासिल की थी, लेकिन सीपीआई-एम के बद्दरुद्दोज़ा खान ने 2014 में सीट वापस छीन ली थी। 2019 में तृणमूल के अबू ताहेर खान ने जीत हासिल की थी। मुर्शिदाबाद में रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा हुई थी। यहां वोटों का ध्रुवीकरण होने की आशंका जताई जा रही है, लोग मान रहे हैं कि परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं।


**2019 का वोट शेयर**




### जंगीपुर : प्रणब दा के बेटे मैदान में नहीं, टीएमसी दूसरी जीत की कोशिश में

जंगीपुर को बीड़ी उद्योग के लिए जाना जाता है। लोकसभा सीट से दिगग्ज कांग्रेस नेता पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी ने 2004 और 2009 में चुनाव लड़कर जीता था। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 2012 में हुए उपचुनाव में उनके बेटे अभिजीत मुखर्जी यहां से सांसद चुने गए। 2014 की मोदी लहर में भी अभिजीत यहां से चुनाव जीते थे। 2019 में टीएमसी के उम्मीदवार बीड़ी कारोबारी खलीलुर्रहमान यहां से विजयी हुए थे। उन्होंने भाजपा की माफूजा खातून को तीन लाख से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी थी। अभिजीत को ढाई लाख से ज्यादा वोट मिले थे पर वह तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। इस बार खलीलुर्रहमान फिर टीएमसी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने भाजपा ने संगठन से जुड़े नेता धनंजय घोष को मैदान में उतार है, जबकि कांग्रेस ने अभिजीत मुखर्जी के स्थान पर मुर्तजा हुसैन पर दांव लगाया है।

**2019 का वोट शेयर**




# एनडीए के लिए साख और राजद की नाक का सवाल

**बिहार तीसरा चरण 05 सीटें**

2019 का परिणाम

- एनडीए 05
- इंडिया गठबंधन 00

**चुनाव डेस्क**



अमृत विचार। बिहार में सात मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में पांच सीटों मधेपुरा, झंझारपुर, सुपौल, अररिया और खगड़िया में वोट डाले जाएंगे। यहां एनडीए और इंडिया गठबंधन ने प्रचार मे अपनी ताकत झोंक रखी है। इन सभी पांच सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जीत हासिल की थी। ऐसे में इस बार के चुनाव में एनडीए के सामने जहां इन सीटों पर कब्जा बनाए रखने की चुनौती है, वहीं इंडिया गठबंधन में खासतौर पर राजद जिसका पिछले लोकसभा चुनाव में खाता ही नहीं खुला था, इस बार कुछ सीटें छीनने की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है।

एनडीए में जदयू को तीसरे चरण में पांच में तीन वह सीटें मिली हैं, जिस पर उसके सांसद हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस सीटों पर अपने मौजूदा सांसदों को ही चुनाव मैदान में उतारा है। इस चरण में भाजपा और लोजपा (चिराग पासवान) ने एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारे हैं।

इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन में राजद तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। एक-एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का उम्मीदवार मैदान में है। इंडिया गठबंधन से चुनावी अभियान में अगुवा तेजस्वी यादव का साथ केवल मुकेश सहनी देते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस और वाम दलों के बड़े नेताओं के दौरे, रैली, रोड शो कुछ भी नहीं हुआ है। बिहार में राहुल गांधी की अब तक केवल एक सभा हो पाई है। इसके मुकाबले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच जनसभाएं कर चुके हैं। दो और रैलियों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गृह मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पूरी ताकत लगाए हैं। इस तरह प्रचार में इंडिया गठबंधन पीछे नजर आ रहा है। लेंकिन पांचों सीटों पर यादव और मुस्लिम समीकरण

### मधेपुरा : जनता यहां यादव सांसद ही चुनती, इस बार मुकाबला बराबरी का

मधेपुरा तीसरे चरण की सबसे चर्चित सीट है। यहां से राजद प्रमुख लालू यादव, शरद यादव और पप्पू यादव चुनाव लड़ चुके हैं। यहां यादव मतदाता ही जीत-हार तय करते आए हैं। 2019 में इस सीट पर जदयू के दिनेश चंद्र यादव जीते थे। 2014 में राजद के टिकट पर पप्पू यादव जीते थे। इस बार जदयू ने मौजूदा सांसद दिनेश चंद्र यादव पर भरोसा जता है, तो राजद ने प्रो. कुमार चंद्रदीप को मैदान में उतारा है। 1998 के बाद से इस सीट पर तीन बार जदयू और तीन बार राजद ने जीत हासिल की है। दिलचस्प बात यह है कि यहां से अभी तक यादव जाति से ही सांसद चुने गए हैं। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार पर जदयू और एक-एक पर भाजपा व राजद का विधायक है।

**2019 में पप्पू यादव को दिया नाकार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | दिनेश चंद्र यादव | 6,24,334 | 54.41 |
| राजद | शरद यादव | 3,22,807 | 28.14 |
| जेएपी | पप्पू यादव | 97,631 | 3.35 |

### झंझारपुर : बसपा की चुनौती से त्रिकोणीय संघर्ष होने के आसार

झंझारपुर में जदयू ने मौजूदा सांसद रामप्रीत मंडल को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की ओर से मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुमन कुमार महासेठ चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। सुमन महासेठ पूर्व विधान पार्षद सदस्य हैं। विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं लेकिन लोकसभा का चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। यहां मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हैं। पिछले चुनाव में जदयू के रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को हराया था। माना जाता है कि यहां की राजनीति पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के सांसद ही करते रहे हैं। 2019 में रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था। 2014 में यहां पहली बार भाजपा जीती थी।

**2019 में बहुत पीछे था राजद उम्मीदवार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | रामप्रीत मंडल | 6,02,391 | 56.80 |
| राजद | गुलाब यादव | 2,79,440 | 27.10 |

### सुपौल : अति पिछड़ा ही इस सीट पर तय करेंगे जीत और हार

सुपौल लोकसभा सीट पर सामान्य वर्ग के वोटरों का दबदबा रहता है। राजद ने अनुसूचित जाति के चंद्रहास चौपाल को यहां उम्मीदवार बनाया है, उनकी लड़ाई जदयू के दिलेश्वर कामत से है जो अति पिछड़ा समाज से आते हैं। अब दोनों उम्मीदवार में सामान्य वर्ग के वोट अपने पाले में जंग की छिड़ी है। मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। सुपौल में अति पिछड़ा वोटरों की संख्या 40 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती है, जो चुनाव में जीत-हार तय करते हैं। यहां से 2014 में कांग्रेस की रंजीत रंजन जीती थीं और 2019 में चुनाव हार गई थीं।

**2019 में अति पिछड़ा वर्ग ने दिलाई जीत**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | दिलेश्वर कामत | 5,97,377 | 53.78 |
| कांग्रेस | रंजीत रंजन | 3,30,524 | 30.00 |

**2014** में कांग्रेस की रंजीत रंजन यहां जीती थीं चुनाव

**2019** में जदयू के दिलेश्वर कामत ने दी थी रंजीत रंजन को मात

### खगड़िया : लोजपा को बाहरी उम्मीदवार उतारना पड़ सकता भारी

इंडिया गठबंधन में माकपा को खगड़िया सीट मिली है। माकपा ने यहां से संजय कुमार को उतारा है। बसपा ने डॉ. रवि कुमार पर दांव लगाया है। एनडीए में यह सीट चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को मिली है। पिछले दो चुनाव से लोजपा यहां जीत रही है। लोजपा ने राजेश वर्मा पर दांव लगाया है। राजेश वर्मा भागलपुर से आते हैं। इस कारण 'बाहरी उम्मीदवार' की चुनौती से निपटना पड़ रहा है। इस सीट से लोजपा के महबूब अली कैसर 2014 और 2019 में जीते थे। कहा जाता है कि यहां पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी परिणाम प्रभावित करते रहे हैं। यादव बड़ी संख्या में हैं, पर राजद को सिर्फ एक बार ही जीत मिली है। राजद ने लोजपा के सांसद महबूब अली कैसर को शामिल करके लोजपा को बड़ा झटका दिया है।

**2019 में मुकेश सहनी रह गए बहुत पीछे**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| लोजपा | चौ. महबूब अली | 5,10,193 | 52.8 |
| वीआईपी | मुकेश सहनी | 2,61,623 | 27.10 |

### अररिया : भाजपा सीट बचाने में जुटी राजद की राह भी नहीं आसान

- अररिया लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रदीप कुमार सिंह को फिर चुनावी मैदान में उतारा है। राजद ने शाहनवाज आलम को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के पास जहां अररिया में अपनी साख बचाने की चुनौती है, वहीं राजद की राह आसान नहीं दिख रही है। शाहनवाज पूर्व केंद्रीय मंत्री व मो. तस्लीमुद्दीन के पुत्र हैं। 2018 में तसलीमुद्दीन के निधन के बाद हुए उपचुनाव में राजद के सरफराज आलम और भाजपा-जेडीयू के प्रदीप सिंह में मुकाबला हुआ था। इसमें राजद प्रत्याशी को जीत मिली थी। लेकिन 2019 में भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप सिंह ने बाजी मारी थी। उन्होंने राजद के उम्मीदवार सरफराज आलम को करीब एक लाख 37 हजार मतों से हरा दिया था।

**2019 में राजद ने खो दी थी यह सीट**

| दल | उम्मीदवार | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | प्रदीप कुमार सिंह | 6,18,434 | 52.87 |
| राजद | सरफराज आलम | 4,81,193 | 41.14 |

# शिवसेना उद्धव को यहां मिली राकांपा से चुनौती

**चुनाव डेस्क**


उद्धव बालासाहेब ठाकरे।

**अमृत विचार**। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित उस्मानाबाद को अब धाराशिव नाम से जाना जाता है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र का नाम अभी उस्मानाबाद ही है। उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर कभी एक-दूसरे के सहयोगी रहे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित पवार के बीच मुकाबला होगा। शिवसेना (उद्धव) ने इस सीट से मौजूदा सांसद ओमप्रकाश राजेनिम्बालकर को राकांपा प्रत्याशी अर्चना पाटिल के खिलाफ मैदान में उतारा है। अर्चना पाटिल का यह पहला चुनाव है। बसपा ने संजय भागवत बाघमारे को टिकट दिया है। एआईएमआईएम से सिद्दीक इब्राहिम बाउदीवाले प्रत्याशी हैं।

उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से 1996 तक कांग्रेस का एकछत्र राज रहा। लेकिन कोई प्रत्याशी दोबारा नहीं चुना गया, कांग्रेस ने हर बार नया चेहरा दिया। 1984 से 1996 तक लगातार तीन बार कांग्रेस के टिकट से अरविंद कांबले सांसद बने। 2009 में एनसीपी के टिकट पर पद्मसिन्हा पाटील चुने गए थे। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के प्रत्याशी ओमप्रकाश भुपाल सिंह राजेनिम्बालकर को जीत मिली थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस के राणा जगजित सिंह दूसरे नंबर पर रहे थे।

उस्मानाबाद सीट पर सात मई को मतदान होगा। इस सीट के अंतर्गत उस्मानाबाद, तुलजापुर, ओमेरगा, लोहारा, कलांब, भूम, परांडा और वाशी विधानसभा सीटें आती हैं।

शिवसेना (यूबीटी) नेता के अनुसार राजेनिम्बालकर लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं को सुनकर उनका हल निकालते हैं, जिससे वह लोगों के प्रिय बन गए हैं। राजेनिम्बालकर का कहना है कि उनके पास चीनी कारखाने या कॉलेज नहीं हैं, इसलिए उनका समय पूरी तरह से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित है। पिछले चुनाव में हम (अविभाजित शिवसेना) भाजपा के साथ थे, इसलिए उन्हें लगता है कि मैं मोदी लहर के कारण जीता, लेकिन इन पांच सालों में मैंने लोगों के लिए काम किया है।

राजेनिम्बालकर के मुकाबले में उतरीं राकांपा अजित पवार की अर्चना पाटिल राकांपा से भाजपा में गए तुलजापुर के विधायक राणा जगजीतसिंह पाटिल की पत्नी हैं। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भाजपा का महायुति गठबंधन उन्हें जिताने के लिए एकजुट है।

अर्चना पाटिल का कहना है कि एक महिला यहां से चुनाव लड़ रही है और यह लोकसभा सीट देवी तुलजा भवानी का घर भी है। महायुति महिलाओं का सम्मान करती है। महिलाएं बड़ी संख्या में उनके लिए मतदान करने आएंगी




**समर्थन करें** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कोडरमा में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

## इस सीट पर दूसरे चरण में पड़ने थे वोट, बसपा प्रत्याशी के निधन से अब सात मई को तीसरे चरण में होगा मतदान
# हैंडक्रॉफ्ट की नगरी में कांग्रेस को वनवास के खात्मे का इंतजार

**बैतूल संसदीय सीट**

**दिग्विजय सिंह**

### 2019 में रामू टेकाम को मिली करारी हार

कांग्रेस ने 2019 में भी रामू टेकाम को उम्मीदवार बनाया था तब भाजपा के दुर्गा दास उइके ने उन्हें बड़े अंतर से हराया था। इस चुनाव में बसपा अशोक भलावी तीसरे नंबर में थे। हालांकि बसपा ने उनके निधन के बाद उनके बेटे अर्जुन भलावी को इस चुनाव में मैदान में उतार दिया है। अुर्जन भलावी लगातार पिता की समाजसेवा के सहारे वोट मांग रहे हैं। जबकि भाजपा मोदी की गारंटी के सहारे है तो कांग्रेस लोगों को यही बताने में जुटी है कि अगर भाजपा आई तो संविधान खत्म कर देगी। पांच गारंटी के बारे में भी लोगों को बताकर रामू टेकाम द्वारा वोट मांगने की कोशिश की जा रही है।

- भाजपा ने वर्तमान सांसद दुर्गा दास उइके पर दोबारा जताया है अपना विश्वास
- कांग्रेस से रामू टेकाम दे रहे टक्कर, बसपा ने प्रत्याशी के निधन के बाद पुत्र को उतारा

### विधान सभा चुनाव में क्लीन स्वीप नहीं कर पाई भाजपा

विधानसभा की यहां आठ सीटें हैं। भाजपा की कोशिश थी कि सभी सीटों को जीत लिया जाए, लेकिन दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीतने में कामयाब हो गए थे। विधानसभा चुनाव परिणाम पर भी गौर करें तो यहां भाजपा का पलड़ा भारी है।

**अमृत विचार**। ग्रीन सिटी के नाम से प्रसिद्ध और हैंडक्राफ्ट उत्पादों के लिए भारत में अलग पहचान रखने वाली बैतूल संसदीय सीट पर कांग्रेस 1996 से वनवास काट रही है। इस सीट से कांग्रेस के अंतिम सांसद प्रसिद्ध हाकी खिलाड़ी असलम शेर खान थे। उन्होंने 1991 में यहां राम लहर के बावजूद जीत दर्ज की थी। इसके बाद यहां के मतदाताओं को भगवा रंग ऐसा भाया कि वे कांग्रेस के हाथ के साथ जाने से परहेज करते रहे। कांग्रेस ने इस बार रामू टेकाम को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने अपने सांसद दुर्गा दास उइके पर दांव लगा दिया है। बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए अर्जुन भलावी के साथ समर में उतरी है। इस सीट पर बसपा ने पहले उनके पिता को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन नामांकन के बाद उनका निधन हो गया था। इस कारण दूसरे चरण में होने वाला मतदान चुनाव आयोग ने रोक दिया था। अब यहां तीसरे चरण में सात मई को वोट डाले जाएंगे।

1952 में जब पहला चुनाव हुआ था तब कांग्रेस के भीकूलाल चांडक जीते थे। इसके बाद पार्टी के नरेंद्र कुमार साल्वे लगातार दो बार सांसद चुने गए। जब 1977 में चुनाव हुआ तो इस सीट को जनता पार्टी ने कांग्रेस से छीन लिया। जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने यहां से मुस्लिम चेहरे के रूप में गुफरान आजम को मैदान में उतार दिया। उन्होंने न सिर्फ इस सीट को कांग्रेस की झोली में डाल दी बल्कि पार्टी अगला चुनाव जब 1984 में लड़ी तो फिर उसे यहां से जीत मिली हालांकि तब कांग्रेस का चेहरा गुफरान नहीं बल्कि असलम शेर खान थे। 1989 में जब अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर आंदोलन शुरू हुआ तो कांग्रेस के लिए इस सीट पर जीतना मुश्किल हो गया। ऐसी लहर आई की भाजपा के आरिफ बेग ने कांग्रेस के हराया। हालांकि 1991 में राम मंदिर निर्माण आंदोलन की लहर होने के बाद भी भाजपा को यह सीट गंवानी पड़ी थी। तब असलम शेर खान फिर यहां से जीते। यह कांग्रेस के लिए जीत वाला अंतिम चुनाव था। 1996 से लगातार कांग्रेस इस सीट पर हार रही है।

इस सीट पर कांग्रेस हर बार चक्रव्यूह बनाती है लेकिन भाजपा उसे भेद देती है। 1996 में भाजपा के विजय खंडेलवाल जीते थे। उन्होंने इस सीट पर 1998, 1999 और 2004 में भी भाजपा की झोली में डाला। 2008 में उप चुनाव हुआ तो हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा को जीत दिलाई। इसी साल परिसीमन बदला और यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई। फिर कांग्रेस ने तगड़ी व्यूह रचना की लेकिन उसका कोई भी दांव काम नहीं आया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-12500 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# रियल एस्टेट क्षेत्र में तीन गुना बढ़ा निवेश

## परामर्श कंपनी सीएंडडब्ल्यू के अनुसार जनवरी-मार्च में 5,743 करोड़ रुपये पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी



आवासीय रियल एस्टेट खंड में निवेश मार्च तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 5,743 करोड़ रुपये हो गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार, यह कुल रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल प्रवाह का 63 प्रतिशत है। सीएंडडब्ल्यू की बुधवार को जारी पूंजी बाजार की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही के दौरान रियल एस्टेट में निवेश बढ़कर 9,124 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान अवधि में 8,830 करोड़ रुपये था।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश में से आवासीय खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,735 करोड़ रुपये था। कार्यालय संपत्तियों में निवेश मामूली बढ़कर कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2,248 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 2,180 करोड़ रुपये था। हालांकि, मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं में निवेश मार्च तिमाही में घटकर 865 करोड़ रुपये रह गया, पिछले साल समान तिमाही में 1,645 करोड़ रुपये था। औद्योगिक और लॉजिस्टिक खंड में भी मार्च तिमाही में 268 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2,170 करोड़ रुपये था। होटल परियोजनाओं में निवेशकों ने समीक्षाधीन तिमाही में कोई रुचि नहीं दिखाई।

हालांकि पिछले साल समान तिमाही में इस खंड में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। सीएंडडब्ल्यू की मूल्यांकन, परामर्श और पूंजी बाजार खंड के प्रबंध निदेशक सोमी थॉमस ने कहा-चालू कैलेंडर की पहली तिमाही में भी रियल एस्टेट क्षेत्र में मजबूत पूंजी प्रवाह देखा गया। इसमें नए ग्राहक और निवेशकों के विश्वास के कारण आवासीय क्षेत्र का दबदबा रहा।

### मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण 11 प्रतिशत बढ़ गया

बृहन्मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में मजबूत आवास मांग के दम पर संपत्तियों का पंजीकरण अप्रैल में 11 प्रतिशत बढ़कर 11,628 इकाई हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मुंबई में अप्रैल 2023 में 10,514 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था। नाइट फ्रैंक के अनुसार-पिछले महीने 11,628 इकाइयों का पंजीकरण हुआ। मुंबई के बाजार में मकान खरीदने वालों के सकारात्मक रुख के बीच मुंबई में संपत्ति पंजीकरण 2024 में लगातार चौथे महीने 10,000 से अधिक रहा। कुल पंजीकृत संपत्तियों में से 80 प्रतिशत आवासीय इकाइयां हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा-बाजार की सकारात्मक परिस्थितियों ने राज्य के खजाने को काफी बढ़ावा दिया, जिससे अप्रैल में राजस्व संग्रह अब तक का सर्वाधिक रहा। अप्रैल में संपत्ति पंजीकरण में तेजी आई है...यह सकारात्मक गति जारी रहने की उम्मीद है, जो मजबूत आर्थिक वृद्धि व स्थिर ब्याज दरों से प्रेरित है, जिनके स्थिर रहने की उम्मीद है।

## 11 प्रतिशत बढ़ गई बिजली की खपत

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत बढ़कर 144.25 अरब यूनिट रही है। मुख्य रूप से तापमान बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2023 में बिजली की खपत 130.08 अरब यूनिट थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग भी अप्रैल, 2024 में बढ़कर 224.18 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 215.88 गीगावाट थी। बिजली मंत्रालय ने गर्मियों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग लगभग 260 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। विशेषज्ञों ने कहा कि बिजली की खपत के साथ-साथ मांग में वृद्धि मुख्य रूप से तापमान बढ़ने और इस्पात तथा बिजली जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी के कारण हुई।

# ई-वाणिज्य केंद्र नई सरकार के एजेंडे में हो सकता है शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक ने निर्यात को लेकर दी जानकारी



ऑनलाइन माध्यम से भारत के निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए देश में ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करने का मुद्दा नई सरकार के लिए वाणिज्य मंत्रालय के 100 दिन के एजेंडे में शामिल होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वाणिज्य मंत्रालय की शाखा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्त मंत्रालय सहित संबंधित मंत्रालयों के साथ ई-वाणिज्य माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदमों पर काम कर रही है क्योंकि इस क्षेत्र में निर्यात के बड़े अवसर हैं। यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंत्रालयों को नई सरकार के लिए 100 दिन की योजना तैयार करने को कहा गया है। भारत में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू हुए। मतगणना चार जून को होगी। अधिकारी ने कहा कि ये केंद्र ई-वाणिज्य माध्यमों से निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। उद्योग जगत के एक विशेषज्ञ के अनुसार, ऐसे केंद्र में निर्यात मंजूरी को सुगम बनाया जा सकता है। इसके अलावा इसमें भंडारण सुविधाएं, सीमा शुल्क मंजूरी, रिटर्न प्रोसेसिंग, लेबलिंग, टेस्टिंग और रीपैकेजिंग की भी सुविधा हो सकती है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,800 |
| चांदी पक्की | 800 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,800 |
| चांदी आभूषण | 80,700। |

## जीएंडबी, गोदरेज प्रॉपर्टीज में भूमि विकास पर जारी रहेगी साझेदारी

**कारोबार विभाजन का मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

गोदरेज समूह के संस्थापक परिवार द्वारा कारोबारी समूह के सौहार्दपूर्ण विभाजन की घोषणा के अगले दिन बुधवार को गोदरेज एंड बॉयस और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि वे मुंबई के विखरोली में भूमि विकास के लिए सहयोग जारी रखेंगी।

गोदरेज एंड बॉयस (जीएंडबी) और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने संयुक्त बयान में कहा कि जब भी मालिक भूमि विकसित करने के इच्छुक होंगे, तब समय-समय पर दोनों कंपनियां विखरोली में भूमि विकास के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को जारी रखेंगी। जीएंडबी की इकाई गोदरेज कंस्ट्रक्शन ने आवासीय विकास परियोजना गोदरेज प्लैटिनम के चार चरणों का डिजायन तैयार किया है और इनका निर्माण भी किया है। इसका निर्माण क्षेत्र 10 लाख वर्ग फुट है। इसका विपणन गोदरेज प्रॉपर्टीज ने किया है। मार्च, 2024 में गोदरेज विस्टास नाम की नई परियोजना को इसके तहत शुरू किया गया है। जीएंडबी के सीएमडी जमशेद गोदरेज ने कहा-विखरोली का भावी विकास मुंबई में एक समग्र स्थान बनाने का अनूठा अवसर पेश करता है।

## विदेशी निवेशकों ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** लगातार दो माह तक खरीदार रहने के बाद अप्रैल में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बन गए और उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मॉरीशस के साथ कर संधि में संशोधन से उपजी चिंताओं और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल लगातार बढ़ने से रुख में यह बदलाव देखने को मिला। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। लेकिन अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर ली।

# बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री रफ्तार सुस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं



देश में यात्री वाहनों की बिक्री नए वित्त वर्ष (2024-25) के पहले महीने में स्थिर रही। अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं। बिक्री पर उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण कम मांग का असर हुआ। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 1.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,38,341 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,32,468 इकाई थी।

इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, हुंदै और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली वृद्धि हुई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाददाताओं से कहा कि अप्रैल में सपाट वृद्धि पिछले साल उद्योग के उच्च तुलनात्मक आधार के कारण है। इसके अलावा चल रहे आम चुनावों का प्रभाव भी है। उन्होंने कहा-हमने इस साल बहुत ऊंचे आधार पर शुरुआत की है... अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है...चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव ख़त्म हो जाएं, तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे। मारुति सुजुकी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री अप्रैल में 1,37,952 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,37,320 इकाई थी। दूसरी ओर हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई रही, जो पिछले साल इसी माह 49,701 इकाई थी।



# कांग्रेस लिखित में गारंटी दे कि वह धर्म के आधार पर नहीं देगी आरक्षण: नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की

बनासकांठा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस और उसके गठबंधन में शामिल घटकों को लिखित में यह गारंटी देने की चुनौती दी कि वे ऐसा कभी नहीं करेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है।

लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद गुजरात में अपनी पहली चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि जब तक वह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में हैं, तब तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को नौकरियों और शिक्षा में दिए गए आरक्षण की रक्षा की जाएगी। भाजपा के दिग्गज नेता ने जोर देकर कहा-मैं कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) के साथ-साथ उनकी पार्टी और समर्थकों को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि कभी भी धर्म के नाम पर आरक्षण का दुरुपयोग नहीं करेंगे, न ही कभी संविधान के साथ खिलवाड़ करेंगे या कभी धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देंगे। उन्होंने कहा-कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लिखित में गारंटी दें कि वे धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं देंगे क्योंकि उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।



नरेंद्र मोदी गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान। ● एजेंसी

## प्रधानमंत्री बताएं आरक्षण पर 50% की सीमा हटाएंगे: रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने को कहा कि क्या वह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाएंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र इस बात की गारंटी देता है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से एक संवैधानिक संशोधन पारित किया जाएगा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं।

# हिमंत विश्व का अजमल के साथ गुप्त समझौता है : प्रियंका गांधी

धुबरी (असम), एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का एआईयूडीएफ (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) के नेता बदरुद्दीन अजमल से उसी तरह 'गुप्त समझौता' है जैसा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का तेलंगाना में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी के साथ है और इन दोनों दलों का उद्देश्य कांग्रेस को हराना है।

धुबरी जिले के बालाजान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने असम में 'माफिया राज' होने का आरोप लगाया और दावा किया कि मुख्यमंत्री शर्मा राज्य में अनेक घोटालों में शामिल हैं। उन्होंने कर्नाटक में हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोपों को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके लिए वोट मांगे और फिर उन्हें देश छोड़ने से नहीं रोका। प्रियंका कांग्रेस विधायक रकीबुल हसन के लिए प्रचार कर रही थीं।



प्रियंका गांधी पार्टी उम्मीदवार रकीबुल हुसैन के समर्थन में असम पहुंचीं।

## आवश्यक रस्मों के बिना हिंदू विवाह वैध नहीं: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि हिंदू विवाह नाचने-गाने, खाने-पीने या वाणिज्यिक लेनदेन का अवसर नहीं है और वैध रस्मों को पूरा किए बिना किसी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्यता नहीं दी जा सकती है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और पवित्र बंधन है जिसे भारतीय समाज में काफी महत्व दिया जाता है। हाल ही में पारित अपने आदेश में पीठ ने युवक-युवतियों से आग्रह किया कि वे विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले ही इसके बारे में गहराई से विचार करें क्योंकि भारतीय समाज में विवाह एक पवित्र बंधन है। पीठ ने दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों के मामले में अपने आदेश में यह टिप्पणी की।

## एक नजर

### जम्मू के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के पहाड़ी हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि दरमियानी रात को किश्तवाड़ जिले में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 .4 मापी गयी। भूकंप 30 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कम तीव्रता वाले इस भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप से अब तक किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

### डॉ. अतुल वर्मा हिमाचल के नए डीजीपी नियुक्त

**शिमला।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1992 बैच के अधिकारी डॉ. अतुल वर्मा को हिमाचल प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आईपीएस संजय कुंडू की सेवानिवृत्ति के बाद हुई है। डॉ. वर्मा, जो पहले सीआईडी, हिमाचल प्रदेश के महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे, अब जनहित में राज्य पुलिस बल के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। डॉ. वर्मा की नियुक्ति की अधिसूचना हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा बुधवार यानी एक मई को तत्काल प्रभाव से जारी कर दी गई है।

## भाजपा न तो आरक्षण हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी

कोरबा (छत्तीसगढ़), एजेंसी

- अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की जनसभा में विपक्षी दल पर लगाया झूठ बोलने का आरोप



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि भाजपा न तो अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि चार जून को वह अपनी हार का ठीकरा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर फोड़ने वाली है।

शाह कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का पोषण करती रही है। शाह ने कहा-कांग्रेस पार्टी का एक सूत्र है- झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो। वे कहते हैं कि मोदी जी को बहुमत मिलेगा तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने मेरा एक 'फर्जी वीडियो' प्रसारित किया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 10 साल से आपके आशीर्वाद से मोदी जी के पास बहुमत है। मोदी ने ना आरक्षण हटाया, ना हटाएंगे।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुमत का उपयोग अनुच्छेद 370 हटाने, राम जन्मभूमि पर मंदिर बनाने, सीएए लागू करने, तीन तलाक समाप्त करने और नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए किया। उन्होंने कहा-मैं आपको मोदी की गारंटी देने आया हूं, जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद भारत की संसद में है, एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को ना हम हटाएंगे, ना ही कांग्रेस को हटाने देंगे। भाजपा नेता ने कोरबा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी सरोज पांडेय को वोट देने की अपील की। इस सीट पर सात मई को मतदान है।

कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा-खरगे साहब! क्यों एक परिवार के लिए झूठ बोल रहे हैं? चार जून (चुनाव परिणाम) को हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटने वाला है। आपको नहीं पता ये किसी के नहीं होते।

# दिल्ली की अदालत ने की प्रवर्तन निदेशालय की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा-मजबूत नेता और एजेंसियां जिनकी रक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं, उन्हें ही बनाते हैं शिकार

दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में एक आरोपी का इलाज करने वाले डॉक्टरों के बयान दर्ज करने के लिए सख्त पीएमएलए कानून का उपयोग करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना करते हुए कहा कि इतिहास सिखाता है कि मजबूत नेता, कानून और एजेंसियां आम तौर पर जिनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं उन्हीं को पलटकर निशाना बनाते हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह टिप्पणी अमित कत्याल द्वारा दाखिल एक आवेदन पर फैसला करते हुए की, जिसमें रेलवे नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चिकित्सा आधार पर पांच फरवरी को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने 30 अप्रैल को अंतरिम जमानत के विस्तार को यह देखते हुए अस्वीकार कर दिया कि कात्याल स्पष्ट रूप से ठीक होने की राह पर हैं और जेल परिसर के भीतर निर्धारित जीवन शैली का पालन कर सकते हैं। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि कात्याल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने उन डॉक्टरों के बयान दर्ज करने में ईडी द्वारा पीएमएलए की धारा 50 के उपयोग पर आपत्ति जताई थी।

## कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों ने छोड़ी पार्टी आप के साथ गठबंधन पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** आप से गठबंधन के विरोध में कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों नीरज बसोया और नसीब सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पद से इस्तीफा दे दिया था। लवली द्वारा आप के साथ गठबंधन का हवाला देकर इस्तीफा देने और राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस उम्मीदवारों के बयानों के बाद पार्टी की दिल्ली इकाई में दरारें उजागर हुई थी। इन घटनाक्रम के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व विधायक देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्रों में नीरज बसोया और नसीब सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता परेशान हैं और आप से गठबंधन के कारण अपमानित महसूस कर रहे हैं।

# कोर्ट ने मिशेल की जमानत याचिका पर सीबीआई और ईडी का रुख पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी

**अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में नियमित जमानत का अनुरोध करने वाले कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से उनका रुख व्यक्त करने के लिए कहा है।

न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने ब्रिटिश नागरिक की जमानत याचिकाओं पर जांच एजेंसियों को नोटिस जारी किया, जिसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पण के तहत लाया गया था और बाद में कथित घोटाले में भूमिका के लिए उसे गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने 22 अप्रैल को पारित दो अलग-अलग आदेशों में सीबीआई और ईडी के वकील से तीन सप्ताह में अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा। इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। पिछले साल सात फरवरी को शीर्ष अदालत ने जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जेम्स फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। शीर्ष अदालत ने जेम्स की उस दलील को खारिज कर दिया था जिसमें कहा गया था कि उसे इस आधार पर रिहा किया जाए कि वह इस मामले में दी जाने वाली अधिकतम कारावास की सजा का आधा हिस्सा जेल में बिता चुका है। इसके पहले उच्च न्यायालय ने मार्च 2022 में सीबीआई और ईडी, दोनों से ही जुड़े मामलों में उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से जुड़ा है। सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया कि वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की आपूर्ति के लिए 8 फरवरी, 2010 को हस्ताक्षरित सौदे के कारण सरकारी खजाने को लगभग 2,666 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने अदालत के विस्तार की मांग वाली याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा जिसमें अदालत, अदालत कक्षों, वकीलों के कक्षों, पार्किंग स्थान और बुनियादी ढांचे के विस्तार का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने याचिका पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों तथा कानून एवं न्याय मंत्रालय और उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष को नोटिस जारी किया। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा दायर की गई है। इस याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्च न्यायालय के विस्तार के लिए ढांचागत जरूरतों के मद्देनजर यहां बापा नगर की पूरी जमीन का कब्जा सौंप दिया जाए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा-परेशानी यह है कि उच्च न्यायालय यहीं है। हमें अगल-बगल की भूमि की आवश्यकता होगी। हम इस पर गौर करेंगे और देखेंगे कि हम क्या कर सकते हैं। वस्तुत: आज हमारे पास कोई जमीन नहीं है। मामले मे अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। इस मामले में केंद्र का प्रतिनिधित्व स्थायी वकील अनुराग अहलूवालिया ने किया, वहीं दिल्ली उच्च न्यायालय के प्रशासन पक्ष का प्रतिनिधित्व वकील रावी बीरबल ने किया।

**आज का मुकाबला**

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# टी-20 विश्व कप के लिए बेहतर एकादश बनाने में जुटी सभी टीमें

## जेक फ्रेजर मैकगुर्क को नहीं मिली ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह

**सिडनी, एजेंसी**

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले आगामी टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को मिचेल मार्श की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। आईपीएल ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगुर्क और स्टीव स्मिथ को टीम में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने बुधवार की सुबह मिचेल मार्श को टी-20 कप्तान भी नियुक्त कर दिया है।

मार्श इससे पहले तीन टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उस वक्त वह तकरीबन 12 महीनों के लिए टीम के कार्यवाहक कप्तान थे। विश्वकप के लिए टीम के तेज गेंदबाजी क्रम में पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के अलावा टीम में युवा गेंदबाज नाथन एलिस को भी जगह दी गई है। वहीं विकेटकीपिंग में जोश इंगलस को पहली पसंद के कीपर मैथ्यू वेड के बाद रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। बल्लेबाजी क्रम में चयनकर्ताओं ने अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी टीम में हैं। मध्यक्रम में ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस और टिम डेविड का साथ शायद विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर मैथ्यू वेड देंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया कि एगर और ग्रीन को अन्य खिलाड़ियों से पहले टीम में तरजीह दी गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम में मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा शामिल हैं।

## अफगानिस्तान ने किया टीम का ऐलान

**काबुल, एजेंसी**

अफगानिस्तान ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए राशिद खान की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयनकर्ताओं ने अफगानिस्तान की टीम में केवल चार बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, नजीबुल्लाह जदरान और बैकअप विकेटकीपर मोहम्मद इशाक को शामिल किया है।

टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, नबी, गुलबदीन नईब, करीम जनत और नांगेयालिया खरोटे के रूप में छह ऑलराउंडर्स को जगह दी गई है। अफगानिस्तान की स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी मुजीब और नूर, राशिद पर होगी। इसके अलावा टीम में नबी और खरोटे भी टीम में हैं। वहीं तेज गेंदबाज के तौर पर नवीन उल हक एकमात्र दाहिने हाथ के गेंदबाज हैं। उनके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज फजलहलक फारूकी और फरीद अहमद भी टीम में हैं। नूर, जनत और इशाक के लिए यह पहला टी-20 विश्वकप होगा। इसके अलावा हजरतउल्लाह जजई भी 15 सदस्यीय टीम में नहीं हैं। उन्हें रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

## न्यूयॉर्क में फ्लोरिडा से लाई जा रही हैं 'ड्रॉप इन' पिचें

**न्यूयॉर्क।** आगामी टी20 विश्व कप के लिये फ्लोरिडा से 'ड्रॉप इन' पिचें न्यूयॉर्क लाई जा रही हैं जहां बाकी मैचों के अलावा नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच भी होना है। ये ऐसी पिच होती है, जिसे मैदान या वेन्यू से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। फ्लोरिडा में दिसंबर से दस ड्रॉप इन पिचें बनाई जा रही थी। ये पिचें एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई जा रही हैं जिसकी अगुवाई एडीलेड ओवन के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार चार पिचें नासाउ स्टेडियम में लगाई जाएंगी जबकि छह आसपास अभ्यास परिसर में लगेंगी। टूर्नामेंट के दौरान एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस टीम न्यूयॉर्क में ही रहेगी ताकि पिच के रख रखाव में मदद कर सके। टूर्नामेंट दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा।

# चेपॉक में पंजाब ने चेन्नई को किया चित

## सात विकेट से जीती पंजाब किंग्स, ऋतुराज के अर्धशतक पर बेयरस्टो और रुसो ने फेरा पानी

**चेन्नई, एजेंसी**

जॉनी बेयरस्टो (46), राइली रुसो (43) की दमदार पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को आईपीएल के 49वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हरा दिया है। पंजाब किंग्स की यह चौथी जीत और चेन्नई सुपर किंग्स की पांचवीं हार है।

पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोका और उसके बाद जॉनी बेयरस्टो और राइली रुसो ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। जॉनी बेयरस्टो ने 30गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (46) रन बनाए। वहीं राइली रुसो ने 23 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 10 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह 27 और सैम करन 26 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 17.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। चेन्नई की ओर से शार्दुल ठाकुर, रिचर्ड ग्लीसन और शिवम दूबे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



अर्धशतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते ऋतुराज।

इससे पहले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (62) और अजिंक्य रहाणे (29) की शानदार पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की ऋतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 64 रन जोड़े। हालांकि इस जोड़ी के बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। नौवें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने पहले अजिंक्य रहाणे 24 गेंदों में (29) और इसी ओवर में शिवम दूबे (शून्य) पर आउटकर पंजाब को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद रवींद्र जडेजा (2) और समीर रिजवी (21) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। मोईन अली (15), एमएस धोनी(14) रन बनाकर आउट हुये। ऋतुराज गायकवाड़ ने सर्वाधिक (62) रन बनाए। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 162 रनों का स्कोर खड़ा किया।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |




### ऋतुराज को मिली ऑरेंज कैप

ऋतुराज ने अर्धशतक जड़ने के बाद विराट कोहली से ऑरेंज कैप छीन ली। विराट का अभी तक ऑरेंज कैप पर कब्जा था। ऋतुराज ने अब तक एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पिछले 5 मैचों में 46, 67, 108*, 98 और 62 रन बनाए। शानदार फॉर्म में होने के बावजूद रुतुराज को टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली।

**चेन्नई 162/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रोसेयु बो बराड़ | 29 | 24 | 5/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो अर्शदीप | 62 | 48 | 5/2 |
| शिवम दुबे पगबाधा बराड़ | 0 | 1 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा चाहर | 2 | 4 | 0/0 |
| समीर रिजवी का हर्षल बो रबाडा | 21 | 23 | 1/0 |
| मोईन अली बो राहुल चाहर | 15 | 9 | 1/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी रन आउट | 14 | 11 | 1/1 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 4-0-23-1, अर्शदीप 4-0-52-1, कुरेन 3-0-37-0, बराड़ 4-0-17-2, राहुल चाहर 4-0-16-2, हर्षल 1-0-12-0

**पंजाब 163/3** — 17 .5 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन का गायकवाड़ बो ग्लीसन | 13 | 10 | 1/1 |
| जॉनी बेयरस्टो का धोनी बो दुबे | 46 | 30 | 7/1 |
| राइली रुसो बो शारदुल | 43 | 23 | 5/2 |
| शशंक सिंह नाबाद | 25 | 26 | 1/1 |
| सैम कुरेन नाबाद | 26 | 20 | 3/0 |

**गेंदबाजी :** चाहर 0 .2-0-4-0, शारदुल 3 .4-0-48-1, ग्लीसन 3 .5-0-30-1, मुस्ताफिजुर 4-1-22-0, जडेजा 3-0-22-0, मोईन 2-0-22-0, दुबे 1-0-14-1

**खेल डायरी**

### थॉमस कप में इंडोनेशिया से 1-4 से हारा भारत

**चेंगदू (चीन)।** गत चैंपियन भारत बुधवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया की मजबूत टीम के खिलाफ 1-4 से हार गया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाया। भारत और इंडोनेशिया दोनों पहले ही अपने शुरुआती दोनों मैच जीतकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं लेकिन इंडोनेशिया ग्रुप सी के विजेता के रूप में नॉकआउट में जाएगा। पुरुष एकल में भारत के नंबर एक खिलाड़ी एचएस प्रणय ने शुरुआती मैच में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए एंथनी गिंटिंग को 13-21, 21-12, 21-12 से हराकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। पहले पुरुष युगल मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागस मौलाना से हार गई। इंडोनेशिया की जोड़ी ने सात्विक और चिराग को हराया जिससे मुकाबला 1-1 से बराबर हो गया। लक्ष्य सेन इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पुरुष एकल विजेता जोनाथन क्रिस्टी से 18-21, 21-16, 17-21 से हार गए जिससे भारत 1-2 से पिछड़ गया।

### मुंबई पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने कहा मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया यह इस सत्र में धीमी ओवर गति संबंधित टीम का दूसरा अपराध था तो पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। बाकी सदस्यों पर छह छह लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

### महिला हॉकी लीग में हरियाणा-महाराष्ट्र जीते

**रांची।** हरियाणा ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण के दूसरे दिन बुधवार को यहां मणिपुर को 8-0 जबकि महाराष्ट्र ने मिजोरम को 3-0 से हराया। हरियाणा के लिए एकतरफा जीत में शशि खासा (49वें, 50वें और 56वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि रितिका ने दो गोल दागे। टीम के लिए पूजा (दूसरे मिनट), मंजू चौरसिया (20) और भतेरी (37) ने एक-एक गोल किया। महाराष्ट्र को भी मिजोरम के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। तनुश्री दिनेश काडू ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके महाराट्र को बढ़त दिलाई जबकि मोनिका टिर्की ने 26वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। कप्तान अश्विनी कोलेकर (50वें मिनट) ने दूसरे हाफ में गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

### सेमीफाइनल में पहुंचे चार भारतीय मुक्केबाज



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। यशवर्धन (63 .5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमश: चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। युवा वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले जाएंगे। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) बुधवार रात अपने-अपने युवा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में उतरेंगे।

**मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल**



## ये यादें साथ रहेंगी : राफेल

**मैड्रिड।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने हराया। हार के बाद नडाल ने कहा यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने कारेन खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। जिन्होंने ओंस जबाउर को हराया।

# जीत के ढर्रे पर आना चाहेगी हैदराबाद

**हैदराबाद, एजेंसी**

लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई।



पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही।

दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है । पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी और कप्तान सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में उनके पास चहल, बोल्ट का अनुभव और आवेश, संदीप का जोश है।

**बॉलीवुड हलचल**

## राजामौली ने बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का किया ऐलान



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का ऐलान कर दिया है। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप के जरिए अपने प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है। एसएस राजामौली ने अपने ऑफिशियल एक्स (ट्विटर) पर अपने आगामी प्रोजेक्ट का खुलासा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है और कैप्शन में लिखा है, जब महिष्मति के लोग उनका नाम जपते हैं, तो ब्रह्मांड की कोई भी ताकत उन्हें वापस लौटने से नहीं रोक सकती। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड, एक एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर, जल्द ही आएगा। वीडियो में टाइटल को धुएं से निकलते हुए दिखाया गया है। बैकग्राउंड में लोगों को बाहुबली के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है।

## दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी ।लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी के फैंस को इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद एक साथ दिखेंगे। बताया जा रहा है कि जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो चुकी है। कहा जा रहा है कि अक्षय और अरशद जल्द ही दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चल सकती है। बताया जा रहा है कि 2024 में फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी और 2025 में फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे सकती है।

**एमएसके प्रसाद बोले-काफी होंगे तीन तेज गेंदबाज, अमेरिका और वेस्टइंडीज में धीमी पिचों की उम्मीद**

## क्या विश्व कप की चुनौती में सफल हो पाएंगे अर्शदीप और सिराज

- **आईपीएल के इस सत्र में अब तक महंगे साबित हुए हैं दोनों की भारतीय तेज गेंदबाज**



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की टी20 विश्व कप टीम में चार स्पिनरों से पता चलता है कि भारतीय चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्पिन की अनुकूल धीमी पिचों की उम्मीद है लेकिन क्या उन्होंने 15 सदस्यीय टीम में केवल तीन तेज गेंदबाजों को चुनकर कोई गलती की है। तेज गेंदबाजी में पसंद पर भी सवाल उठे हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले तेज गेंदबाजी विभाग में सिर्फ जसप्रीत बुमराह का चयन तय था जबकि अन्य तेज गेंदबाजों को लीग में खुद को साबित करना था।

मंगलवार को चुनी गई टीम को देखते हुए चयनकर्ताओं ने सुरक्षित रुख अपनाया और एक जून से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में बुमराह का साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना। भारत के लिए सिराज ने 10 और अर्शदीप ने 44 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। इन दोनों का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन भारत के लिए उनके अतीत के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम जगह मिली है।

सिराज ने 9.50 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं जबकि अर्शदीप महंगे साबित हुए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 9.63 रन की दर से रन लुटाए हैं। अर्शदीप ने हालांकि नौ मैच में 12 विकेट चटकाए हैं। पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की राय में विश्व कप में तीन तेज गेंदबाजों को ले जाना काफी होगा और उन्हें चुने गए खिलाड़ियों से भी कोई दिक्कत नहीं है। वहां की पिचों से धीमे गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है और इसीलिए वे चार स्पिन विकल्पों के साथ जा रहे हैं। प्रसाद ने टीम को संतुलित बताया, हालांकि उन्हें लगता है कि राहुल इसमें जगह पाने के हकदार थे। बल्लेबाजी के नजरिए से यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल जैसा खिलाड़ी चूक गया है लेकिन मुझे यकीन है कि वह जोरदार वापसी करेगा।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# चुनाव के दांव-पेच सीखने भारत आए 10 देशों के दल

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया, रूस समेत 18 राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया को समझने भारत दौरे पर आए

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आए हैं। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार 10 देशों के कई राजनीतिक दल भाजपा के निमंत्रण पर एक से पांच मई तक भारत दौरे पर रहेंगे।

लोकसभा चुनाव का शुरुआती अनुभव लेने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के निमंत्रण पर 10 देशों के 18 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भारत की यात्रा पर आए हैं। इस दौरान यह लोग भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भाजपा के कई नेताओं से बातचीत करेंगे। डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल, रूस, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और वियतनाम सहित 10 देशों से आने वाले प्रतिनिधि भारतीय चुनावी प्रक्रिया के साथ-साथ भाजपा की चुनाव अभियान रणनीतियों को समझने के लिए नई दिल्ली में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की लिबरल पार्टी, वियतनाम की वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी, बांग्लादेश की अवामी लीग, इजराइल की लिकुड पार्टी, युगांडा की नेशनल रेसिस्टेंस मूवमेंट, तंजानिया की चामा चा मापिनदुजी और रूस की यूनाइटेड रशिया पार्टी उन राजनीतिक दलों में शामिल हैं।



# अमेरिकाः 300 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

न्यूयॉर्क, एजेंसी

फिलिस्तीनी समर्थक लोग अमेरिका भर के विवि में प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कैंपस में तंबू लगाकार कई दिनों से छात्र विरोध प्रदर्शन करने में जुटे हुए हैं। पुलिस बार-बार छात्रों से अपील कर रही है कि वे तत्काल कैंपस से हट जाएं। वहीं, कोलंबिया विश्वविद्यालय पर छात्रों ने कब्जा कर लिया, इसके बाद विवि ने छात्रों को निलंबित करना शुरू कर दिया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान 300 से ज्यादा छात्रों को हिरासत में लिया है। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच रात भर यूसीएलए परिसर में हिंसक झड़प हुई और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दंगा रोधी साजो-सामान के साथ पुलिस पहुंची। लोगों ने एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकीं। लाठियों से लैस कुछ लोग दूसरों को पीटते नजर आए। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हुए हैं। बता दें, अबतक एक हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

# एआई की रेस में भारतीय कंपनियां सबसे आगे

**60%** अग्रणी देशों में कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट चल रहे हैं

### किस देश की क्या है स्थिति
- भारत : 70% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट संचालित कर रही हैं।
- सिंगापुर : 57% कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट।
- अमेरिका : 53% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट से लैस हो चुकी हैं।
- जापान : 19% कंपनियां ही एआई प्रोजेक्ट पर चला रही हैं।

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने दुनिया को अग्रणी और पिछड़े देशों में विभाजित कर दिया है। डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी नेटएप की रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की रेस में भारत, सिंगापुर, ब्रिटेन और अमेरिका अग्रणी हैं। स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी पिछड़े देशों में से हैं। अग्रणी देशों में 60% कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। जबकि भारत में 70% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट संचालित कर रही हैं। पीछे रहने वाले ने देशों में 36% कंपनियों के पास ही ऐसे प्रोजेक्ट हैं नेटएप ने यह रिपोर्ट सवंता के साथ साझेदारी में की गई स्टडी से तैयार की है।*

### अपनाने में कौन आगे
- 70 फीसदी टेक्नोलॉजी
- 55 फीसदी बैंकिंग और फाइनेंशियल
- 50 फीसदी मैनुफैक्चरिंग
- 38 % हेल्थकेयर
- 25% मीडिया और एंटरटेनमेंट

- 10 देशों के 1,300 से अधिक अधिकारियों से सवाल पूछे गए। रोचक बात यह है कि भारत की 91% कंपनियों की योजना एआई प्रोजेक्ट को ट्रेन्ड करने के लिए अपना डेटा इस्तेमाल करने की है। वैश्विक स्तर 20/ भारतीय कंपनियों का 53% भारत कि वे आईटी की जगह एआई की मदद लेंगी।



### लोगों की नौकरी पर संकट
फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा नौकरी कॉल सेंटर्स में मिलती है लेकिन अगले दो साल में यह नजारा कुछ और होने वाला है। तमाम कॉल सेंटर्स में एआई का इस्तेमाल बड़े स्तर पर होने लगेगा और इंसानों की जरूरत नहीं होगी। ऐसे में अगले दो साल में यानी 2025 तक दुनियाभर में कॉल सेंटर्स के लाखों लोग बेरोजगार होंगे। उन्होंने कहा कि एआई इनकमिंग कॉल को आसानी से हैंडल कर सकते हैं और उनके जवाब दे सकते हैं। कॉल सेंटर में इंसानों की जरूरत नहीं होगी।

### कई क्षेत्रों में हो रहा एआई का इस्तेमाल
आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आज कई क्षेत्रों में हो रहा है। मोबाइल से लेकर टीवी तक में एआई का सपोर्ट मिल रहा है। एआई का इस्तेमाल तब खतरनाक हो जा रहा है जब यह इंसानों को रिप्लेस करने लग रहा है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि अगले दो साल में कॉल सेंटर्स में इंसानों की जरूरत नहीं होगी। लोगों की जगह एआई काम करेंगे।

## एक नजर

### ब्रिटेन में भारतीय मूल की लेखिका को डॉक्टरेट की उपाधि
**लंदन।** कोलकाता में जन्मी इतिहासकार-लेखिका श्राबणी बासु को साहित्य और साझा ब्रिटिश भारतीय इतिहास के अध्ययन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए लंदन विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। सर्वाधिक बिकने वाली जीवनी संबंधी पुस्तकों की लेखिका बासु ने मंगलवार को एक दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की अपनी मानद उपाधि ग्रहण की। विक्टोरिया एंड अब्दुल : द ट्रू स्टोरी ऑफ क्वीन्स क्लोजेस्ट कॉन्फिडेंट पर एक फिल्म भी बनी है जिसे ऑस्कर के लिए नामित किया गया था और उसमें डेम जूडी डेंच ने अभिनय किया था। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय की बहन प्रिंसेज रॉयल ने विवि की कुलाधिपति के तौर पर बासु को यह डिग्री प्रदान की।

### लद्दाख में चट्टान पर फंसे दो विदेशी पर्यटकों को सुरक्षित निकाला
**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के खालसी उपमंडल में खतरनाक चट्टान पर फंसे दो विदेशी पर्यटकों को बुधवार को सफलतापूर्वक बचा लिया गया। खालसी पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी निसार अली ने बताया कि महिला पर्वतरोही आयरलैंड की सुलिवन डिएड्रे और नीदरलैंड की वान डेर वीजडेन 10 हजार फुट की ऊंचाई पर फंस गईं थीं और मदद की गुहार लगाई थी। अली ने कहा कि उन्हें सूचना मिलने के बाद टीम को तत्काल नबताकला चट्टान की ओर रवाना हो गए। फंसे हुए पर्यटकों तक पहुंचने के लिए आंग और हेमिस-शुकपाचन के बीच खतरनाक रास्ते पर करीब दो घंटे तक चढ़ाई की और उन्हें सुरक्षित निकालकर खालसी पुलिस थाना लाया गया।

### एनसिल संभालेगी सभी आईआरएस एपग्रह डेटा उत्पादों की जिम्मेदारी
**बेंगलुरु।** द न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनसिल) ने कहा है कि वह सभी भारतीय दूर संवेदी उपग्रह (आईआरएस) आंकड़ों और उत्पादों का जिम्मा संभालेगी। एनसिल भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जो अंतरिक्ष विभाग के अधीन है। यह इसरो की वाणिज्यिक शाखा है, जिसकी प्राथमिक जिम्मेदारी भारतीय उद्योगों को उच्च प्रौद्योगिकी अंतरिक्ष से संबंधित गतिविधियों को शुरू करने में सक्षम बनाना है और अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़े उत्पादों के लिए भी जिम्मेदार है। एनसिल ने एक्स पर कहा एक मई से आईआरएस उपग्रह डेटा और व्यावसायिक गतिविधियां एनसिल संभालेगी।

### शहबाज के करीबी मंत्री की हत्या में शामिल दो आतंकियों को किया ढेर
**लाहौर।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल के एक वरिष्ठ सदस्य की हत्या करने की साजिश में संलिप्त तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के दो आतंकियों को पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों ने ढेर कर दिया है। पंजाब पुलिस के आंतकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान अदील उर्फ शैफुल्लाह खोरसानी और जैन उर्फ असदुल्लाह खोरसानी के तौर पर की गई है। बयान के मुताबिक दोनों आतंकवादी संघीय मंत्री रियाज हुसैन पीराजादा की हत्या की साजिश रचने के मामले में संलिप्त थे।

# भारतीय दूतावास पर हमले में शामिल 10 खालिस्तानियों पर होगी कार्रवाई

## अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित दूतावास को पिछले वर्ष बनाया था निशाना

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पिछले साल मार्च में सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए खालिस्तान समर्थकों के हमले को लेकर अब अमेरिकी सरकार एक्शन में आ गई है। अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) दूतावास हमले में शामिल 10 आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी में है।

एफबीआई के एक अधिकारी ने बताया है कि, लुकआउट नोटिस यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिकी एजेंसियां सक्रिय रूप से हमले में शामिल 10 आरोपियों को हिरासत में लेगी। अमेरिकी अधिकारियों और बाद में भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा उनसे पूछताछ, पहचान और गिरफ्तारी की तैयारी में लग जाएंगी। गौरतलब है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला 18 और 19 मार्च 2023 की मध्यरात्रि को हुआ था। जब कुछ कथित खालिस्तान समर्थकों ने अवैध रूप से वाणिज्य दूतावास में प्रवेश किया और आग लगाने का प्रयास किया। दूतावास की इमारत को क्षतिग्रस्त कर दिया और दूतावास के अधिकारियों को घायल कर दिया था। इसके अलावा 18 जून 2023 को कनाडा के सुरीं में अलगाववादी खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद 1 और 2 जुलाई 2023 की मध्यरात्रि में कुछ आरोपी फिर से वाणिज्य दूतावास में घुस गए और उसे जलाने की कोशिश की थी।

### खालिस्तानी प्रदर्शनकारी नहीं, अब इन्हें अपराधी माना जाएगा
खालिस्तानी समर्थकों के लेकर अमेरिका जांच एजेंसियों के रुख में बड़ा बदलाव आया है। एफबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका में भारतीय दूतावास पर हमले में शामिल खालिस्तानी संगठनों को अब प्रदर्शनकारी नहीं माना जाएगा, बल्कि इन्हें अपराधी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। एफबीआई कथित तौर पर ऐसे समूहों के खिलाफ आपराधिक कानूनों के अनुसार कार्रवाई की योजना बना रही है और उसने कई लोगों के नाम भी तय कर लिए हैं। इससे पहले, ऐसे खालिस्तानी समर्थक संगठनों की गतिविधियों को अमेरिका के द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में रखा जाता था।




### खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग पर लगेगी रोक
खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग को ट्रैक कर इस पर रोक लगाई जाएगी एफबीआई खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग की भी जांच कर रही है। अमेरिका ने इन संगठनों की वित्तीय सहायता को ट्रैक करने और रोकने प्रयासों को तेज कर दिया है। एफबीआई और एनआईए की जांच में यह भी पता चला कि खालिस्तानी संगठनों के कई समर्थक ऑनलाइन कट्टरपंथ से प्रभावित थे और तस्करी जैसे अपराधों में शामिल हैं। एफबीआई अधिकारियों ने एनआईए से कहा है कि खालिस्तानी अपराधियों के नाम और पासपोर्ट के अलावा बायोमेट्रिक्स भी प्रदान करें। भारतीय एजेंसियां इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस का अनुरोध करते समय आरोपी का नाम, पासपोर्ट विवरण साझा करती है। एफबीआई के मुताबिक, बायोमेट्रिक्स डेटा से अपराधियों का तलाश आसान होगी।

# तो खूंखार अपराधी भी बना लेंगे पार्टी और लड़ेंगे चुनाव : कोर्ट

**नई दिल्ली।** जेल में बंद नेताओं को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने जेल में बंद नेताओं को लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि यह अर्जी बहुत ही दुस्साहसिक और कानून के मौलिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतें नीतिगत निर्णय नहीं लेती हैं और ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेना संसद का काम है।

पीठ ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार करने की अनुमति नहीं दे सकते जो हिरासत में है। अन्यथा, सभी बलात्कारी, हत्यारे चुनाव से महज पहले राजनीतिक दल बनाने लगेंगे और चुनाव लड़ने लगेंगे। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है। कोर्ट विधि छात्र अमरजीत गुप्ता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। गुप्ता निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता की घोषणा किए जाने के बाद नेताओं, खासकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, की गिरफ्तारी के समय को लेकर आहत हैं।

# सिंध में जबरन हो रहा हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तानी संसद में उठा मुद्दा, हिंदू सांसद ने कहा-सरकार नहीं कर रही कोई कार्रवाई

पाकिस्तान की संसद में एक हिंदू सांसद ने हिंदू लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन के मुद्दे को उठाया है। हिंदू सांसद दानेश ने कहा कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। इसमें इलाके के प्रभावशाली लोग शामिल है। लेकिन पाकिस्तान सरकार इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। दानेश कुमार ने देश के संविधान और कुरान का हवाला देते हुए कहा कि ये दोनों चीजें किसी के जबरन धर्म परिवर्तन की अनुमति नहीं देती हैं। उन्होंने कहा, हिंदुओं की बेटियां कोई लूट नहीं हैं कि कोई उनका जबरन धर्म बदल दे, सिंध में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। प्रिया कुमारी को अगवा हुए दो साल हो चुके हैं। लेकिन सरकार ने इन प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। कुछ गलत लोग हमारे पाकिस्तान का नाम खराब कर रहे हैं।

### यूएन ने भी जताई थी चिंता
इससे पहले 11 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र ने भी पाकिस्तान के अल्पसंख्यक इलाकों से गायब हो रही युवतियों और महिलाओं के मामले पर चिंता जताई थी। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा था कि पाकिस्तान में ईसाई और हिंदू लड़कियों को जबरन धर्म परिवर्तन की आग में झोंका जा रहा है। अल्पसंख्यक बहुल इलाकों की लड़कियों को धर्म परिवर्तन, अपहरण, बाल विवाह और मानव तस्करी जैसे अपराधों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा था कि यह जघन्य अपराध है और इसे सहन नहीं किया जाएगा।

### जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी घुसपैठिया को मार गिराया
**सांबा/जम्मू।** सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास बीएसएफ के जवानों ने बुधवार शाम एक पाकिस्तानी घुसपैठिया को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठिया पर बीएसएफ ने उस समय गोलीबारी की जब उसने बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए सीमा पार करने की कोशिश की। घटना के बाद सीमा चौकी रीगल के पास गहन तलाशी के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को भेजा गया है।

### बर्फ हटाने में जुटे सैनिक



**चमोली :** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के पैदल यात्रा मार्ग से सैनिकों ने बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। 25 मई से शुरू हो रही यात्रा को लेकर सेना के जवान प्रतिकूल मौसम के बीच घांघरिया और लोकपाल साहिब के रास्ते से बर्फ हटाने में जुटे हुए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा मार्गों पर पैदल रास्तों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। • एजेंसी

# साइफर मामले में इमरान के विरुद्ध ठोस सबूत नहीं : हाईकोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिलने की उम्मीद है। दरअसल, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि जेल में बंद खान के पास गोपनीय दस्तावेज (साइफर) था और यह उनके पास से गायब हुआ। इमरान और तत्कालीन विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने साइफर मामले में आरोप सिद्ध होने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर मंगलवार को फिर से सुनवाई शुरू हुई। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की खंडपीठ ने सवाल किया कि क्या एजेंसी के पास कोई सबूत है, जो साबित कर सके कि पूर्व पीएम के पास गुप्त दस्तावेज थे। साल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले एक जनसभा के दौरान इमरान ने जेब से एक कागज निकालकर लहराया था और दावा किया था कि उनकी सरकार गिराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची जा रही है।

# पाकिस्तान में टैक्स न देने पर 5 लाख लोगों के सिम ब्लॉक

इस्लामाबाद, एजेंसी

- शहबाज सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को 15 मई तक रिपोर्ट दाखिल करने का दिया आदेश

पाकिस्तान में अधिकारियों ने कर न चुकाने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। इसके तहत पांच लाख से अधिक कर बकाएदारों का सिम कार्ड ब्लॉक करने का फैसला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दूरसंचार कंपनियों को सिम ब्लॉक करने और 15 मई तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया गया है।

एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि 24 लाख संभावित करदाताओं की पहचान की गई है, जो टैक्स रोल में मौजूद नहीं थे। बाद में इन व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए। सक्रिय करदाताओं की सूची के अनुसार, एक मार्च 2024 तक 42 लाख करदाताओं ने रिटर्न दाखिल किए, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान 38 लाख रिटर्न प्राप्त हुए थे। कर विभाग के अधिकारी के अनुसार, 2023 के लिए टैक्स रिटर्न दाखिल करने वाले व्यक्तियों के सिम स्वचालित रूप से बहाल हो जाएंगे। प्रत्येक सोमवार को सक्रिय करदाताओं की सूची अपडेट की जाएगी और मंगलवार को सूची में शामिल लोगों की पहचान की जाएगी और उनका सिम फिर से शुरू करने के लिए दूरसंचार कंपनियों को निर्देश भेजा जाएगा। सिम फिर से शुरू करने की कोई अलग प्रक्रिया नहीं होगी और पूरी प्रक्रिया स्वचालित रूप से पूरी हो जाएगी।

# बना रहे थे रील, रियल में चली तमंचे से गोली युवक की मौत

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में दोस्त के साथ मिलकर रील बनाते समय गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। रील बनाने के दौरान युवक के हाथ में मौजूद देशी तमंचे से गोली चल गई और उसी के सीने में लग गई। युवक यशवंत कोटा का रहने वाला था। बुधवार को यशवंत अपने दोस्त के साथ मिलकर रील बना रहा था। इसी दौरान हाथ में पकड़े देशी तमंचे का ट्रिगर दब गया और गोली चल गई।

पुलिस ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस उस समय उसके साथ मौजूद रहे दोस्त से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि उनके पास देशी तमंचा कहां से आया।

# जज को तो शनिवार-रविवार को भी अवकाश नहीं मिलता

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालतों और हाईकोर्ट के जजों की छुट्टी को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की छुट्टी को लेकर एक टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो लोग न्यायालय और न्यायाधीशों की लंबी छुट्टियों को लेकर आलोचना करते हैं, उन्हें यह नहीं पता कि न्यायाधीशों को तो शनिवार और रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती।

छुट्टी का मुद्दा तब सामने आया, जब सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के एक मामले में दलीलों के लिए गुरुवार का दिन तय किया। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 20 मई से गर्मियों की छुट्टियों पर जाने से पहले दलीलें पूरी कर ली जाएं। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई पर राज्य से पूर्व अनुमति लिए बिना जांच करने का आरोप लगाया गया है।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा, 'जो लोग यह आलोचना करते हैं कि शीर्ष अदालत और हाईकोर्ट लंबी छुट्टियां लेते हैं, उन्हें नहीं पता कि न्यायाधीश कैसे काम करते हैं।' उन्होंने केंद्र का पक्ष रखते हुए पीठ से कहा, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश रोजाना 50 से 60 मामले देखते हैं और वह छुट्टियों के हकदार हैं।

**विज्ञान** तारों की उत्पत्ति व विकास का रहस्य समझने में मील का पत्थर साबित होगी यह तस्वीर

# कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** स्याह अंधकार के बीच चमकती निहारिका की भीतरी संरचना को कैमरे में कैद करने की सफलता जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने हासिल की है। इस निहारिका का नाम हॉर्सहेड नेब्यूला है, जो हमसे 13 सौ प्रकाशवर्ष दूर है।

तारों की उत्पत्ति व विकास का रहस्य समझने के लिए यह तस्वीर मील का पत्थर साबित होगी। नासा के अनुसार यह निहारिका धूल और गैस की अशांत लहरों का विशाल समुद्र है। जिसे बरनार्ड 33 के नाम से भी जाना जाता है। इस निहारिका की तस्वीर में नई रोशनी नज़र आती है। जिससे निहारिका के एक क्षेत्र की जटिलता को आसानी से समझा जा सकता है। नई जानकारी के अनुसार यह निहारिका विभिन्न पदार्थों के ढहते अंतरतारकीय बादल से बनी है और बेहद चमकती है । साथ ही यह भी पता चलता है कि इसके आसपास के गैस के बादल समाप्त हो चुके हैं। जैसे ही प्रकाश धूल के बादल को वाष्पित करता है, धूल के कण गर्म गैस के साथ बादल से दूर चले जाते हैं।

इससे निहारिका बादलों के नेटवर्क का पता लगाया है। साथ ही धूल के अवरुद्ध होने और प्रकाश उत्सर्जन की जानकारी मिलती है। इसके अलावा नेबुला के बहुआयामी आकार को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। इतना ही नही इससे निहारिका में मौजूद सामग्री के भौतिक और रासायनिक गुणों के विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। जिस कारण यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी में यह शोध गत दिवस प्रकाशित हुआ है।



हॉर्सहेड निहारिका।

### करिश्माई है वेब टेलीस्कोप
जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप वास्तव में करिश्माई है। जिसने खगोल विज्ञान को अंतर्दृष्टि दी है। यह टेलीस्कोप अभी तक ब्रह्मांड के अनेक पदार्थों का रहस्य उजागर करने में बेहद मददगार साबित हुई है। खगोल वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस टेलीस्कोप के जरिए निकट भविष्य के ब्रह्मांड के अनेक राज उजागर हो सकेंगे।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को 27 देशों के सैन्य कमांडर एकजुट

नई दिल्ली, एजेंसी

- सम्मेलन में शामिल हुए सीडीएस सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

27 देशों के वरिष्ठ सैन्य कमांडर हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर वर्चुअल सम्मेलन में शामिल हुए। इस आयोजन में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी भाग लिया।

मंगलवार को अमेरिका की इंडो पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो समेत अन्य ने सैन्य सहयोग बढ़ाने, साझा सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग, हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही उद्देश्यों की पूर्ति संबंधी समीक्षा भी की गई।

हिंद प्रशांत महासागर का क्षेत्र अमेरिका की सामरिक रणनीति का केंद्र है और अमेरिका इस क्षेत्र में भारत के साथ व्यापक सहयोग का हिमायती है। हिंद प्रशांत महासागर में चीन का प्रभाव भी लगातार बढ़ रहा है, जिसकी वजह से अमेरिका इस क्षेत्र के देशों के साथ लगातार सहयोग बढ़ा रहा है। वर्तमान में हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में 38 देश शामिल हैं, जो दुनिया के कुल सतह क्षेत्र का 44 प्रतिशत हैं। यहीं पर दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी रहती है और आर्थिक तौर पर बात करें तो दुनिया की कुल जीडीपी में से 62 प्रतिशत हिस्सा हिंद प्रशांत क्षेत्र से ही आता है।

